सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-334 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 29 मई 2025
30 जिकाद 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# मोदी सरकार ने किसानों को दी बड़ी सौगात

# धान, कपास समेत 14 फसलों की एमएसपी बढ़ी

**मोदी कैबिनेट**

- किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन
- अब फसलों की ज्यादा कीमत मिलेगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार यानी की 28 मई 2025 को कई बड़े फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 69 रुपये बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दी है। इसमें अब 2 लाख 7 हजार करोड़ की लागत आएगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, यह बैठक किसानों के लिए काफी अहम है। उनके लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढोत्तरी की गई है। आज इसी कड़ी में खरीफ सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट की ओर से अनुमोदित किया गया है। ऐसा अनुमान है कि कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये की है। हर फसल के लिए लागत के साथ 50 प्रतिशत को ध्यान में रख कर यह फैसला लिया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि किसानों के लिए ब्याज छूट का बनाए रखने फैसला लिया गया है। इसमें कुल 15 हजार 642 करोड़ का खर्चा आएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा किसान क्रेडिट कार्ड पर 2 लाख तक का लोन 4 फीसदी ब्याज पर मिलता रहे इसकी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक केसीसी खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को काफी फायदा होने वाला है।

## चार लेन हाईवे को मिली मंजूरी

बैठक में मध्य प्रदेश के रतलाम से नागदा के बीच बनाई जाने वाली रेलवे लाइन को मंजूरी दी गई है। ये रेललाइन 4 लेन की होगी, इसकी लंबाई 41 किलोमीटर है। वहीं महाराष्ट्र के वर्धा और तेलंगाना के बल्लारशाह रेल लाइन को भी 4 लेन किए जाने का भी फैसला किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश में बडवेल-गोपावरम गांव (एनएच-67) से गुरुविंदपुडी (एनएच-16) तक 4-लेन बडवेल-नेल्लोर हाईवे के निर्माण की भी मंजूरी दी गई है। इस हाईवे की लंबाई 108.134 किलोमीटर की होगी। इसमें 3653.10 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।



मणिपुर में सरकार गठन की कवायद, अब राज्यपाल लेंगे फैसला

# राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर में नई सरकार बनाने की तैयारी

- एनडीए ने 44 विधायकों के समर्थन का किया दावा



**इंफाल।** मणिपुर में सरकार गठन की कवायदों ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। भाजपा के आठ, एनपीपी के एक और एक निर्दलीय विधायक ने राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की।

उन्होंने दावा किया कि उनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। मणिपुर में विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए बुधवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को समर्थन का औपचारिक पत्र सौंपा और मौजूदा राजनीतिक अनिश्चितता के बीच एक स्थिर शासन विकल्प प्रदान करने की अपनी तत्परता दोहराई। राज्यपाल से मिलने के बाद विधायक राधेश्याम ने कहा, हमारे पास 44 विधायकों का समर्थन है और सभी भाजपा विधायक जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। हम राज्यपाल से हमारे बहुमत पर विचार करने और त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। राज्यपाल से दावे की समीक्षा करने और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार निर्णय लेने की उम्मीद है।

# कमल हासन के कन्नड़ विरोधी टिप्पणी पर मचा बवाल

- कर्नाटक में कई जगहों पर हुए प्रदर्शन, फिल्म पर लग सकता है बैन
- बेलगावी में जलाए गए कमल हासन के पोस्टर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कन्नड़ समर्थक समूहों ने अभिनेता कमल हासन के तमिल ने कन्नड़ को जन्म दिया टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है, जबकि एक फिल्म संघ उनके आगामी रिलीज ठग लाइफ पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। यह फिल्म प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मणिरत्नम निर्देशित है। वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि कन्नड़ भाषा का एक बहुत लंबा इतिहास है और अभिनेता कमल हासन इसके बारे में अनजान हैं। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एम. नरसिम्हालु ने बुधवार को कहा कि उन्होंने कन्नड़ फिल्म उद्योग के सभी हितधारकों के साथ गुरुवार को बैठक बुलाई है ताकि हासन पर संभावित प्रतिबंध पर चर्चा की जा सके। वयोवृद्ध अभिनेता कमल हासन की टिप्पणी तमिल ने कन्नड़ को जन्म दिया उनकी आगामी फिल्म ठग लाइफ के आडियो लांच के दौरान चेन्नई में की गई थी, जो दक्षिणी राज्य में कई लोगों को पसंद नहीं आई। राज्य भाजपा अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने अभिनेता पर कन्नड़ का अपमान करने का आरोप लगाया और उनसे बिना शर्त माफी की मांग की। कई कन्नड़ संगठनों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों जैसे बेलगावी, मैसूरु, हुब्बाली और बेंगलुरु में प्रदर्शन किए।

# पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में मॉकड्रिल आज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में कल यानी गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना।

**राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर शामिल**

इटली के नेशनल डे के मौके पर इटली दूतावास के कार्यक्रम में शामिल हुए विदेश मंत्री

# भारत को रक्षा करने का अधिकार : जयशंकर

- इटली ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का किया था सपोर्ट



**रोम।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने मजबूत, ठोस और संतुलित जवाब देते हुए आतंक के अड्डों और लॉन्चपैड्स को तबाह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दुनिया के कई देशों ने मान्यता दी है। जयशंकर ने यह बात नई दिल्ली स्थित इटली के दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम इटली के राष्ट्रीय दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था।

विदेश मंत्री ने कहा, हम इटली के समर्थन और सहानुभूति के लिए आभारी हैं, जो उन्होंने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद दिखाई। उस हमले में 26 लोगों की जान गई थी। जयशंकर ने बताया कि भारत ने उस हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों के जरिए तबाह कर दिया। उन्होंने कहा, भारत को अपने नागरिकों की रक्षा करने का अधिकार है, और यह अधिकार दुनिया के कई देशों द्वारा भी स्वीकार किया गया है। हमें विश्वास है कि दुनिया अब आतंकवाद और सीमा पार आतंकवाद के प्रति बिल्कुल भी सहनशील नहीं रहेगी। जयशंकर ने कहा कि भारत और इटली के रिश्ते स्पष्ट रूप से एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच जी-20 और जी-7 जैसे मंचों पर हुई मुलाकातों से यह रिश्ता और मजबूत हुआ है। जयशंकर ने बताया कि भारत-इटली के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग भी एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने पिछले साल नवंबर में ज्वाइंट स्ट्रैटेजिक एक्शन प्लान 2025-29 अपनाया है, जिससे रिश्ते और मजबूत होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इटली में रहने वाला भारतीय प्रवासी समुदाय यूरोप में सबसे बड़ा है और उन्हें वहां विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सराहा जाता है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, भारत और इटली दोनों प्रायद्वीपीय देश हैं और समुद्री क्षेत्रों में दोनों की समान रुचि है।

# भारत में लगातार पैर पसार रहा कोरोना

- देश में कोरोना के मामले 1200 पार
- महाराष्ट्र में 66, यूपी में 10 नए केस
- अब तक कोरोना से 11 की मौत



**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। रोजाना कोविड के नए केस सामने आ रहे हैं। बुधवार सुबह तक भारत में 1200 सक्रिय मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 66 और उत्तर प्रदेश में 10 नए मामले सामने आए हैं। कोविड-19 के कारण मरने वालों की संख्या 11 हो गई है। देश में कोविड को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं, और कई राज्यों ने अस्पतालों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 मई तक के आंकड़े अपडेट किए थे, जिसमें 1010 सक्रिय मामले थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़ गई है। महाराष्ट्र में 66 नए केस दर्ज हुए, जिनमें से 31 मुंबई के हैं। मुंबई में कुल सक्रिय मामले 325 हो गए हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए मुंबई में तैयारियां शुरू हो गई हैं, और जे जे अस्पताल में 15 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में भी कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। 26 मई तक यहां 15 सक्रिय मामले थे, जो अब 10 और बढ़ गए हैं। गाजियाबाद में कोरोना के मरीजों की संख्या 14 हो गई है, जिनमें 13 मरीज होम आइसोलेशन में हैं और एक अस्पताल में भर्ती है। गाजियाबाद में एक 4 महीने का बच्चा भी कोविड पॉजिटिव पाया गया है। राज्य के अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

वाराणसी जिले में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की प्रयोगशाला के दो कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि कोविड-19 से संक्रमित दोनों व्यक्ति बीएचयू की प्रयोगशाला के कर्मचारी हैं और दोनों ने हाल ही में अन्य राज्यों की यात्रा की थी, जिससे संक्रमण की संभावना है। डॉ. चौधरी ने कहा, फिलहाल, दोनों व्यक्ति घर में ही पृथकवास में रह रहे हैं और धीरे-धीरे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।÷ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों को कोविड-19 के संदिग्ध मामलों की जांच करने का निर्देश दिया है। सीएमओ ने कहा कि संभावित मामलों से संबंधित आंकड़ों को यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस प्लेटफॉर्म (यूडीएसपी) पर रिपोर्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा संदिग्ध मामलों से एकत्र किए गए नमूनों को जांच के लिए बीएचयू की प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। गौरतलब है कि देश के कुछ हिस्सों में कोविड-19 के नए मामले सामने आ रहे हैं, इसके मद्देनजर अधिकारियों को निगरानी रखने और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# अन्ना विवि के यौन उत्पीड़न मामले में ज्ञानशेखरन दोषी करार

- दो जून को अदालत सुनाएगी फैसला

**चेन्नई।** तमिलनाडु की एक महिला अदालत ने अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के यौन उत्पीड़न के सनसनीखेज मामले में बुधवार को आरोपी बिरयानी विक्रेता ए. ज्ञानशेखरन को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष ने अदालत से दोषी के लिए ''अधिकतम सजा'' का अनुरोध किया है। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने मामले को साबित कर दिया और संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। साथ ही, अदालत ने यौन उत्पीड़न के इस मामले में ज्ञानशेखरन को उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों में दोषी पाया। दिसंबर 2024 की इस घटना ने राज्य को झकझोर कर रख दिया था। महिला अदालत की न्यायाधीश राजलक्ष्मी ने कहा कि वह दो जून को मामले में फैसला सुनाएंगी।

# भारत शांति चाहता है : शशि थरूर

## अब और आतंकी हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम आतंकवाद को हरा सकते हैं



**पनामा।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी।

आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं। थरूर ने कहा कि भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अपराधियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह केवल नियंत्रण रेखा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय सीमा को भी पार किया। थरूर ने कहा कि इससे पहले भारत ने 2016 में उरी हमले के बाद और 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था।

# सिद्धू मूसेवाला के पिता लड़ेंगे 2027 का विधानसभा चुनाव

- सिस्टम में आकर बुलंद करूंगा न्याय की आवाज
- सिद्धू मूसेवाला की बरसी से दो दिन पहले ऐलान



**चंडीगढ़।** मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने राजनीति में प्रवेश का बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने घोषणा की कि वे 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में मानसा सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह ऐलान बलकौर सिंह ने एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में किया।

उन्होंने कहा कि उनका मकसद अपने बेटे सिद्धू मूसेवाला की विरासत को आगे बढ़ाना और न्याय की लड़ाई को मजबूत करना है। बलकौर सिंह ने कहा, हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। सिस्टम के अंदर आकर ही हम न्याय की आवाज बुलंद कर सकते हैं। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, सीएम की हर बात फर्जी निकलती है। चुनाव नजदीक आते ही वे जीतने के लिए कुछ भी बोलते हैं। गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी के सीएम के दावे पर उन्होंने कहा, मुझे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी, क्योंकि उनकी हर बात फर्जी साबित होती है। वे चुनाव जीतने के लिए कुछ भी बोलते हैं। बलकौर सिंह ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया कि वे किस राजनीतिक दल से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। यह ऐलान सिद्धू मूसेवाला की बरसी से दो दिन पहले किया गया है, जिसे उनके प्रशंसकों के लिए नई उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि मई 2022 में सिद्धू मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह ने ली थी। सिद्धू मूसेवाला ने 2022 में कांग्रेस के टिकट पर मानसा से विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें आम आदमी पार्टी के विजय सिंगला से हार का सामना करना पड़ा था।

**दिशा-निर्देश** प्रधानमंत्री के दौरे से पहले सीएम योगी ने परखीं तैयारियां

# सड़के साफ-सुथरी हों, कहीं भी गंदगी न हो : योगी

- पीएम मोदी देंगे कानपुर को सौगात
- 30 मई को 21 हज़ार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे, जहां वे 30 मई 2025 शुक्रवार को दोपहर करीब 2:45 बजे कानपुर नगर में करीब 20,900 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री के कानपुर दौरे को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर नगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त उन्होंने प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के दृष्टिगत चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी जाम न लगने पाए। लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए पार्किंग स्थलों पर बेतरतीब वाहन खड़े न हों। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री जी ने 30 मई, 2025 तक जनपद में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़के साफ-सुथरी हों, कहीं भी गन्दगी न हो। सभी अधिकारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर रहकर जिम्मेदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करें। इस अभियान से जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने मेट्रो के अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि श्रमिकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं, पार्षदों व अन्य सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के लोगों को विशिष्ट अवसरों पर इवेन्ट के रूप में मेट्रो की निःशुल्क यात्रा करवाएं। इससे लोगों को यह जानकारी होगी कि मेट्रो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबसे अच्छा साधन है।



मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम से पहले जनसभा स्थल का निरीक्षण किया

## 30 मई को निकलेगी तिरंगा यात्रा

30 मई को लोग राष्ट्रीयता के भाव के साथ तिरंगा यात्रा निकालते हुए भारत के शौर्य एवं पराक्रम का गुणगान करते हुए जनसभा स्थल पर पहुंचे। इस कार्य में भी जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी तथा पुलिस आयुक्त द्वारा विभिन्न तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया।

# 06 नफर वारन्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा 06 नफर वारन्टी अभियुक्तों 01.रामदेव पुत्र मोहन रैदास उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम कुवंरापुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 8193/2023, अ0सं0 26/2023 धारा 60 आब अधि थाना मैगलगंज तारीख पेशी 10.06.2025 न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी,02.राजीव कुमार पुत्र श्यामलाल उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम बटलरगंज थाना मैगलगंज जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 8263/2023, अ0सं0 84/2023 धारा 60 आब अधि थाना मैगलगंज तारीख पेशी 31.05.2025 न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी,03.इमरान पुत्र रफीक उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम नईबस्ती खखरा थाना मैगलगंज जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 5015/2024, अ0सं0 222/2023 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना मैगलगंज तारीख पेशी 02.06.2025 न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी,04.मुनीम पुत्र बाबूराम पाण्डेय उम्र करीब 41 वर्ष निवासी ग्राम पिपरीअजीज थाना मैगलगंज सम्बन्धित मु0नं0 5714/2024, अ0सं0 120/2020 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना मैगलगंज न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी तारीख पेशी 02.06.2025,05.सुरेश पुत्र रामनरेश उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम शिवराजपुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 10/2023, अ0सं0 123/2022 धारा 2(ख)2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना मोहम्मदी न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी तारीख पेशी 03.06.2025, 06.रिंकी पत्नी गोविन्द नि0ग्राम ढाखा थाना मैगलगंज जनपद खीरी उम्र करीब 35 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 117/2021 अ0सं0 17/2020 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना मैगलगंज न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी तारीख पेशी 11.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

# घटना के तीसरे दिन नहर में उतराता हुआ शव हुआ बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सीतापुर ब्रांच नहर में घटना के तीसरे दिन बुधवार की सुबह नहर में उतराता हुआ पंकज कुमार (35) का शव बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थाना मैलानी क्षेत्र के गांव अन्नापुर ग्रंट नंबर 11 निवासी पंकज कुमार (35) पुत्र जमुना प्रसाद सोमवार की सुबह अपने भाई मनोज के साथ गन्ने के खेत में खाद बोने गया था। खेत नहर के दूसरी ओर स्थित था। काम समाप्त करने के बाद जब दोनों भाई बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी पंकज ने मनोज से कहा कि वह नहर पार कर सीधे घर पहुंचेगा जबकि मनोज दूसरी ओर से आए पंकज जैसे ही नहर में उतरा, तेज बहाव के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में बह गया। मनोज ने यह दृश्य देखा तो तुरंत शोर मचाया और गांववालों को सूचना दी। कुछ ही देर में गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस, तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू भी करा दिया गया। दो दिनों तक पीएसी और एनडीआरएफ की टीमें उसकी खोज करती रहीं। बुधवार को तीसरे दिन नहर में उतरे। नहर का पानी कम हो जाने के कारण उसका शव घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर बरामद किया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। पंकज अपने पीछे माता पिता, पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। मैलानी एसओ निराला तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया था और लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जनता ढाबे पर आधी रात के बाद पहुंचे युवकों ने ढाबा कर्मचारी से नकदी छीनने की कोशिश की

## पुलिस ने तीन नामजद व आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट की दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सीतापुर हाईवे पर स्थित जनता ढाबे पर आधी रात के बाद पहुंचे युवकों ने ढाबा कर्मचारी से नकदी छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर उसकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। धारदार हथियारों से भी हमला किया। इससे वह बेसुध हो गया। पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने तीन नामजद व आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। फुटेज के आधार पर पुलिस हमलावरों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है सदर कोतवाली के गांव तेंदुआ निवासी जगदीश प्रसाद सीतापुर रोड पर स्थित एक ढाबे पर काम करता है। वह रात करीब 11ः30 बजे से काउंटर पर बैठकर अपनी ड्यूटी कर रहा था। रात करीब 2ः00 बजे बबुआ उर्फ शिवम निवासी बहादुर, देवा निवासी राजापुर और अमित निवासी खीरी अपने सात-आठ साथियों के साथ ढाबे पर आए। सभी के पास असलहे, धारदार हथियार और लाठी-डंडे थे। आरोपी काउंटर पर आकर जबरन रुपये छीनने लगे। उसने जब विरोध किया तो जान से मारने की नियत से लाठियों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे सिर पर गंभीर चोट आ जाने से वह बेहोश होकर गिर पड़ा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्र हो गए और किसी तरह से आरोपियों से उसकी जान बचाई। पूरी घटना ढाबे में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। उसका कहना है कि आरोपी अपराधी व गिरोह बंद व्यक्ति है, जिससे उसकी जान माल का खतरा बना हुआ है। उसने आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# दो लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी नहीं हुई तो निकाह करने से किया साफ इंकार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** निकाह में दो लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी नहीं हुई तो दूल्हा पक्ष के लोगों ने निकाह करने से साफ इंकार कर दिया। इससे कन्या पक्ष के लोगों के होश उड़ गए। काफी मान मनौव्वल के बाद भी जब आरोपी पक्ष नहीं माना तो लड़की की मां ने थाना खीरी पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने होने वाले दूल्हे समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कस्बा खीरी टाउन निवासी एक महिला ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री का निकाह लखनऊ के ठाकुरगंज निवासी अब्दुल रहीम खान के साथ तय किया था। पुत्री की सगाई में 13 अक्टूबर को थी, जिसमें एक सोने की अंगूठी व 5000 रुपये उपहार स्वरूप दिए थे। ईद के बाद निकाह की तारीख तय हुई थी। उन्होंने जल्दी निकाह करने की बात कही तो होने वाले दूल्हे अब्दुल रहीम, उसकी मां गासिया व पिता, ननद मुस्कान, रेशमा ने बाइक और दो लाख रुपये की नकदी की मांग रख दी उन्होंने मांग पूरी करने से इंकार कर दिया।

# विद्युत विभाग में रिफॉर्म्स के दृष्टिगत उपकेन्द्रों पर मजिस्ट्रेट नामित

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में सरकार द्वारा किए जा रहे रिफॉर्म्स के दृष्टिगत जनपद में विद्युत आपूर्ति सुचारु बनाये रखने एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अवनीश राय ने जनपद की समस्त तहसीलों पर सम्बंधित उप जिला मजिस्ट्रेट व नगर बदायूँ में नगर मजिस्ट्रेट को उनके क्षेत्र में अवस्थित विद्युत उपकेन्द्रों पर मजिस्ट्रेट नामित किया हैं। जिलाधिकारी ने नामित मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों एवं 132 केवी व 220 केवी विद्युत उपकेंद्रों पर भ्रमणशील रहते हुए विद्युत आपूर्ति की सतत निगरानी एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएं। विद्युत वितरण खण्डों पर अन्य विभागों के अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अन्य अधिकारियों की 08-08 घण्टे की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, यह भी निर्देशित किया गया है कि विद्युत उपकेंद्रों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों के उपकेंद्रों का निरीक्षण कर शासन एवं राजस्व विभाग तथा पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

# मुठभेड़ में घायल अवस्था में दबोचा शातिर बदमाश



**सहारनपुर।** (*अवधनामा संवाददाता*) थाना नानौता पुलिस ने मुठभेड़ में चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक शातिर बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये बदमाश के कब्जे से नाजायज असलाह, बाईक व चोरी के जेवरात बरामद कर उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया। थाना नानौता प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक धीरज सिंह व अनुज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम बीती रात्रि हिमामपुर नहर पुलिया पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाईक पर सवार होकर आ रहे व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया गया, तो बाईक सवार अपने वाहन को मोड़कर वापिस भागने लगा, जिस पर पुलिस ने उसका पीछा किया, तो स्वयं को पुलिस से घिरता देख बदमाश ने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने के कारण बदमाश घायल हो गया, जिसकी पहचान युनुस पुत्र शमीम निवासी मौ.अफगानान कस्बा थाना नानौता के रूप में हुयी। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा व 2 खोखा कारतूस, एक बिना नम्बर की बाईक व चोरी के जेवरात बरामद कर लिये। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि दबोचा गया बदमाश शातिर किस्म का अभ्यस्थ अपराधी है, जिसके खिलाफ थाना नानौता पर करीब आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है।

# औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग को लेकर उद्यमियों ने सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन सहारनपुर चैप्टर के नेतृत्व में औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मण्डलायुक्त अटल कुमार राय, जिलाधिकारी मनीष बंसल व संयुक्त आयुक्त उद्योग अंजू रानी को सौंपकर औद्योगिक आस्थानों में आवंटित भूमि को लीज होल्ड व औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड किए जाने की मांग की। इससे पूर्व प्रताप मार्केट स्थित आईआईए कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास एवं प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की असीम संभावनायें हैं, जिसके लिए प्रदेश में उद्योगों का विकास तीव्र गति से होना आवश्यक है। इस विकास की गति में एक बाधक कारक प्रदेश के उद्योगों को सरकार द्वारा लीज पर दी गई भूमि है। औद्योगिक भूमि के लीज होल्ड होने से उद्यमियों को अपने उद्योग में छोटे से छोटे कार्य के लिए यूपीसीडा का अथवा उद्योग निदेशालय से अनुमति लेने के लिए चक्कर लगाने पड़ते है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने कहा कि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं प्रदेश के अन्य औद्योगिक संगठन लंबे समय से प्रदेश सरकार से मांग कर रहे है कि प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड इस शर्त के साथ कर दिया जाए कि इसका भू-उपयोग केवल औद्योगिक ही रहे व अन्य किसी प्रयोजन के लिए उपयोग न हो जब तक सरकार का इस संबंध में कोई अन्य आदेश जारी ना हो तथा जो इकाइयाँ एक निश्चित समय से उत्पादन में हैं उनको ही फ्री होल्ड किया जाए। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में



औद्योगिक विकास विभाग द्वारा विभिन्न कम्पनियों हेतु अधिग्रहित की गयी भूमि को फ्री होल्ड किये जाने सम्बन्धी नीति वर्ष 2016 में जारी कर दी गयी है जो एक हेक्टेयर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल में कार्यरत इकाइयों के लिए लागू है, जिससे सूक्ष्म और लघु उद्योग इस सुविधा से वंचित हैं। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी ने कहा कि आईआईए के साथ अन्य औद्योगिक संगठनों का मानना है कि लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने से बेहतर लाभ होंगे। वार्ता के दौरान मंडलीय अध्यक्ष राजेश सपरा, लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सहारनपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कुमार गौड़, सहारनपुर हौजरी मैन्यूफेक्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनजीत सिंह अरोडा, महासचिव धनश्याम माहेश्वरी, आईआईए से राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सडाना, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, विशेष आमंत्रित सदस्य आरके धवन, एफएसएसएआई वर्किंग ग्रुप कमेठी चेयरमैन संजय बजाज, मंडलीय सचिव गौरव चोपडा, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार जैन, मेंबरशिप ग्रोथ कमेटी चेयरमैन सतीश अरोड़ा आदि विभिन्न औद्योगिक संगठनो के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# कूलर के गोदाम में लगी आग से लाखों रूपये का माल जला



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत किशनपुरा स्थित बेदी वाली गली में संदिग्ध परिस्थितियों में कूलर के शोरूम में ऊपरी मंजिल के गोदाम में आग लगने से लाखों रूपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया। गोदाम में काम कर रहे श्रमिकों ने बामुश्किल लकड़ी की सीढ़ी के सहारे उतरकर अपनी जान बचायी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। तब जाकर आसपास के दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत किशनपुरा स्थित बेदी वाली गली में व्यापारी स.हरचरण सिंह बेदी उर्फ काला का कूलर का शोरूम है, जिसकी ऊपरी मंजिल पर उन्होंने अपना गोदाम बना रखा है। बताया जाता है कि आज अचानक लगभग 1.30 बजे करीब गोदाम में आग लग गयी। धुंआ उठता देख गोदाम में काम कर रहे श्रमिकों में अफरा तफरी मच गयी। उन्होंने गोदाम के पिछले हिस्से में बनी खिड़की से लकड़ी की सीढ़ी के सहारे नीचे उतरकर बामुश्किल अपनी जान बचायी। इस दौरान एक श्रमिक नीचे गिरकर घायल हो गया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया, तब तक गोदाम में रखा लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। उधर, आग पर काबू पाये जाने पर आसपास के दुकानदारों ने राहत की सांस ली। क्योंकि आसपास की दुकानों में आग लगने का खतरा बना हुआ था।

# अनियंत्रित जुगाड़ वाहन से कुचलकर छात्रा की मौत

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** गंगोह कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव कलालहटी में अनियंत्रित जुगाड़ की चपेट मे आने से एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना गंगोह कलालहटी निवासी आस्था पुत्री राजकुमार उपाध्याय साइकिल पर सवार होकर अपने घर से गांव में ही दुकान से समोसे लेने गई थी। इसी दौरान वह तेज रफ्तार से आ रहे जुगाड वाहन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गई। जुगाड वाहन चालक वाहन मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे लड़की के परिजन आनन फानन में उपचार हेतु उसे करनाल लेकर जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# दस राज्यों में बिक रहे निगम की गौशाला के उत्पाद

## गौमय उत्पाद तैयार करने वाली मां शाकुंभरी कान्हा गौशाला विश्व की अकेली गौशाला



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला देश की इकलौती गौशाला है जिसके उत्पादों की राजधानी दिल्ली के अलावा देश के नौ राज्यों से ऑन लाइन डिमांड आयी है। मांग के अनुसार सभी उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा चुकी है। सबसे ज्यादा डिमांग गौमूत्र से निर्मित गोनाइल (फिनाइल) की रही है। वरिष्ठ प्रभारी गौशाला/मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने बताया कि गौशाला में निर्मित उत्पादों की ऑन लाइन माध्यम से देश की राजधानी दिल्ली के अलावा केरल, ओडिसा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और असम राज्यों में बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा मांग पांच राज्यों, आसाम, केरल, आंध्र, बिहार व ओडिसा में गौमूत्र निर्मित गोनाइल की रही है। जबकि महाराष्ट्र में जैविक खाद, दिल्ली व पश्चिमी बंगाल में पूजा के लिए सम्भ्रानी कप तथा होली के अवसर पर गोमय गुलाल की मांग उत्तर प्रदेश के सीतापुर, लखनऊ से रही है। उन्होंने बताया कि निगम की गौशाला ने यह उपलब्धि गत दो महीने में अर्जित की है। गौशाला प्रभारी/निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला में फिलहाल 25 उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। इन उत्पादों में गोनाइल, जैविक खाद, गौ काष्ठ, दिए, संभ्रानी कप, धूप बत्ती, अगरबत्ती, हवन स्टिक, तोरणद्वार, राखी, नेम प्लेट, तिरंगा चेस्ट बैज, गणेश-लक्ष्मी प्रतिमा, ओइम्, स्वास्तिक, लक्ष्मी चरण, गाय-बछड़ा, गोमय प्राकृतिक पेंट, गोमय गुलाल, दूध-दही, घृत, बायो गैस आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निगम की गौशाला विश्व की अकेली ऐसी गौशाला बन गयी है जो सबसे अधिक गौ-उत्पाद बनाने के लिए 'विश्व रिकॉर्ड' से सम्मानित हो चुकी है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि कुछ और अन्य उत्पाद बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

# सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस की प्रारंभिक पहचान को लेकर किया जागरूक

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज द्वारा आज एक जन-जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य गर्दन की स्पॉन्डिलाइटिस (सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस) जैसी डीजेनेरेटिव स्थिति की प्रारंभिक पहचान के महत्व को उजागर करना था। यह सत्र मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के न्यूरो और स्पाइनल सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. अमिताभ गोयल की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिन्होंने इस रोग के शुरुआती लक्षणों और उससे बचाव व उपचार के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र के दौरान मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के न्यूरो और स्पाइनल सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. अमिताभ गोयल ने कहा कि इस सत्र का मुख्य उद्देश्य लोगों को सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस के कारणों, लक्षणों, शीघ्र पहचान और उपलब्ध उपचार विकल्पों के प्रति जागरूक करना था।

# यातायात पुलिस ने किए 12 रेहड़े व जुगाड़ वाहन सीज

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** यातायात पुलिस द्वारा महानगर में क्षमता से अधिक सामान भरकर चलने वाले रेहड़े व जुगाड़ वाहनों के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान चलाकर 12 रेहड़े व जुगाड़ वाहन सीज किए गए, जिसके चलते रेहड़े व जुगाड़ स्वामियों में हड़कम्प मचा रहा। गौरतलब है कि महानगर में रेहड़ी व जुगाड़ वाहनों द्वारा क्षमता से अधिक लादकर उन्हें बेहद खतरनाक तरीके से चलाये जाने की सूचनाएं मिल रही थी, जिसके चलते महानगर में जाम व दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना हुआ था। जिसके चलते आज पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ कुमार वर्मा के निर्देश यातायात पुलिस द्वारा महानगर के विभिन्न स्थानों पर सघन चैकिंग अभियान चलाकर 12 रेहडे व जुगाड़ सीज किए गए तथा सभी रेहड़े व जुगाड़ स्वामियों को भविष्य में इस प्रकार वाहन चलाते हुए पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी।

# युद्धस्तर पर कार्य करते हुए ढमोला नदी की करें सिल्ट सफाई



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने और राहत कार्यों के लिए समन्वित योजना बनाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में महापौर डॉ.अजय कुमार, शहर विधायक राजीव गुंबर, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी और जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। महापौर डॉ.अजय कुमार ने आपदा से बचाव के लिए संबंधित विभागों को सुझाव दिए और कहा कि नगर निगम सीमा के अंदर बाढ़ से बचाव से सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। शहर विधायक राजीव गुंबर ने ढमोला नदी की सिल्ट सफाई करने एवं बाढ़ आने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार जल्दी मानसून और बारिश के अधिक होने का पूर्वानुमान है इसलिए सभी विभाग सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि युद्धस्तर पर कार्य करते हुए ढमोला नदी की सिल्ट सफाई कार्ययोजना के अनुसार यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वाटर चौनल को गहरा किया जाए।

मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि बाढ़ चौकियों को समय से क्रियाशील कर लिया जाए। गोताखोरों को चिन्हित करते हुए उनकी सूची अपडेट की जाए। प्रत्येक बाढ़ प्रभावित ग्राम में बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन कर लिया जाए। डीएसओ ड्राई राशन खरीदने संबंधी सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई समय से की जाए। ढमोला और पांवधोई नदी के तलों की सफाई के साथ संभावित बाढ़ क्षेत्रों में नदियों के किनारे ऊंचे बनाए जाएं। उन्होंने आपदा कंट्रोल रूम को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। बाढ़ के समय प्रयोग होने वाले उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच कर लें। जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मच्छरों की रोकथाम के उपायों की व्यवस्था करें।

# राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए 16 खिलाड़ियों का हुआ चयन

## किकबॉक्सिंग चयन ट्रायल में सहारनपुर के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मेरठ के आयोजित हुए उत्तर प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग चयन ट्रायल में सहारनपुर के 33 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। चयन ट्रायल में सहारनपुर के 16 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम मे किया गया। राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए सहारनपुर के 16 खिलाड़ियों का चयन होने पर चयनित खिलाड़ियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई।

किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग चयन ट्रायल का आयोजन स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी मे 25 मई 2025 को किया गया। जिसमे सहारनपुर के किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों में हिमानी, लक्की, आरवी धीमान, गगन, आदर्श,



तेजस्वनी, शिवांशी ने प्रथम स्थान व सोनिया, वंशिका, हिमादरी सिंह, रोहन, जानवी, शोर्य धीमान, विभोर, समीर कुमार, अंशिका यादव ने अपने-अपने वर्गो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार व सचिव मनोज प्रजापति ने बताया कि चयन ट्रायल मे प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान मे आगामी आयोजित होने वाली राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया।

राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए सहारनपुर के 16 खिलाड़ियों का चयन होने पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सहारनपुर मंडल ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, उप क्रीडाधिकारी अरुणा, सहारनपुर वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव अशोक सक्सेना ने किकबॉक्सिंग खिलाडियों का भव्य स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए सहारनपुर के 16 खिलाड़ियों का चयन होने पर सहारनपुर के खिलाड़ियों ने साबित कर दिया कि किकबॉक्सिंग खेल में सहारनपुर के खिलाड़ी पीछे नही है। उन्होने चयनित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

उत्तर प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग चयन ट्रायल में सहारनपुर के किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों के द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर खिलाडियों को किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव मनोज प्रजापति, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप, कुश्ती कोच आदेश कुमार, दीपक आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को रानी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति भेंट की गई

# पिछली सरकारों में अहिल्याबाई की विचारधारा को कुचलने का काम किया था: भूपेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने जनपद प्रवास के दौरान रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रि-जन्म शताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं सांसद मुकेश राजपूत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने काली नदी पुल खुदागंज में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन किया इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह कमालगंज में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सील चंद्र वर्मा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। नारायण आश्रम में आयोजित जिला पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं सम्मान के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। उन्होंने एक महिला के रूप में न्याय प्रिय शासन देकर भारतीय समाज को एक नया संदेश दिया है। रानी अहिल्याबाई होलकर भारत के एक छोटे से राज्य मालवा की रानी थी लेकिन उनके ऐतिहासिक फैसलों ने भारतीय इतिहास में एक अमित छाप छोड़ी है। भारतीय जनता पार्टी उनके आदर्शों के रास्ते पर चलकर एक क्षमता मूलक समाज की स्थापना कर रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर जनहित के कार्य कर रहे हैं प्रदेश की कानून व्यवस्था एक नजीर बनकर पेश हुई है पिछली सरकारों में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की विचारधारा को कुचलने का काम किया था। वर्तमान की भाजपा सरकार उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरित होकर राज्य में सुशासन स्थापित कर रही है महिला सशक्तिकरण के रूप में राज्य की सरकार ने महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। समाजवादी पार्टी के शासन में पूरे प्रदेश में भय और आतंक का माहौल था। प्रदेश में योगी सरकार की अस्तित्व में आने के बाद महिलाओं की इज्जत और आबरू से खेलने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जा रही है। राज्य को विकसित बनाने के लिए सरकार निरंतर नए-नए प्रयास कर रही है। एक समृद्ध और सुरक्षित राज्य भाजपा सरकार ही दे सकती है।

### टैक्सी स्टैंण्ड की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न हुई

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** जलालपुर टैक्सी स्टैंड की नीलामी की प्रक्रिया आखिरकार छठवीं बार में नगर पालिका के सभा कक्ष मे संपन्न हो गई इस नीलामी की प्रक्रिया में पांच लोगों ने आवेदन किया था। विदित हो कि जलालपुर टैक्सी स्टैंड की नीलामी के लिए कई बार समय निश्चित की गई परंतु भिन्न-भिन्न कारणों के चलते टैक्सी स्टैंड की नीलामी 5 बार नहीं हो सकी जिसके कारण लगभग दो महीने से नीलामी न होने के चलते नगरपालिका द्वारा स्वयं के कर्मचारियों से टैक्सी स्टैंड से वसूली करवायी जा रही थी बुधवार दोपहर पुनः छठवीं बार नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें पांच लोगों ने गौरी शंकर वर्मा, जितेंद्र प्रताप सिंह, लालजी वर्मा, रंजना पांडे व मनोज कुमार ने आवेदन किया था लेकिन नीलामी प्रक्रिया में सिर्फ चार ही लोग शामिल हुए जिसमें लालजी वर्मा शामिल नहीं हुए । नीलामी की प्रक्रिया 60 लाख से शुरू हुई और 65 लाख 50 हजार की बोली समाप्त हुई सबसे अधिक बोली लगाने वाले मनोज कुमार को जलालपुर टैक्सी स्टैंड का ठेका मिल गया।

# सर्राफ डकैती कांड का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में दबोचे गए तीन बदमाश

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** सर्राफा कारोबारी नवीन ज्वैलर्स के यहां पड़ी डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रात करीब एक बजे पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में तीन बदमाशों को परैथा नहर पटरी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया, सभी के पैरों में गोली लगी है। बदमाशों के पास से डकैती में लूटा गया माल भी बरामद कर लिया गया है, साथ ही उनके पास से असलहे भी बरामद हुए हैं।

इस सफल अनावरण में कोतवाली पुलिस के अलावा कैलिया थाना पुलिस एवं एसओजी टीम की अहम भूमिका बताई जा रही है। पुलिस कप्तान डॉ. दुर्गेश कुमार और सीओ परमेश्वर प्रसाद भी रात में ही मौके पर पहुंच गए थे। रात में ही डकैती कांड का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। चेकिंग के दौरान कैलिया थाना पुलिस ने तीन संदिग्धों को एक बाइक पर आते देखा तो उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन वे पुलिस को देखकर भाग गए।

थानाध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत ने आसपास के सभी थानों को अलर्ट करने के लिए कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसके बाद रात करीब 1:10 बजे कोतवाली क्षेत्र में महंत नगर से परैथा की ओर जाने वाली नहर पटरी पर चेकिंग अभियान में लगी प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस व एसओजी तथा सर्विलांस टीम को बाइक पर सवार तीन लोग आते दिखे। पुलिस ने टॉर्च की रोशनी से उन्हें रुकने का इशारा किया तो बाइक सवारों ने मोटरसाइकिल साइकिल रोककर भागने का प्रयास किया और पुलिस पार्टी पर चार राउंड फायर कर दिए जिसमें टीम बाल-बाल बची। जबावी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर खोल दिए जिसमें बदमाश पैरों में गोली लगने से घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन तमंचे 315 बोर, पांच जिंदा और चार खोखा कारतूस, बिना नंबर की हीरो स्पलेंडर बाइक के साथ साथ ज्वैलर्स की दुकान से लूटे गए माल में दो सिंहासन व एक अंगूठी भी बरामद हुए हैं।

### साइबर सेल ने पीड़ित के बैंक खाते में कराये पैसे वापस



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** शिकायतकर्ता अंकुर शर्मा निवासी गली नं0 01 थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ जो कि जिम ट्रेनर है। जिसके पास अज्ञात नम्बर से कॉल करके अपने आप को रिश्तेदार बताकर व फर्जी टेक्स्ट मैसेज भेजकर तथा ज्यादा रूपये चले गये है की बात कहकर शिकायतकर्ता से 1,85,650/- रूपये डलवा लिये गये। जिसके बाद साइबर सेल टीम जनपद अलीगढ द्वारा शिकायतकर्ता अंकुर शर्मा निवासी गली नं0 01 थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ से घटना के सम्बध मे जानकारी प्राप्त कर शीघ्र सम्बन्धित बैक/पेमेन्ट गेट वे/मर्चेन्ट से सम्पर्क करके फ्रॉड की गयी धनराशि को रूकवाया गया व शिकायतकर्ता के खाते में सम्पूर्ण धनराशि 1,85,650/- रूपये वापस करा दिये गये है।

### शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28/05/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम जनैया सठैया, तकीपुर में दबिश दी गई। 24 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किये गए।जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद द्वारा क्षेत्र-2 कायमगंज स्थित दुकानों एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -1,3 द्वारा क्षेत्रांतर्गत दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, pos से बिक्री, online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### भारतीय कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे के आवास पर संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत की बैठक आज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुनील कुमार दुबे के आबास पर सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन मंत्री अम्बरीष कुमार शुक्ला और संचालन प्रबीन कुमार गुप्ता ने किया जिसय नेशनल प्रोग्राम हरिद्वार में दिनांक 7 व 8/6/2025 मे होने बाले कार्यक्रम में ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में किसान को लेकर चलने पर विचार बियर्स किया गया जिसमें जनपद फरुखाबाद में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गयी जिसमें मोहम्मदाबाद ब्लॉक के ग्राम बरारिक में प्रधानमंत्री मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत डामरीकरण हुआ जिसमें एक महा में ही डामर उखड़ गया उच्च अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं इसकी जांच कराई जाए और दोषियों के प्रति कार्यवाही की जा बे मोहम्मदाबाद ब्लाक के ग्राम सहसा पुर के मजरा नगलाडढा में रामनारायन राजपूत के दरवाजे पर कागजों में रास्ता तो है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है जनपद फर्रूखाबाद में मांटेसरी स्कूलों में बड़ी हुई फीस और महंगी किताबों पर अंकुश लगाया जाये ब्लाक कमालगंज मे मंण्डी समिति में पानी कीब्यबस्था नगर पालिका परिषद कमालगंज अतिशीघ्र पानी की व्यवस्था करायें

### बच्चों ने हिंदी, भोजपुरी व उर्दू में कविता लिखने व पढ़ने का हुनर सीखा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** एमए एकेडमी तुर्कमानपुर में समर कैंप का दूसरा दिन पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की मुकद्दस सीरत, कविता पाठ व लेखन के नाम रहा। कुरआन-ए-पाक की तिलावत रहमत अली ने की। नात-ए-पाक सना फातिमा ने पढ़ी। कारी मुहम्मद अनस रजवी ने बच्चों से सवाल पूछे। सही जवाब देने वाले बच्चों को विद्यालय के मैनेजर मुहम्मद आकिब अंसारी ने पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता प्रसेन ने हिंदी, उर्दू व भोजपुरी में शानदार तराना गाया। कविता व गीत की प्रस्तुति दी। बच्चों को कविता लेखन के गुर सिखाए। कविता पढ़ने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के महत्व को देखते हुए, यह आवश्यक है कि सभी को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले, खासकर लड़कियों और गरीबों को। शिक्षा जीवन के लिए आवश्यक है क्योंकि यह हमें ज्ञान, कौशल और समझ प्रदान करती है, जिससे हम बेहतर नागरिक बन सकते हैं और अपनी जिंदगी को बेहतर ढंग से जी सकते हैं। शिक्षा हमें विभिन्न विषयों के बारे में ज्ञान प्राप्त करने में मदद करती है, जिससे हम दुनिया को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार के इमाम हाफिज रहमत अली निजामी ने पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जिंदगी पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में दरूदो सलाम पढ़कर मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा परवीन, मुनव्वर अहमद, उप प्रधानाचार्या निदा फातिमा, सलमा खान, शमा खान, सोबिया खान, मुनाजिर हसन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि– साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि– | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | साप्ताहिक | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि– | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | 06 दिन | को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में | मंगलवार | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | 06 दिन | को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि– | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | साप्ताहिक | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि– | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | साप्ताहिक | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि– | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | साप्ताहिक | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि– | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि– | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि– | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | 6 दिन | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | 5 दिन | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि– | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि– | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | साप्ताहिक | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि– | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | साप्ताहिक | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि– | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि– | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि– | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि– | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## सैन्य कर्मियों ने सीखे कृषि बागवानी के गुण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रसार निदेशालय द्वारा सेना के जवानों के लिए कृषि एवं कृषि आधारित उद्यमों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ राम बटुक सिंह ने कहा कि सेना में अनुशासित जीवन तथा देश व समाज के प्रति देश भक्ति और समाजसेवा के लिए समर्पित सैन्य कर्मी सेवानिवृत होने के बाद खेती एवं किसानी के क्षेत्र में निश्चित सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सैन्य कर्मियों का आह्वान किया कि वे इस क्षेत्र में अपना स्वरोजगार चयनित करके किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा अनिल कुमार, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के डेयरी प्रक्षेत्र के प्रभारी डॉ एस पी सिंह ने कृषि की विभिन्न विद्याओं विशेषकर प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## बारह बीघा जमीन बनीं रिटायर्ड अमीन की हत्या का कारण

**पुलिस ने 72 घंटे के अंदर हत्या का किया खुलासा, मुख्य अभियुक्त सहित दो गिरफ्तार**



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बुधवार को रिटायर्ड अमीन हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। थाना तारून क्षेत्र में 12 बीघा जमीन रिटायर्ड अमीन की हत्या का कारण बन गई। मामले में पुलिस ने 72 घंटे के अंदर हत्या का खुलासा कर दिया है। मुख्य अभियुक्त कृष्णावती व उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य आरोपी कृष्णा कुमारी के बेटे अरविंद यादव व आदर्श सिंह को कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है।थाना तारुन के बारा गांव में 25 मई को सुबह ट्यूबवेल पर सो रहे कर्मराज यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी।

मृतक के पुत्र दिनेश ने अपने चचेरी भाभी कृष्णावती उसके पुत्र अरविंद यादव आलोक तिवारी व आदर्श सिंह पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने कृष्णावती व उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपी अरविंद यादव का आदर्श सिंह को भी पुलिस कस्टडी में लेकर मामले की गहनता से पूछताछ कर रही है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि कृष्णावती के ससुर से मृतक करमराज यादव ने 12 बीघे जमीन बैनामा करवा ली थी। जब कृष्णावती के ससुर की मौत हो गई तो कृष्णावती मृतक कर्मराज यादव से अपना हिस्सा मांगने लगी लेकिन कर्मराज यादव ने हिस्सा देने से मना कर दिया जिसके बाद कृष्णावती उसके पुत्र अरविंद यादव ने हत्या का प्लान बना लिया।अरविंद यादव ने अपने दो दोस्तों के साथ ट्यूबवेल पर सो रहे रिटायर्ड अमीन करमराज यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने कृष्णावती और उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि कृष्णावती की बेटी अरविंद यादव और आदर्श सिंह को भी पुलिस ने कस्टडी में लिया है जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपी से आला कत्ल भी बरामद कर लिया है।

## वीर अब्दुल हमीद वार्ड में महापौर आज जानेंगे जनसमस्याएं

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** वीर अब्दुल हमीद वार्ड (राठहवेली) में गुरुवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ भ्रमण कर सफाई, पेयजल, पार्कों, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस टीम में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार और क्षेत्रीय पार्षद सलमान हैदर भी शामिल होंगे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 29 मई को महापौर वार्ड में भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उनका यथासंभव समाधान कराएंगे। जन समस्याओं के निराकरण की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त ने सभी विभागाध्यक्ष को आवश्यक टीमें सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

सुबह आठ बजे होने वाले भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें मौजूद रहेंगी।

## भेलसर में चोर सक्रिय चोरी की घटनाओं में हो रहा इजाफा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भेलसर में चोर सक्रिय जिसके चलते चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। भेलसर चौराहे पर एक ही रात तीन पान की गुमटियों व एक सब्जी की दुकान पर चोरों ने हाथ साफ किया इस बार चोरों ने सब्जी वाले के किलो बांट को गुमटियों के ताले तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया एक गुमटी का ताला नहीं तोड़ सके जबकि दो गुमटियों में चोरी की घटना को अंजाम दिया इस प्रकार की चोरियां भेलसर चौराहे पर होना कोई खास बात नहीं है इससे पहले भी कुछ कुछ महीने के अन्तराल पर यहां ऐसी चोरी की हटनाएं आम हो चुकी है लेकिन चोर हमेशा पुलिस की पहुंच से दूर रह कर निरंतर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं इस बार यादव की गुमटी सुरक्षित रही मोहम्मद आबिद नुरुल हुदा मोहम्मद जमाल तौहीद मुख्तार चोरी की घटना का शिकार हुए हैं किसी का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ यादव और जमाल की दुकानों में इससे पहले भी चोरी की कई घटनाएं हुई जिसमे इन लोगों को बड़ा नुकसान उठना पड़ा कोयला व्यवसाई अल्ताफ अहमद की दुकान में भी इससे पहले चोरी की घटना हुई जिसमें चोरों ने गुमटी का ताला तोड़ कर बड़ा इलेक्ट्रानिक तराजू उठा ले गए तो कहीं जमाल का आलू प्याज बैटरी नगदी सिक्रेट पान मसाला भी ले जा चुके हैं अगर बेखौफ चोरों को पड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया तो भविष्य में चोरों के हौसले बुलंद होंगे और बड़ी चोरियां भी होंगी गौरतलब बात ये है की क्या रात एक बजे से तीन बजे के बीच कोई पुलिस गस्त नही होती यदि होती भी है तो सवाल है की आज तक कोई भी संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गिरफ्त में क्यू नही आय ऐसे में स्थानीय पुलिस प्रशासन पर बड़ी जिम्मेदारियां होती हैं वो अपने कर्तव्यों का निर्वाहन भी करते रहते हैं लेकिन रात में अतिरिक्त पुलिस के रूप में तैनात डायल 112 के जवानों की खड़ी गाडियां को नजर अंदाज कर चोर बड़ी मुस्तैदी से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं इस समस्या से निपटने के लिए समाज के लोगों को संदिग्धों के बारे में पुलिस को सूचना उपलब्ध करानी होगी ताकि पुलिस के द्वारा चोर को पकड़ा जा सके क्षेत्र में चोरों को पुलिस की सक्रियता और रात्रि गस्त कुछ भी नही दिखाई देती पुलिस अपने कर्तव्य का निर्वाहन कर रही है और चोर अपने जिसके चलते क्षेत्र चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा होता जा रहा है। इजाफा।।

भेलसर चौराहे पर एक ही रात तीन पान की गुमटियों व एक सब्जी की दुकान पर चोरों ने हाथ साफ किया इस बार चोरों ने सब्जी वाले के किलो बांट को गुमटियों के ताले तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया एक गुमटी का ताला नही तोड़ सके जबकि दो गुमटियों में चोरी की घटना को अंजाम दिया इस प्रकार की चोरियां भेलसर चौराहे पर होना कोई खास बात नही है इससे पहले भी कुछ कुछ महीने के अन्तराल पर यहां ऐसी चोरी की हटनाएं आम हो चुकी है लेकिन चोर हमेशा पुलिस की पहुंच से दूर रह कर निरंतर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं इस बार यादव की गुमटी सुरक्षित रही मोहम्मद आबिद नुरुल हुदा मोहम्मद जमाल तौहीद मुख्तार चोरी की घटना का शिकार हुए हैं किसी का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ यादव और जमाल की दुकानों में इससे पहले भी चोरी की कई घटनाएं हुई जिसमे इन लोगों को बड़ा नुकसान उठना पड़ा कोयला व्यवसाई अल्ताफ अहमद की दुकान में भी इससे पहले चोरी की घटना हुई जिसमें चोरों ने गुमटी का ताला तोड़ कर बड़ा इलेक्ट्रानिक तराजू उठा ले गए तो कहीं जमाल का आलू प्याज बैटरी नगदी सिक्रेट पान मसाला भी ले जा चुके हैं।

## न्याय के लिए मामला पहुंचा पिछड़ा वर्ग आयोग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में जालसाजी का चल रहा है अजब गजब खेल जिसके फर्म साझेदारी सुशील कुमार दुबे के जालसाजी के आगे केंद्र सरकार का जीएसटी विभाग भी खा रहा गच्चा। उसको अंधेरे में रखकर विद्युत विभाग लखनऊ ,विकास प्राधिकरण लखनऊ विद्युत अनुरक्षण खंड दो लोक निर्माण विभाग लखनऊ विभाग मे काम करके करोड़ों का भुगतान बिना जीएसटी दिये प्राप्त कर बड़े घोटाले को अन्जाम दिया है। इस जालसाजी की दूसरे साझीदार हृदय राम मौर्य को तब भनक लगी जब बंद फर्म प्रकाश इलेक्ट्रिक वर्क्स मलिकपुर के लाखों रुपए के जीएसटी बकाए की वसूली नोटिस मिली। इस जालसाज ने यही नहीं किया दूसरे साझीदार के राज्य पिछड़ा आयोग में किए गए शिकायत की जांच रिपोर्ट में सीओ अयोध्या के समक्ष लिखित रूप में जालसाज ने फर्म बंद होने की जानकारी न होने का सफेद झूठ लिखित रूप में साक्ष्य के रूप में दिया है जिस पर शिकायतकर्ता हृदय राम मौर्य ने फर्म बंद करने के प्रार्थना पत्र पर जालसाज के हस्ताक्षर की फोटो प्रति और फर्म बंद होने के सर्टिफिकेट अपने साक्ष्य के आधार के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया है। मामले में न्याय के लिए दूसरे साझेदारी शिकायतकर्ता ने पिछड़ा वर्ग आयोग लखनऊ का दरवाजा खटखटाया है। सूत्रों के अनुसार जालसाजी फर्म प्रकाश इलेक्ट्रिकल्स में क श्रेणी का लाइसेंस संख्या एफ जेड डी 180 को 4 जून 2018 को और जीएसटी संख्या 09 ए ए ओ एफ पी626 वन ई1जेड वाई को 31 जनवरी 2019 को निरस्त होने के बाद दूसरी फर्म इसी नाम से प्रकाश इलेक्ट्रिकल्स और दूसरी जीएसटी पर रजिस्टर्ड करा लिया था। परंतु इस पर काम नहीं किया बल्कि दूसरी बंद फर्म पर ही काम करके उपरोक्त जालसाजी को अंजाम दिया है।

## माता-पिता के आशीर्वाद से लक्ष्य प्राप्त करेंगेः प्रो. चयन कुमार मिश्रा

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बीएससी पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए फेयरवेल कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसमें छात्रों ने मनोहारी प्रस्तुति दी और सभी का मनमोह लिया। इस दौरान छात्रों ने अपने बीते पलो को साझा कर सभी भावुक किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. चयन कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि आपके प्रथम गुरु माता-पिता है। उनका सम्मान करना चाहिए। उनके आशीर्वाद से ही लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार,डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ.अश्वनी कुमार,डॉ. अमित सिंह,डॉ.संदीप रावत, डॉ. गया प्रसाद एवं डॉ. अरविंद वाजपेई मौजूद रहे।

# पांच जून को होगी राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

- **दो जून से ही होगा कार्यक्रमों का आगाज़, तैयारियां तेज**
- **मुख्यमंत्री समेत अन्य धर्माचार्यों को किया है आमंत्रित**
- **पांच जून को अभिजित मुहूर्त में होगी प्राण-प्रतिष्ठा, नहीं थमेगा दर्शन-पूजन**



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में 5 जून को राम दरबार समेत आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की घोषणा की है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन गंगा दशहरा के पावन अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11:25 से 11:40 बजे के बीच संपन्न होगा। इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं और अयोध्या एक बार फिर धार्मिक उत्साह और भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों द्वारा संपन्न किया जाएगा। यह आयोजन 3 जून से शुरू होगा, जिसमें यज्ञ मंडप पूजन और अग्नि स्थापना जैसे अनुष्ठान शामिल होंगे। 4 जून को विभिन्न अधिवास और पालकी यात्रा का आयोजन होगा, जबकि 5 जून को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न संप्रदायों के संत, धर्माचार्य, आरएसएस, विहिप और राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल होंगे। इस दौरान श्रद्धालु दर्शन-पूजन भी कर सकेंगे। आयोजन की शुरुआत 2 जून को मातृ शक्तियों द्वारा जल कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा शाम 4:00 बजे सरयू नदी के पुराने आरती स्थल से शुरू होगी और श्रृंगारहाट, हनुमानगढ़ी, और दशरथ महल होते हुए राम मंदिर के यज्ञ मंडप पर समाप्त होगी। यह जल कलश यात्रा भक्ति और एकता का प्रतीक होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होने की उम्मीद है।

पत्रकार वार्ता के दौरान महासचिव चंपत राय ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र में तुलसीदास जी की प्रतिमा स्थापित हो गई है। सभी को उनके दर्शन मिलेंगे। इसके अलावा महर्षि अगस्त्य, वाल्मीकि, विश्वामित्र समेत चारों गुरु की मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया है। देवी देवताओं की मूर्तियां जयपुर में बनी हैं। सभी बहुत वजन की हैं। इसलिए, यहां लाकर स्थापित कर दिया गया है। परकोटे में मूर्तियां स्थापित हो जाएंगी, लेकिन अब कुछ कार्य शेष है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद सिर्फ पूजा ही हो सकेगी। अभी श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकेंगे। इसी तरह से प्रथम तल पर विराजमान राजा राम के परिवार समेत दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाने पर मंथन किया जा रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले 22 जनवरी 2024 को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ था, जिसने विश्व भर में ध्यान आकर्षित किया था। इस बार राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या एक बार फिर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में अपनी महत्ता को रेखांकित करेगी।चंपत राय ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी मजबूत करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार की जा रही हैं, ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान से संपन्न हो।

अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।यह आयोजन अयोध्या को विश्व पटल पर और अधिक प्रमुखता प्रदान करेगा। राम मंदिर ट्रस्ट ने सभी भक्तों से इस पवित्र अवसर पर शामिल होने और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी भक्ति अर्पित करने का आह्वान किया।

# बकरीद पर्व को लेकर थाना सतरिख में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बुद्धवार थाना सतरिख में क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, संभ्रांत नागरिक एवं थाना सतरिख के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है। इसे मिल-जुलकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाया जाए। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्ग, नमाज के समय की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह व अराजक तत्वों की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सतरिख अमर कुमार चौरसिया समेत पुलिस बल व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

## चोरी की बाइक समेत दो शातिर चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना मसौली पुलिस ने चोरी की बाइक समेत अवैध असलाह के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि प्र0 नि0 सुधीर कुमार सिंह, उपनिरिक्षक रमेश चन्द्र, अभय गुप्ता और हेडकांस्टेबल लवकुश सिंह, मिथुन गिरि ने मुखबिर की सूचना पर डुबकी मोड़, सादामऊ के पास से दो शातिर चोर मोहम्मद सालिम पुत्र मो0 सुलेमान और मो0 जासिम पुत्र मो0 वसीम निवासीगण शहावपुर मसौली को चोरी की बाइक यूपी 41 एएन 9238 व एक अवैध देशी तमंचा एवं चाकू बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ पर शातिर ने बताया कि उक्त मोटरसाइकिल 20 दिवस पूर्व बाराबंकी शहर से चोरी किया गया था, जिसको बेचने के लिये जा रहा था तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। फिलहाल पुलिस ने दोनों शातिर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## महिला उत्पीड़न पर हो त्वरित कार्यवाहीः अंजू प्रजापति



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर त्वरित न्याय दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने बुधवार को बाराबंकी पहुंचकर डीआरडीए सभागार में जनसुनवाई की। 38 पीड़िताओं की शिकायतें सुनीं और सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अंजू प्रजापति ने कहा सरकार मिशन शक्ति अभियान के जरिए महिलाओं को सशक्त बना रही है। अधिकारी हर शिकायत को गम्भीरता से लें और महिलाओं को भटकने न दें। उन्होंने 1090 व 181 टोल फ्री हेल्पलाइन का प्रचार करने और महिलाओं को जागरूक करने पर भी ज़ोर दिया। अंजू प्रजापति ने कोतवाली जैदपुर का निरीक्षण किया। हेल्पलाइन बोर्ड न लगे होने पर तत्काल लगाने का आदेश दिया। सीएचसी जैदपुर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और अनुपस्थित कर्मचारी सोहनलाल पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बड़ी बाज़ार आंगनबाड़ी केंद्र पर निरीक्षण में कार्यकत्री अनुपस्थित पाई गईं। आहार वितरण न होने पर नाराज़गी जताई और सम्बन्धित अधिकारियों को फौरन कार्रवाई करने को कहा।

## वन्दे भारत एक्सप्रेस से युवक की कटकर मौत



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली के मजरे फुलवारी निवासी एक 28 वर्षीय युवक की बीती रात्रि वंदे भारत एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताते चले कि ग्राम पंचायत रसौली का मजरा फुलवारी लखनऊ से अयोध्या जाने वाली डबल रेलवे लाइन के किनारे स्थित है इस मजरे मे ज्यादातर दलित समाज के लोग रहते है जो शौच आदि के लिए रेलवे लाइन को पार कर जाते है बीती रात्रि फुलवारी निवासी 28 वर्षीय संदीप कपिल रेलवे लाइन पार कर शौच के लिए जा रहा था इसी दौरान वंदे भारत ट्रेन आ गयी जिसकी चपेट मे आने से संदीप बुरी तरह कट गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक संदीप के तीन बच्चे हैं। जिसमे दो बेटियां माही और रितिक तथा एक बेटा वेदांत। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## शराब पीकर उपद्रव करने वाले सात लोग गिरफ्तार

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सोनौली कस्बे के कुनसेरवा बाईपास स्थित एक शराब की दुकान के पीछे सार्वजनिक स्थल पर शराब की पार्टी कर उपद्रव करने वाले सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते सोमवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के कुनसेरवा बाईपास एक शराब की दुकान के पीछे सात युवक शराब पीकर नशे में धुत होकर उपद्रव कर रहे थे। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल अजित प्रताप सिंह ने बताया कि सात युवकों को पकड़ा गया था सभी का चालान किया गया।

## बेटी बचाओ, स्वच्छ भारत पर विद्यार्थियों की कलम ने उकेरी संवेदनशील तस्वीरें



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राजकीय हाई स्कूल मिरांई, देवा बाराबंकी में चल रहे समर कैंप के आठवें दिन की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा एवं शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मंगलाचरण के साथ की गई। इस अवसर पर बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु योगाभ्यास और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराते हुए उनके लाभ भी समझाए। इसके पश्चात चित्रकला सत्र में बच्चों ने स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, योगा, तथा स्कूल चले हम जैसे प्रेरणादायक विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता और कल्पनाशक्ति से चित्र बनाकर सामाजिक संदेश देने का प्रयास किया। इसी क्रम में विद्यालय की शिक्षिका अंजू शुक्ला द्वारा पेपर मैशे कला के अंतर्गत बच्चों को सामग्री (वेस्ट मेटेरियल) से उपयोगी वस्तुएं बनाना सिखाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पुनर्चक्रण (रिसाइकलिंग) के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। समर कैंप के विशेष सत्र में माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका आरती चौधरी ने छात्राओं को माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां दीं।

## महिलाओं की समस्याओं को लेकर किया गया जागरूक

**परसिया गाँव के पंचायत भवन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा के अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जाता है। फरेंदा ब्लॉक के भगवत नगर परसिया गाँव के पंचायत भवन पर सैकड़ों बालिकाओं और महिलाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम बीसीपीएम बबीता शर्मा और काउंसलर विनोद कुमार गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीसीपीएम बबीता शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस (वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे) हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिनमें जागरूकता अभियान, सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि है।



सोशल मीडिया पर मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। काउंसलर विनोद कुमार गुप्ता ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के अलावा स्वच्छता गीत के साथ की गई। कहा कि ज्यादातर महिलाओं को महीने में 5 दिन पीरियड से होते हैं और औसत पीरियड साइकिल 28 दिन की होती है। यही वजह है कि हर साल 28 मई को मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे मनाया जाता है। कार्यक्रम में एनम शकुंतला, आशा चंद्रप्रभा, संगीता, मुन्नी, दुर्गावती मंजू पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार राकेश पांडेय को पितृ शोक

**महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता)** पत्रकार राकेश पांडेय के 84 वर्षीय पिता राजबली पांडेय का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। सदर कोतवाली क्षेत्र लोहिया नगर निवासी पत्रकार राकेश पांडेय ने बताया कि पिता जी की तबियत कुछ दिनों से खराब चल रहा था जिसको लेकर कई चिकित्सकों से दिखाया गया था।

लेकिन तबियत बिगड़ने से बुधवार को निधन हो गया। बताते चले कि राजबली पांडेय पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक से रह चुके थे। कुशल व्यवहार के धनी होने के साथ साथ सामाजिक कार्यो से भी जुड़े रहते थे।

परिजनों ने बताया कि आगामी 8 मई को ब्रह्मभोज लोहिया नगर स्थित आवास से होगा। इस दौरान पत्रकारों ने शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## लापरवाही में एसडीएम फरेंदा हटाए गए लेखपाल निलंबित

**लेखपाल द्वारा धारा 24 के आदेश का नहीं किया जा रहा था अनुपालन**

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपद में आते ही स्पष्ट कर दिया है कि जनसमस्याओं की उपेक्षा करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में धारा 24 के आदेश का क्रियान्वयन न होने को लेकर जिलाधिकारी ने एसडीएम फरेंदा मुकेश कुमार को हटाने और प्रभारी कानूनगो फरेंदा को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। कार्रवाही के बाद राजस्व विभाग समेत सभी विभागों में हड़कंप है। तहसील फरेंदा के ग्राम मथुरानगर में धारा 24 के बाद में जारी आदेश के अनुपालन में जानबूझकर शिथिलता बरतने और जनवरी माह से पत्थर नसब की कार्यवाही को लंबित रखने पर कड़ी कार्यवाही के साथ साथ ही उन्होंने एसडीएम फरेंदा मुकेश कुमार को हटाते हुए अपर उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी को एसडीएम फरेंदा के पद पर तैनात किया है। लेखपाल उपेंद्रनाथ जो कि प्रभारी कानूनगो फरेंदा के रूप में भी कार्यरत थे। उनके द्वारा एसडीएम फरेंदा धारा 24 के आदेश के बाद भी जनवरी माह से पत्थर नसब नहीं कराया जा रहा था। प्रकरण के संज्ञान में आने पर उक्त मामले की जांच अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) द्वारा की गई। जांच में लेखपाल उपेंद्रनाथ त्रिपाठी दोषी पाए गए, जिसके बाद जिलाधिकारी द्वारा उक्त कार्यवाही की गई।

# बीईओ ने समर कैंप का किया निरीक्षण, बच्चों द्वारा की जा रही गतिविधियों में किया प्रतिभाग



**प्रतिदिन 3 घंटे परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालयों में किया जा रहा है समर कैंप का आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकासखंड के संविलियन विद्यालय भरौली कैथवलिया में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर राजेश कुमार ने किया। निरीक्षण उपरांत बच्चों द्वारा की जा रही गतिविधियों में भी प्रतिभाग किया गया। संविलियन विद्यालय भरौली कैथवरिया में बच्चों द्वारा प्रातः कालीन सभा में प्रार्थना के बाद समर कैंप की शुरुआत की गई। इसके बाद बच्चों द्वारा योगाभ्यास किया गया। कैम्प में तैनात शिक्षामित्र संजय पांडे व पूनम देवी द्वारा बच्चों को चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक ढंग से चित्रकारी की गई। जिसे खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा काफी सराहा गया। कैंप में गीत संगीत खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा करने के उद्देश्य से जीवन कौशल के विकास पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक समर कैंप का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय में अनुदेशकों एवं शिक्षामित्र की तैनाती की गई है। 21 मई से 10 जून तक समर कैंप आयोजित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों में सामाजिक चेतना खेलकूद, कला, सांस्कृतिक गतिविधियां करा कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि समर कैंप में अभिभावकों को जागरुक करते हुए नवीन नामांकन पर भी जोर दिया जा रहा है।

## पैरालीगल वालिन्टियर्स के लिए 12 जून तक करें आवेदन : शैलेन्द्र नाथ

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र के अनुक्रम में जनपद में कानूनी सहायता एवं विधिक सेवा गतिविधियों हेतु जिला स्तर पर 17 एवं तहसील स्तर पर 5-5 पैरालीगल वालिन्टियर्स जो विभिन्न क्षेत्रों से यथा अध्यापक, लेक्चरर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरकारी और प्राइवेट डॉक्टर, अन्य सरकारी कर्मचारी, विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के क्षेत्र के कार्यकर्ता स्नातक एवं विधि स्नातक तथा सामाजिक सेवाओं से जुड़े लोग, राजनीति क्षेत्र के सदस्य, सहकारी समितियों के सदस्य, ट्रेड यूनियन के सदस्य व अन्य, में से चयन किया जाना है। जिन अभ्यर्थियों को आवेदन करना है वह अपने सम्पूर्ण बायोडाटा, शैक्षिक योग्यता, जन्म प्रमाण पत्र, यदि किसी क्षेत्र में विशेष अनुभव हो तो अनुभव प्रमाण पत्र, ई-मेल आई0 डी0, व्हाट्सअप नंबर व दो फोटो सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के कार्यालय में 12 जून समय 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा करें। उक्त कुल 42 (जिला स्तर पर 17 एवं तहसील स्तर पर 5-5) पैरालीगल वालिन्टियर्स का चयन, चयन समिति द्वारा किया जायेगा, जो मान्य होगा। आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी शैलेन्द्र नाथ, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी कल

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शुक्रवार को सिद्धार्थ प्रेस क्लब के तत्वावधान में विकास भवन के सभाकक्ष में 11 बजे से वर्तमान में पत्रकारिता की चुनौतियां, दायित्व एवं समाज विषयक एक विचार संगोष्ठी आयोजित है। यह जानकारी सिद्धार्थ प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद झा ने दी। उन्होंने सभी आमंत्रित पत्रकारजनों से समय से उपस्थित होने की अपील की है।

## बीएचएनडी टीकाकरण सेन्टर का ईओ ने किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बीएचएनडी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को प्रदान करने में मदद करता है। यह समुदाय के लिए स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने में मदद करता है। इसी क्रम में बुधवार को नगर पंचायत भारत भारी अंतर्गत भरत नगर के टीकाकरण सेण्टर का अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता ने निरीक्षण किया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बीएचएनडी टीकाकरण भरत नगर में एएनएम ने ड्यूलिस्ट के आधार पर नगर के बच्चों का टीकाकरण के साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच कर जरूरी सुझाव दिया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारत भारी राजन गुप्ता ने परसा हुसैन सहित उपकेन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आश्यकता के अनुसार फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम की गोली भी वितरित करे। लोगो को टीका का महत्व बताया। महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के लिए कहा गया। तथा संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया।


## बाल विकास परियोजना अधिकारी की अध्यक्षता में हुई आंगनबाड़ी सेक्टर बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बेवा चौराहा स्थित पंचायत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित सेक्टर महुवारा हल्लौर की बैठक बेवा चौराहा स्थित पंचायत भवन में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्भय सिंह द्वारा की गई उनके द्वारा सभी कार्यकत्रियों को पोषण ट्रैकर पर फीडिंग पर करते हुए टीकाकरण दिवस पर सत्य प्रतिशत उपस्थिति अपने सामानों के साथ रहने का निर्देश दिया गया, वहीं बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर द्वारा पिछले दिनों की टीकाकरण सत्रों का फीडबैक देते हुए सभी से निवेदन किया गया है सैम मैम बच्चों, गर्भवती एवं टीकाकरण रजिस्टर सभी आंगनबाड़ी अपना पूर्ण करें, यदि क्षेत्र में कहीं होंठ कटा हुआ बच्चा क्लब फुट वाला बच्चा दिल में छेद आदि पैदा हुआ हो तो उसकी सूचना तुरंत दें जिससे उसका फ्री में इलाज एवं ऑपरेशन कराया जा सके। किसानों के बीच प्रचार प्रसार करने का निवेदन किया गया कि वह जल्द से जल्द फॉर्मर रजिस्ट्री करा लें। बैठक में मुख्य सेविका विमला पांडे ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पूजा सिंह, माला देवी, रूबी, उषा देवी, अन्नू गौतम,लक्ष्मी, मंजू मौजूद रही।

# घरुआर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद भर्ती को लेकर उठे सवाल

### गलत तरीके से नियुक्ति किये जाने का आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत घरुआर में रिक्त पड़े आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति को लेकर गम्भीर आरोप लगाया जा रहा है। घरुआर गांव निवासी शिकायतकर्ता वीरेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आईजीआरएस शिकायत संख्या 40018425004464 के माध्यम से शिकायत करते हुए बताया कि उनके ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी पद पर जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनमानी तरीके से नियुक्ति किया गया है। जिसका पेपर सही है, उसका नियुक्ति न करके जिसका पेपर गलत है, उसकी नियुक्ति किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि हमारे गांव के हल्का लेखपाल आशीष कुमार नही होने के बावजूद भी उनके द्वारा विमला देवी के नाम से कम आय दर्शा कर गलत रिपोर्ट के आधार पर शोहरतगढ़ तहसील प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी व समाधान दिवस पर किया गया है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हो रही है। उनका कहना है कि काफी दिनों से उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहा हूं। लेकिन कोई सुनने वाला नही है। न्याय नही मिलने पर अब मुझे मजबूर हो कर कोर्ट की सरण में जाना होगा। उक्त सम्बन्ध में बाल विकास परियोजना अधिकारी रविन्द्र कुमार यादव का कहना है कि चयन समिति द्वारा जिस अभ्यर्थी का प्रथम वरीयता पर चयन किया गया है। उसके अभिलेख में कोई त्रुटि नहीं है। मेरिट अंक अधिक व बीपीएल श्रेणी होने के कारण प्रथम वरीयता पर चयन किया गया है। इस प्रकार शिकायतकर्ता द्वारा किया गया शिकायत गलत व आधारहीन है।

# डीएम ने किया जिसंचि सम्बद्ध माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर द्वारा बीती रात्रि लगभग 11:30 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्बद्ध माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इमरजेन्सी वार्ड में ड्यूटी रोस्टर नहीं था जिससे मौके पर किसकी ड्यूटी है पता नहीं चल रहा था। इमरजेन्सी कक्ष में कुल 5 उपचारिका की ड्यूटी लगी थी जिसमें अनूप नर्सिंग आफिसर अनुपस्थित थे। रात्रि में डॉ आनन्द एवं डॉ साहिल जेआर की ड्यूटी थी परन्तु यह दोनों अनुपस्थित थे।

इमरजेन्सी वार्ड में निरीक्षण के दौरान बिजली कट गयी थी, 20 मिनट तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, इस हेतु कोई बैकअप भी व्यस्था नहीं था और न ही जनरेटर चालू कर विद्युत बहाल किया गया। जिलाधिकारी द्वारा एएम पैनल लगने हेतु पूर्व में ही आदेशित किया गया था, परन्तु अभी तक नहीं लगाया गया। राघवेन्द्र द्विवेदी इलेक्ट्रीशियन को 4 दिवस में व्यवस्था ठीक करने हेतु निर्देशित किया गया।

इमरजेन्सी वार्ड में लगे 3 उपचारिका एवं 2 वार्ड ब्वाय में आलोक पाण्डेय वार्ड ब्वाय अनुपस्थित थे। एक्स-रे कक्ष में ड्यूटी रोस्टर नहीं दर्शाया गया था। एक्स-रे टेक्नीशियन एवं वार्ड ब्वाय उपस्थित थे। प्लमोनरी मेडिसिन (जनरल वार्ड) में ड्यूटी रोस्टर 15 मई 2025 के बाद बदला नहीं किया गया था। ओम प्रकाश स्टाफ नर्स एवं अंकित वार्ड ब्वाय मौके पर उपस्थित नहीं थे। 4 स्टाफ नर्स उपस्थित थीं। डा0 विक्रम आदित्य जे0आर0 अनुपस्थित पाये गये। बेड नं0-9 पर भर्ती मरीज आरती के एक्स-रे में गले में धातु का माला दिख रहा है जो कार्य में लापरवाही है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को अपना स्पष्टीकरण दो दिवस में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वार्ड में एसी0 नहीं चल रहा था उपरोक्त कमियों के कारण डॉ विक्रम आदित्य का उक्त दिवस का वेतन रोकने का निर्देश दिया। पुराने भवन से एमसीएच तक प्रकाश की व्यवस्था नहीं थी जिससे मरीजो/तीमारदारों को आने-लाने में असुविधा होती है, जिसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी डॉक्टरों, कर्मचारियों व स्टाफ नर्स को निर्धारित ड्रेस व बैच लगाने का निर्देश दिया। प्रसव कक्ष में सभी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के पूरे परिसर में सीसीटीवी लगवाने एवं उससे निगरानी कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ राजेश मोहन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके चौरसिया उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी बढ़नी पर शांति कमेटी की बैठक



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी बकरीद त्यौहार को देखते हुए पुलिस चौकी बढ़नी पर आयोजित शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए चौकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि शांति व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाएं किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को तत्काल सूचित करें। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस चौकी प्रभारी बढ़नी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि आप सभी मिल जुलकर त्यौहार मनाएं। कहा कि आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करें जिससे आपसी सौहार्द बना रहे।लोगों ने कस्बे में त्यौहार के दिन सफाई कार्य व्यवस्थित कराए जाने की बात कही , जिसका संज्ञान लेते हुए तत्काल चौकी प्रभारी ने नगर पंचायत कर्मियों को सूचित किया। इस दौरान सभासद रजीउद्दीन, निजाम अहमद, मो इब्राहीम, वसीम खान, निसार अहमद, गुलाम गौस इदरीसी, पूर्व प्रधान जमील अहमद, कांग्रेसी नेता इश्तियाक अहमद, गणेश अग्रहरि, आशीष राज, हेमंत अग्रहरि, गणेश अग्रहरि, पंकज चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## युवा समाज सेवी ने जिलाधिकारी से रोड पर सांकेतिक बोर्ड व लोटन कस्बे में नाली बनाने के लिए दिया पत्र

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत विशुनपुर निवासी इरशाद खान ने लोटन कस्बे से मोहना, बर्डपुर होते हुए जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर सांकेतिक बोर्ड न होने से के कारण जिलाधिकारी राजा गणपति आर को लिखित शिकायत पत्र में कहा कि मोहना चौक से लोटन तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई भी सुरक्षा सचेतक बोर्ड, स्पीड लिमिट, चेतावनी संदेश या ट्रैफिक नियमों से संबंधित बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिससे आए दिन दुर्घटना घटित होती रहती है। पिछले कुछ दिन पहले हुई दुर्घटनाओं में बारी बारी मृत्यु हुई है। ठेकेदार द्वारा राज्य सरकार के दिशा निर्देशों का उल्लंघन लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है कुछ लोगों की मृत्यु हो गई है कुछ लोगों का हाथ पैर टूट गया है। इसके बावजूद विभाग ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। लोटन, मोहना बर्डपुर नौगढ़ मार्ग पर कई अंधे मोड़ हैं जिसके चलते ऐसे हादसे रोड़ पर आये-दिन घटना होते रहते है। इस सड़क पर अंधे मोड़ों पर कहीं संकेतकों की व्यवस्था नहीं है। लोटन कस्बे में सड़क के दोनों तरफ पटरी की भी व्यवस्था नहीं है और साथ ही लोटन कस्बे में सड़क के दोनों तरफ नाली नहीं है जिसके कारण हल्की बारिश होने पर पानी सड़क पर भर जाता है। विशुनपुर निवासी इरशाद ने सड़क पे सांकेतिक बोर्ड व सुरक्षा के इंतजाम तथा लोटन कस्बे में सड़क के दोनों तरफ नाली व पटरी बनवाने की जिलाधिकारी से मांग की है।

## महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर सर्किट हाउस सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्या श्रीमती एकता सिंह ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की। महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्या श्रीमती एकता सिंह द्वारा सुरेन्द्र सिंह थाना हर्रैया, जोखई पाण्डेय थाना परसरामपुर, रीता शुक्ला पत्नी पंकज शुक्ला थाना कप्तानगंज, वसंता देवी थाना छावनी, सुशीला देवी पत्नी बबुआ थाना छावनी, अंजली देवी थाना कोतवाली, पूर्णिमा द्विवेदी पुत्री प्रमोद द्विवेदी थाना सोनहा, अल्का पुत्री रामकेश थाना नगर, महिमा सिंह थाना रूधौली, सीमा देवी पत्नी पंचराम थाना लालगंज, लालपती पत्नी सर्वजीत थाना दुबौलिया, प्रान्शी पाठक पुत्री राम रधुवीर पाठक थाना गौर, विट्टू राव पत्नी शत्रुध्न प्रजापति थाना लालगंज, संजय कुमार पुत्र घड़ी प्रसाद थाना गीड़ा गोरखपुर, सुनीता पुत्री रामराज थाना पैकोलिया एवं करिश्मा गौतम थाना सोनहा बस्ती से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गयी।

# नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन हुई जाँच, दी गई दवाएं व चश्मा



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल का सपना स्वस्थ रहे सिद्धार्थनगर अपना के बैनर तले बुधवार को नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन जोगिया ब्लॉक के करौदा मसीना एवं रामगढ़ (सालारगढ़) मे किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जगदम्बिका पाल ने हिस्सा लिया।

एनटीपीसी लिमिटेड के सामाजिक दायित्व के अंतर्गत शिवरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शरीर का सामान्य परीक्षण, रक्त की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच, नाक, कान, गला और हड्डी की जांच हो रही है तथा सबको मुफ्त दवा और चश्मा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में 15 सदस्यों का दल पहुंच के इलाज कर रहा है और सभी लोगों का परीक्षण किया जा रहा है। शिविर में दवाओं का वितरण स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किया जा रहा है। साथ ही एनटीपीसी लिमिटेड कमजोर आंखों वाले सभी व्यक्तियों को नि:शुल्क चश्मा भी दे रहा है। मीडिया से बात करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आम आदमी को गम्भीर बीमारी का पता नही चल पाता लेकिन इस कैम्प में जांच होने पता चल जा रहा है, जिससे यही पे उनका समुचित इलाज हो जा रहा है। वही इलाज पाकर क्षेत्र की जनता पाल के प्रति जुड़ाव एवं सम्मान बढ़ता जा रहा है। इस दौरान उपस्थिति वक्तागण दीपक मौर्या, जिला उपाध्याय भाजपा, विपिन सिंह महामंत्री, फतेहबहादुर सिंह मंत्री, सचितानंद, अजय उपाध्याय, सम्पूर्णनंद, महेंद्र लोधी, अनुराग, बजरंगी, ग्राम प्रधान मसीना प्रभु यादव आदि रहे। चिकित्सक दल में डॉ राहुल रंजन, डॉ अमिताभ, डॉ प्रिंस, हिमांशु रौनियर, सुरीका, काजोल, अखिलेश, आदर्श, सिद्धार्थ, आस्था, सुभम राजपूत, हिमांशु बक्सी, स्वाति, मनीषा, सर्वेश कुमार, सीएचओ शारदा देवी, रामसिंह आदि द्वारा जाँच एवं दवा वितरण किया गया।

## 14 मई का शासनादेश निरस्त नही हुआ तो होगा आंदोलन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति



की बैठक में 14 मई का शासनादेश निरस्त करने की मांग की है। बुधवार को नलकूप खण्ड कार्यालय पर सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय की अध्यक्षता में हुईं बैठक में तूफानी प्रसाद, आलोक सिंह, दिनेश कुमार, रंजनेश दूबे, सन्तोष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। 28 मई दिन बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अन्तर्गत नलकूप खंड कार्यालय पर गेट मीटिंग किया गया। जिसमें प्रमुख बिंदु 14 मई के शासनादेश को पूर्णतया निरस्त करने का रहा। जिसके समर्थन में सभी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा तृतीय चरण के आंदोलन का तीसरा चरण 4 जून को एक दिवसीय धरना करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करने का निर्णय प्रांतीय नेतृत्व द्वारा लिया गया है। जिसको सफल बनाने के लिए जनपद के समस्त नलकूप चालक, सींचपाल, उपस्थित हो कर 14 मई के शासनादेश को पूर्णतया समाप्त करने के मांग को मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन के माध्यम से अपने मांग के समर्थन एक दिवसीय धरना नलकूप खंड कार्यालय पर कर के रैली के माध्यम से जिलाधिकारी के कार्यालय पर जा कर ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

## इमाम मोहम्मद तकी अस की शहादत पर मजलिस

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शिया समुदाय के नौवें इमाम



मोहम्मद तकी अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस को लेकर बुधवार को शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर की जामा मस्जिद में मरसिया मजलिस आयोजित की गई। नौहा मातम का सिलसिला पूरे दिन भर चलता रहा। अकीदतमंदों ने शोक मनाकर इमाम मोहम्मद तकी अलैहिस्सलाम को खेराजे अक़ीक़द पेश किया। हजरत इमाम मोहम्मद तकी अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस को लेकर बुधवार की दोपहर सबसे पहले जामा मस्जिद में मरसिया मजलिस हुई। जिसमें मरसियाख्वानी हैदरे कर्रार और उनके सहयोगियों ने की। जिसके बाद मजलिस को जाकिरे अहलेबैत जनाब जमाल हैदर करबलाई ने संबोधित कर इमाम मोहम्मद तकी की शहादत को विस्तार से बयान किया। जिसको सुनकर मजलिस में मौजूद सभी अजादार रो पड़े। जामा मस्जिद के बाद कस्बे के अन्य जगहों पर भी मजलिस का सिलसिला चलता रहा। मजलिस के दौरान अब्बास अली, अलमदार हुसैन, शम्स हैदर मास्टर, जमाल हैदर, शब्बीर मास्टर, रिजवान अहमद, मीसम, गुड्डे, आले रज़ा, मौलाना नेहाल, कामयाब, मंजू रिज़वी, पप्पू अंकल, एजाज मल्ले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के 3 नफर वांछित गिरफ्तार

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक ढ़ेबरूआ गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना ढ़ेबरुआ पुलिस द्वारा बुधवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 55/2025 धारा 115(2), 352, 351(3) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों को ग्राम सिंसवा उर्फ शिवभारी से गिरफ्तार कर धारा 109(a) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय भेजा गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों में अर्जुन मौर्या पुत्र रामसेवक मौर्या, रामबृक्ष मौर्या पुत्र चिनकू मौर्या एवं प्रदीप उर्फ जगतराम मौर्या पुत्र चिनकू मौर्या निवासी सिसवा उर्फ शिवभारी थाना ढ़ेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर है।

# राहुल एवं अखिलेश ने नहीं पढ़ा है संविधान : डॉ. संघप्रिय



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संविधान को पढ़ा ही नहीं, सभी अनुच्छेद तक की जानकारी नहीं है। यदि संविधान को मानते तो दोनों लोग परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देते। भाजपा की अगुवाई में संविधान निर्माता और संविधान के सभी अनुच्छेद का पालन करते हुए सम्मान हो रहा है। उपरोक्त बातें भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते डॉ. संघप्रिय राहुल ने कही। वह बुधवार को शहर के रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि संविधान के खिलाफ आवाज उठाने वाले कांग्रेस, सपा आदि पार्टियों के नेताओं को कोई जानकारी नहीं है। कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ रैली की निंदा करते हुए कहा कि जनता को गुमराह करते हुए इसके बहाने अपनी पार्टी को बचाओ रैली निकाल रहे हैं। जम्मू कश्मीर में मारे गए पर्यटकों के प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से पाक के नापाक इरादे ध्वस्त हुए हैं। भविष्य में पाक की ओर से दुष्साहस करने की कोशिश की तो पीएम मोदी की अगुवाई में भारतीय सेना के जवान तबाही बचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में एक दलित आफिसर पर सपा नेता राम गोपाल यादव के टिप्पणी की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस प्रकरण में सपा नेता से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की।

**जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी घोषित** -शहर के रेस्ट हाउस में भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते डॉ. संघप्रिय राहुल की मौजूदगी में जिला इकाई के कई पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। अधिवक्ता व प्रदेश उपाध्यक्ष जयशंकर मिश्रा की संस्तुति पर सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु के प्रो. शरदेंदु त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष, अधिवक्ता शेषमणि प्रजापति को जिला महासचिव, कुमारी अरूणिमा को महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, कुमारी मणिमाला को महिला प्रकोष्ठ को जिला सचिव बनाया गया है। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अरूणा मिश्रा भी उपस्थित थी।

# महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए : रंजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार रंजन ने बताया कि माहवारी स्वच्छता दिवस हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना है. यह दिन माहवारी के बारे में खुले तौर पर बात करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए जानकारी दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति हमेशा से ही लापरवाह रही हैं। जानकारी के अभाव में वे कई तरह की बीमारियों का शिकार हो जाती है। ग्रामीण महिलाएं माहवारी के दौरान कोई भी कपड़ा उपयोग में लाती हैं। जिसके कारण महिलाओं के अंदर कई तरह की बीमारियां घर कर लेती हैं। साफ-सफाई पर ध्यान नहीं देने के कारण महिलाओं में यूटरस में परेशानी, लिकोरिया जैसी बीमारी हो रही है। सिनेटरी पैड की कीमत अधिक होने के कारण कंपनियों का सेनेटरी पैड उपयोग नहीं कर पाती हैं। सिनेटरी पैड जिसमें खुले स्थानों पर उपयोग किए गए पैड को न फेंके, 4-6 घंटे मे पैड को बदलना अनिवार्य है। स्वच्छता बनाए रखे नियमित रूप से प्रतिदिन स्नान करे। नियमित पत्तेदार सब्जियों का सेवन करे और आइरन की गोली अवश्य ले साथ ही नियमित और अनियमित माहवारी के बारे मे भी बताया गया। जब 8 या उससे अधिक दिन तक माहवारी होती रहे या फिर 1 घण्टे मे 1 पैड भीग जाय या अत्यधिक माहवारी कहलाती है द्य ऐसे मे तुरंत अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल पर दिखाए इसमे लापरवाही नहीं करना चाहिएद्य इस दौरान कुशल टण्डन बी पी एम, डॉ के के पांडेय, डॉ के बी सिंह, डॉ पी सी वर्मा, स्टाप नर्स संगीता चौधरी अस्पताल कर्मचारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## चार ट्रिलियन डॉलर की आर्थिकी

भारत जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यकीनन ऐतिहासिक उपलब्धि और सुखद खबर है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने परिषद की बैठक में यह घोषणा की। अब भारत की अर्थव्यवस्था 4.187 ट्रिलियन, अर्थात 4000 अरब डॉलर की है। 2028 में भारत की अर्थव्यवस्था 5.58 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है और भारत जर्मनी (5.25 ट्रिलियन डॉलर) को पछाड़ कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। फिलहाल अमरीका (30 ट्रिलियन से अधिक), चीन (19 ट्रिलियन से ज्यादा) और जर्मनी (4.75 ट्रिलियन डॉलर) ही भारत से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। बीते 10 सालों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था दोगुनी हुई है। 2032 में भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। भारत की इतनी अर्थव्यवस्था स्वाभाविक भी है, क्योंकि यह 146 करोड़ से अधिक की आबादी वाला देश है। देश की सकल आय और संसाधन ही जीडीपी का आकार तय करते हैं। भारत की आर्थिक विकास दर 6-7 फीसदी या उससे अधिक 8-9 फीसदी तक रही है। औसत 6.5 फीसदी के करीब मान सकते हैं, जबकि अमरीका की विकास दर 2.1 फीसदी है और चीन की 4.5 फीसदी है। यह अर्थव्यवस्था तब है, जब हमने कोरोना वैश्विक महामारी का दंश तीन साल तक झेला और हमारी आर्थिक विकास दर ऋणात्मक हो गई थी। अर्थव्यवस्था की यह गति और उछाल 1991 से शुरू हुई, जब तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण और भूमंडलीकरण की शुरुआत की। भारत एक खुली अर्थव्यवस्था और खुले बाजार वाला देश बना। बेहतर यह रहा कि राजनीतिक विपक्ष के प्रधानमंत्रियों-अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी-ने उन आर्थिक सुधारों को, नए समकालीन, अपेक्षित संशोधनों के साथ, जारी रखा। आज नतीजा सामने है कि भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेज गति से विकास कर रहा है।

नीति आयोग के सीईओ ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा आंकड़ों के आधार पर यह घोषणा की है, लेकिन आज भी एक विरोधाभासी विडंबना हमारे साथ चिपकी है कि भारत एक अमीर देश है, लेकिन उसके नागरिक गरीब हैं। इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत में आज भी 20 करोड़ से अधिक लोग गरीबी-रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त हैं। कुछ विशेषज्ञ यह आंकड़ा ज्यादा बताते हैं। गरीबी रेखा बहुआयामी भी परिभाषित की गई है, जिसके मुताबिक, 11 करोड़ भारतीय आज भी गरीब हैं। यह निष्कर्ष संघ के संगठन 'स्वदेशी जागरण मंच' का है। ऐसा नहीं है कि अमरीका में गरीब नहीं हैं अथवा महंगाई, बेरोजगारी, किसानी की समस्याएं नहीं हैं, लेकिन वहां प्रति व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था है। कम आबादी है और अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी है। बहरहाल भारत में आज भी 80 करोड़ से अधिक लोगों को, प्रति माह, मुफ्त अनाज बांटा जाता है। वे मुफ्त की उस योजना के मोहताज हो गए हैं। यह योजना कोरोना के दौरान शुरू की गई थी और अभी 2029 तक तो चलेगी। भारत में अंबानी, अदाणी, गोयनका, बिरला, गोदरेज सरीखा एक अति धनाढ्य वर्ग है, तो करीब 82 फीसदी आम आदमी ऐसे भी हैं, जिन्हें औसतन 560 रुपए प्रतिदिन की कमाई ही नसीब है। भारत में ऐसी आर्थिक विषमताएं और असमानताएं आजादी के दिन से ही हैं। ये कांग्रेस के सत्ता-काल में भी थीं, लिहाजा 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया गया था। लेकिन इन विषमताओं के बावजूद भारत एक 'आर्थिक महाशक्ति' बना है। भारत में फिलहाल प्रति व्यक्ति आय 2.5 लाख रुपए से कुछ अधिक है, लेकिन जापान, ब्रिटेन, फ्रांस आदि देशों में यह हमसे कई गुना ज्यादा हैं, हालांकि वे अर्थव्यवस्थाएं भारत से पिछड़ चुकी हैं। प्रति व्यक्ति आय के संदर्भ में भारत 141वें स्थान पर है, जबकि जापान का स्थान 34वां है। हम मानव विकास सूचकांक में भी बहुत पीछे हैं। आज भी कुपोषण एक नाजुक मुद्दा है, लेकिन आज भारत 23,622 करोड़ रुपए का रक्षा-निर्यात करता है। लघु, सूक्ष्म कंपनियां भी 12.39 लाख करोड़ रुपए का निर्यात करती हैं और दिसंबर, 2024 तक इस सेक्टर में 24 करोड़ से अधिक रोजगार दिए गए हैं। विकास के असंख्य आयाम भारत स्थापित कर चुका है, लेकिन भयावह सवाल पर भी चिंतन हो।

## रामचरितमानस में प्रकृति चित्रण

**ओमप्रकाश 'सुमन'**

प्रकृति मानव जीवन से अभिन्न रूप से जुड़ी है हम वैदिक काल से ही देखते हैं ऋषियों ने ऊषा, इंद्र, वरुण, सूर्य, चंद, गिरि, सरिता, वन, उपवन आदि अनेक रूपों में प्रकृति को स्वीकार किया है। वैदिक साहित्य का निर्माण भी प्रकृति के आंगन में हुआ था मानव ने प्रकृति की वंदना भी की । प्राचीन काल से ही प्रकृति मानव की सहचरी रही है। रामचरितमानस में तुलसी ने प्रकृति का व्यापक चित्रण तो नहीं किया है पर मानस में प्रकृति के अनेक रूप मिलते हैं। प्रकृति भी राम की भक्ति में ही समाहित होती प्रतीत होती है।मानस में प्रकृति का स्वच्छंद निरीक्षण न होकर प्रकृति का चित्रण संक्षिप्त एवं प्रासंगिक ही रहा है। मानस में प्रकृति को देखते हैं तो प्रकृति के अनेक रूप मिलते हैं ।

मानस में तुलसीदास ने अनेक स्थलों पर उपवनों का वर्णन किया है जनकपुर की पुष्प वाटिका, अशोक वाटिका चित्रकूट की पंचवटी, मधुवन अयोध्या आदि के उपवनों का मानस में उल्लेख प्रासंगिक रूप में उपलब्ध है। मानस के कथानक का अधिकांश भाग अरण्य (वन) से ही संबंधित है पर वनों का चित्रात्मक वर्णन नहीं किया गया है। जनकपुर की पुष्प वाटिका के वर्णन में तुलसी ने लिखा है ÷नव पल्लव फल सुमन सुहाए, निज संपति सुर रूख लजाए। चातक कोकिल कीर चकोरा, कूजत बिहग नटत कल मोरा। विमल सलिल सरसिज बहु रंगा, जल खग कूजत गुंजत भृंगा। मुनि आश्रम से राम लक्ष्मण पुष्प चयन हेतु जनकपुर में जाते हैं तो देखते है (पुष्प वाटिका में नए फूलों फलों से युक्त सुंदर वृक्ष अपनी संपत्ति से कल्पवृक्ष को भी लजा रहे हैं। पपीहा, तोते, चकोर आदि मीठी बोली बोल रहे हैं और मोर सुंदर नृत्य कर रहे हैं । सरोवर का जल निर्मल है जिसमें अनेक रंगों के कमल खिले हैं जल के पक्षी कलरव कर रहे हैं, भ्रमर गुंजार कर रहे हैं।) अयोध्या के उपवनों के संबंध में तुलसीदास ने मानस में लिखा है सुमन वाटिका सबहिं लगाई बिबिध भांति करि जतन बनाई। लता ललित बहु जाति सुहाई, फूलहि सदा बसंत की नाईं। (सभी लोगों ने भिन्न भिन्न प्रकार की पुष्प वाटिकाएं प्रयत्न करके लगा रखी हैं जिनमें बहुत जातियों की सुंदर और ललित लताएं सदा बसंत की तरह फूलती रहती हैं)

श्रीराम अगस्त्य मुनि से भेंटकर गोदावरी के समीप पर्ण कुटीर बनाकर उस स्थान पर निवास करने लगे। मानस में तुलसी ने वर्णन करते लिखा है गिरि वन नदी ताल छवि छाये, दिन दिन प्रति अति होंहि सुहाये। खग मृग बृंद आनंदित रहहीं, मधुप मधुर गुंजत छबि लहहीं। राम के निवास से (पर्वत वन नदी और तालाब शोभा से छा गए वे दिनोंदिन अधिक सुहावने मालूम होने लगे पक्षी और पशुओं के समूह आनंदित रहते हैं और भौंरे मधुर गुंजार करते हुए शोभा पा रहे हैं । मानस में चित्रकूट का अत्यंत सजीव वर्णन मिलता है बाल्मीकि ने अपनी रामायण में चित्रकूट की महिमा का पहले ही वर्णन किया है। तुलसीदास लिखते हैं नदी पनच सर सम दम दाना, सकल कलुष कलि साउज नाना । चित्रकूट जनु अचल अहेरी, चुकइ न घात मार मुठभेरी ।

(नदी (मंदाकिनी) उस धनुष की प्रत्यंचा (डोरी) है और शम, दम, दान बाण हैं कलयुग के समस्त पाप उसके अनेकों हिंसक पशु (रूप निशाने) हैं। चित्रकूट ही मानो अचल शिकारी है, जिसका निशाना कभी चूकता नहीं और जो सामने से मारता है) सॉग रूपक अलंकार सहित प्रकृति चित्रण में चित्रकूट की महिमा का गान किया गया है।पंपा सरोवर के वर्णन में भी तुलसीदास ने लिखा है बिकसे सरसिज नाना रंगा मधुर मुखर गुंजत बहु भृंगा। बोलत जल कुक्कुट कल हंसा, प्रभु बिलोकि जनु करत प्रसंसा। नव पल्लव कुसुमित तरु नाना, चंचरीक पटली कर गाना। सीतल मंद सुगंध सुभाऊ संतत बहइ मनोहर बाऊ। (पंपा सरोवर में रंग-बिरंगे कमल खिले हुए हैं। बहुत से भौंरे मधुर स्वर से गुंजार कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**डॉ त्रिवेदी कहते हैं कि कहीं न कहीं हम बच्चों को ये सिखाने में नाकामयाब हो जाते हैं कि स्ट्रेस, रिजेक्शन या फेलियर से कैसे डील करना है। आज बच्चा ये मानने लगा है कि उसका एकेडमिक अचीवमेंट उसके एग्जिस्टेंस से भी बड़ा है। बच्चा तैयारी छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, जीवन छोड़ने के लिए तैयार है। सोसायटी ने प्रतियोगी परीक्षाओं को बहुत ज्यादा महिमामंडित कर दिया है जिसकी वजह से बच्चा ये महसूस करता है कि मैं पूर्ण तभी हो सकूंगा जब कोई एग्जाम क्रैक कर लूंगा।**

# आत्महत्या करने वाले सभी छात्रों की सोचें


अशोक मधुप

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कोटा में हुई छात्रों की मौत पर सुनवाई की।इन पर चिंता जाहिर की। स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई, जबकि अकेले कोटा ही नही देशभर के छात्रों की मौत पर कार्रवाई होनी चाहिए। इन मौत की जांच होनी चाहिए। देशभर के छात्रों की आत्महत्या और इनको रोकने पर विचार होना चाहिए। स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। चार मई को एनइइटी एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। चार मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने छह मई को स्वतः संज्ञान लिया था।

आईआईटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने 14 मई को कहा था वो सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआईआर दर्ज कराई है या नहीं।वहीं, कोटा में हुए सुसाइड को लेकर कोर्ट ने जवाब मांगा था कि एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने ये सुनवाई की थी। इसी के साथ कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश भी दिया था कि मेंटल हेल्थ और सुसाइड प्रिवेंशन के लिए बनने वाली नेशनल टास्क फोर्स यानी एनटीएफ के गठन के लिए 20 लाख रुपए दो दिन में जमा कराएं।

बात पिछले सालों की करें, तो साल 2024 में कोटा में रहने वाले 17 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था। पिछले साल जनवरी के महीने में 2 और फरवरी के महीने में 3 सुसाइड हुए थे। वहीं साल 2023 में कोटा में स्टूडेंट सुसाइड के कुल 26 मामले सामने आए थे। एमपी सुसाइड प्रिवेंशन टास्क फोर्स के मेंबर और साइकेट्रिस्ट डॉ सत्यकांत त्रिवेदी ने कोटा में हो रहे स्टूडेंट सुसाइड को लेकर कहा, 'किसी भी आत्महत्या का कोई एक कारण नहीं होता। वही एग्जाम सभी बच्चे दे रहे होते हैं। ऐसे में सुसाइड के लिए मिले-जुले फैक्टर्स जिम्मेदार होते हैं। इसमें जेनेटिक्स कारण, सामाजिक कारण, पियर प्रेशर, माता-पिता के एक्सपेक्टेशन्स, शिक्षा तंत्र सब शामिल है।



डॉ त्रिवेदी कहते हैं कि कहीं न कहीं हम बच्चों को ये सिखाने में नाकामयाब हो जाते हैं कि स्ट्रेस, रिजेक्शन या फेलियर से कैसे डील करना है। आज बच्चा ये मानने लगा है कि उसका एकेडमिक अचीवमेंट उसके एग्जिस्टेंस से भी बड़ा है। बच्चा तैयारी छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, जीवन छोड़ने के लिए तैयार है। सोसायटी ने प्रतियोगी परीक्षाओं को बहुत ज्यादा महिमामंडित कर दिया है जिसकी वजह से बच्चा ये महसूस करता है कि मैं पूर्ण तभी हो सकूंगा जब कोई एग्जाम क्रैक कर लूंगा। देश में आत्महत्या के हर साल आने वाले मामलों में छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की थी. जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या कर ली।भारत युवाओं का देश है. यहां की 60 फीसदी से ज्यादा आबादी युवा है. लेकिन, अब इसी देश में हर 40 मिनट में एक युवा अपनी जान दे रहा है। ये आंकड़े स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट की ओर से जारी किए गए हैं। दरअसल, देश में हर दिन 35 से ज्यादा छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। साल 2018 से 2022 तक देश में 59,153 छात्रों ने आत्महत्या कर ली।

स्टूडेंट सुसाइड - एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट, आईसी थ्री की साला कॉन्फ्रेंस में साझा की गई। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। आईसी- 3 एक नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है जो पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जहां आत्महत्या की दर हर साल दो फीसदी की दर से बढ़ रही है, वहीं छात्रों में आत्महत्या की दर चार फीसदी की दर से हर साल बढ़ रही है। यानी देश में आत्महत्या के जितने मामले हर साल आते हैं, उनमें छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी. जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों की आत्महत्या के अलग-अलग मामलों में अलग-अलग वजहें हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में सिर्फ एक वजह है। ये वजह है मेंटल हेल्थ। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 15 से 24 साल का हर सात में से एक आदमी खराब मेंटल हेल्थ की समस्या से जूझ रहा है।

सबसे बड़ी बात तो ये है कि लोग अपनी मेंटल हेल्थ की समस्या को गंभीरता से नहीं लेते. यूनिसेफ के इस सर्वे में ही जितने लोगों ने भाग लिया, उसमें से सिर्फ 41 फीसदी लोग ही अपनी मानसिक समस्या के समाधान के लिए काउंसलर के पास गए। यानी 59 फीसदी लोगों ने इस समस्या को जैसे का तैसा छोड़ दिया। देश को चाहिए कि वरिष्ठ मनोवैज्ञानिकों की कोई प्रदेश स्तर पर ऐसी कोई संस्था बनाए तो तकनीकि शिक्षा के लिए कोचिंग करने वालों और तकनीकि शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र- छात्राओं के मानसिक स्तर की समय सयम पर जांच करे। उनकी कोंसलिंग करे।उनकी समस्याओं पर विचार कर छात्र- छात्राओं का सही मार्ग दर्शन करे, ताकि वह आत्महत्या न कर , विपरीत परिस्थिति से संघर्ष करना सीखें। उन्हें जीवन जीने की कला सिखाई जाए। अगर विशेषज्ञ समझें तो कोचिंग करने वाले और तकनीकि शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं को मैडिटेशन या ध्यान से भी जोड़ा जा सकता है। इससे युवाओं में विषय के प्रति एकाग्रता बढ़ेगी।चिंतन शक्ति का विकास होगा। निगेटिव विचार कम होंगे। ये मैडिटेशन या ध्यान उन्हें पूरे जीवन के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

# महाराणा प्रतापः शौर्य, बलिदान एवं साहस का अमिट आलेख

**महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर के सेनापति राजा मानसिंह के बीच 8 जून 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध हुआ था। महाराणा प्रताप ने लगभग 20 हजार सैनिकों के साथ 85 हजार की मुगल सेना से बहुत ही साहस, शौर्य, पराक्रम एवं बहादुरी के साथ सामना किया। दोनों सेनाओं के बीच गोगुडा के नजदीक अरावली पहाड़ी की हल्दीघाटी शाखा के बीच यह युद्ध हुआ। इस लड़ाई को हल्दीघाटी के युद्ध के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध में न तो अकबर जीत सका और न ही राणा हारे।**


ललित गर्ग

हमारा देश भारत जिसे आस्था और विश्वास, शौर्य एवं शक्ति, बहादुरी और साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की वीरभूमि कहा जाता है, जहां की सभ्यता और संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति में शुमार है, जिसका अनुसरण संपूर्ण विश्व करता है। भारत की भूमि महान योद्धाओं की भूमि रही है, जिन्होंने भारत की एकता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे ही एक वीर एवं साहसिक योद्धा एवं सच्चे भारतीय महानायक थे महाराणा प्रताप, जो राजपूतों के सिसोदिया वंश से संबंध रखते थे। महाराणा को भारत का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कभी अकबर के सामने समर्पण नहीं किया। मुगल साम्राज्य के विस्तार के विरुद्ध उनके प्रबल प्रतिरोध ने उन्हें भारतीय इतिहास में अमर बना दिया है। हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर की विशाल सेना का सामना करते हुए उन्होंने जो वीरता दिखाई, वह आज भी शौर्य, पराक्रम, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। उनके जीवन की घटनाएं गौरवमय इतिहास बनी है। वे एकलौते ऐसे महान् राजपूत योद्धा थे, जिन्होंने अकबर को चुनौती देने का साहस ही नहीं दिखाया बल्कि युद्ध के मैदान में लोहे के चने चबवाये।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। जो हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि थी। जो इस वर्ष 29 मई को मनाई जाएगी। युवावस्था में ही महाराणा प्रताप ने तलवारबाजी, घुड़सवारी और युद्धनीति में महारत हासिल कर ली थी। उनकी जन्म जयंती न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके आदर्शों, विरासत और भारत की सांस्कृतिक धरोहर में दिए गए उनके अमूल्य योगदान का सम्मान भी है। महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर के सेनापति राजा मानसिंह के बीच 8 जून 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध हुआ था। महाराणा प्रताप ने लगभग 20 हजार सैनिकों के साथ 85 हजार की मुगल सेना से बहुत ही साहस, शौर्य, पराक्रम एवं बहादुरी के साथ सामना किया। दोनों सेनाओं के बीच गोगुडा के नजदीक अरावली पहाड़ी की हल्दीघाटी शाखा के बीच यह युद्ध हुआ। इस लड़ाई को हल्दीघाटी के युद्ध के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध में न तो अकबर जीत सका और न ही राणा हारे। मुगलों के पास सैन्य शक्ति अधिक थी तो राणा प्रताप के पास जुझारू शक्ति की कोई कमी नहीं थी। उन्होंने आखिरी समय तक अकबर से संधि की बात स्वीकार नहीं की और मान-सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करते हुए लड़ाइयां लड़ते रहे।

इस युद्ध में उनका प्रिय घोड़ा चेतक भी वीरगति को प्राप्त हो गया, लेकिन इसके बाद भी महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और युद्ध जारी रखा। मुगल शासक अकबर ने मेवाड़ पर अपना अधिकार स्थापित करने की भरपूर कोशिश की। लेकिन महाराणा प्रताप ने कभी भी अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया और जीवन भर मुगलों के खिलाफ स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्ष करते रहे। उनका परिवार बहुत ही कठिन परिस्थितियों में रहा। वे कई सालों तक जंगलों, गुफाओं और पहाड़ियों में रहे। उन्होंने पेड़ों की छाल से बने साधारण कपड़े पहने और जंगली फल और जड़ें खाईं। उनकी पत्नी और बच्चे कभी-कभी घास की रोटी खाते थे। फिर भी, उन्होंने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया या मुगलों के साथ समझौता नहीं किया। उनके शौर्य और वीरता की कहानी को आज भी बहुत ही गर्व के साथ याद किया जाता है। राजस्थानी भाषा के ख्यात कन्हैयालाल सेठिया की प्रसिद्ध राजस्थानी कविता 'पातल और पीथल' हल्दीघाटी युद्ध के बाद की घटनाओं पर आधारित राणा प्रताप के जीवन में आई कठिनाइयों और उनके संघर्ष को दर्शाती है। आजाद भारत में महाराणा प्रताप जैसे शूरवीरों के त्याग एवं बलिदान, शौर्य एवं पराक्रम को विस्मृत करने की चेष्टायें व्यापक पैमाने पर हुई है। हमने इन असली महानायकों को भूलाकर अकबर एवं औरंगजेब जैसे आक्रांताओं को नायक बनाने की भारी भूल की है, नायक अकबर नहीं महाराणा प्रताप हैं, उन्होंने औरंगजेब को घुटने टेकने पर मजबूर किया और घुट-घुट कर मरने पर मजबूर किया। सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश करने वाले भारत के नायक कैसे हो सकते? अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं एवं हिन्दू राष्ट्र के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी- भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचना एवं भारत की समृद्ध विरासत को लूटना। इसके विपरीत, महाराणा प्रताप ने अपने बलिदान से सनातन संस्कृति की रक्षा की। ये राष्ट्रनायक हमारी असली प्रेरणा हैं।

**महाराणा प्रताप जन्म जयन्ती**



भारतीय इतिहास में जितनी महाराणा प्रताप की बहादुरी की चर्चा हुई है, उतनी ही प्रशंसा उनके घोड़े चेतक को भी मिली। कहा जाता है कि चेतक कई फीट ऊंचे हाथी के मस्तक तक उछल सकता था। कुछ लोकगीतों के अलावा हिन्दी कवि श्यामनारायण पांडेय की वीर रस कविता 'चेतक की वीरता' में उसकी बहादुरी की खूब तारीफ की गई है। जब मुगल सेना महाराणा के पीछे लगी थी, तब चेतक उन्हें अपनी पीठ पर लादकर 26 फीट लंबे नाले को लांघ गया, जिसे मुगल फौज का कोई घुड़सवार पार न कर सका। मेवाड़ की जनजाति 'भील' कहलाती है। भीलों ने हमेशा हर संकट एवं संघर्ष के क्षणों में महाराणा प्रताप साथ दिया। एक किवदंती है कि महाराणा प्रताप ने अपने वंशजों को वचन दिया था कि जब तक वह चित्तौड़ वापस हासिल नहीं कर लेते, तब तक वह पुआल यानी घास पर सोएंगे और पेड़ के पत्ते पर खाएंगे। आखिर तक महाराणा को चित्तौड़ वापस नहीं मिला। उनके वचन का मान रखते हुए आज भी कई राजपूत अपने खाने की प्लेट के नीचे एक पत्ता रखते हैं और बिस्तर के नीचे सूखी घास का तिनका रखते हैं।

महाराणा प्रताप का बचपन भील समुदाय के साथ बिता, भीलों के साथ ही वे युद्ध कला सीखते थे, भील अपने पुत्र को कीका कहकर पुकारते है, इसलिए भील महाराणा को भी कीका नाम से पुकारते थे। महाराणा प्रताप का दिल और दिमाग ही नहीं, बल्कि उनका शरीर भी साहसी एवं लोह समान था। कहा जाता है कि महाराणा प्रताप 7 फीट 5 इंच लंबे थे। वह 110 किलोग्राम का कवच पहनते थे, वह 25-25 किलो की 2 तलवारों के दम पर किसी भी दुश्मन से लड़ जाते थे। महाराणा प्रताप एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। उन्होंने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। उन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी भी अपनी आन, बान और शान के साथ समझौता नहीं किया। उनको धन-दौलत की नहीं बल्कि मान-सम्मान की ज्यादा परवाह थी। अकबर के सामने महाराणा पूरे आत्मविश्वास से टिके रहे।

# भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक से बौखलाया पाकिस्तान

**एफएटीएफ एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो मनी लॉन्ड्रिंग, टेरर फाइनेंसिंग और हथियारों के प्रसार से जुड़ी फंडिंग पर निगरानी रखती है। जो देश इन गतिविधियों के खिलाफ जरूरी कदम उठाने में नाकाम रहते हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाल दिया जाता है। इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, विदेशी निवेश और अंतरराष्ट्रीय कर्ज लेने की क्षमता पर पड़ता है।**


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा जा रहा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों में बंटे हैं। इसमें ऑपरेशन सिंदूर का बैकग्राउंड और डिप्लोमैटिक एवं सैन्य कार्रवाई के पांच बड़े संदेश इन 33 देशों तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। असल में, पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की पोल खुलने के बाद भारत ने उसके खिलाफ चौतरफा मोर्चा खोल दिया है। पाक की 'आतंकिस्तान' की इमेज को बेनकाब करने के लिए एक और मोदी सरकार ने दुनियाभर में भारत के सांसद भेजे हैं।

खास बात ये है कि ये सर्वदलीय सांसद हैं और ये एक स्वर में पाक और आतंक के रिश्तों को वैश्विक मंच पर उजागर करेंगे। ये कई देशों में बताएंगे कि कैसे पाकिस्तान आतंकवादियों की पौध को उगाने, आतंक के अड्डों में प्रशिक्षण देने, फंडिंग करने से लेकर हमले करने तक के लिए ट्रेंड करता है। दूसरी ओर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक स्ट्राइक भी कर दी है। भारत सरकार ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में पाकिस्तान को फिर से भेजने के लिए काफी ठोस कोशिशें शुरू कर दी हैं। पाकिस्तान की सच्चाई सामने लाने के लिए भारत से दो प्रतिनिधिमंडल रवाना हो गए हैं। शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल गुयाना और बैजयंत पांडा के नेतृत्व में दूसरा दल बहरीन गया है। सांसदों का दौरा 22 मई से 5 जून तक चलेगा।

59 सांसद दुनिया को ये 5 बड़े संदेश देंगे। जिनमें पहला संदेश है आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस। इसमें बताएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। पाक सेना ने इसे खुद के खिलाफ हमला माना और पलटवार किया। दूसरा सन्देश है, पाक आतंक का समर्थक। सांसद कुछ सबूत लेकर जा रहे हैं, जिनमें वो बताएंगे कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट की भूमिका थी। इससे पहले हुए हमलों का भी पूरा चिट्ठा सांसद ले जा रहे हैं। तीसरा संदेश है भारत जिम्मेदार और संयमित ऱ भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया। यह सुनिश्चित किया कि पाक के किसी निर्दोष नागरिक की जान न जाए। पाक ने कार्रवाई रोकने का जब आग्रह किया तो भारत ने उसे तत्परता से स्वीकारा।

चौथा सन्देश है, आतंक के खिलाफ विश्व एकजुट हो। सांसद इन देशों से आतंकवाद के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने और इससे निपटने के लिए सहयोग व समर्थन भी मांगेंगे। अपील करेंगे कि भारत-पाक के विवाद को आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के तौर पर देखें। पांचवां और अंतिम सन्देश है, पाक को लेकर हमारी नीति। यह बताएंगे कि पाक के खिलाफ भारत ने अपना बदला हुआ दृष्टिकोण उजागर किया है। भारत सीमा पार से पैदा होने वाले खतरे को लेकर उदासीन रहने के बजाए प्रो-एक्टिव रवैया अपनाएगा और आतंकी हमलावरों को पहले ही निष्क्रिय करेगा।सरकार का कहना है कि इस कदम से दुनिया को पता चलेगा कि भारत आतंकवाद को लेकर कितना गंभीर है। भारत चाहता है कि सभी देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ें। सरकार का यह भी कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण राजनयिक प्रयास है। इससे भारत और दूसरे देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे।



भारत सरकार काफी मजबूती से एफएटीएफ की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ मामले को उठाने वाली है और इसके लिए मजबूत रणनीति बनाई जा रही हैं। संभवतः अगले महीने एफएटीएफ की समीक्षा बैठक होने वाली है और भारत ने पुरजोर सबूतों के साथ पाकिस्तान की तरफ से फैलाए जा रहे आतंकवाद के मुद्दे को उठाने का फैसला किया है। इसमें भारत की कोशिश पाकिस्तान को एक बार फिर से ग्रे लिस्ट में डलवाने की होगी। भारत का मानना है कि पाकिस्तान आतंकवाद को रोकने में नाकाम रहा है और वैश्विक संस्थाओं से उसे जो धन मिलता है, उसका इस्तेमाल वो आतंकवादियों को हथियार और धन मुहैया करवाने में करता है। आईएमएफ से हाल ही में मिले लोन में से उसने 14 करोड़ रुपए ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकियों को देना तय किया है।

दरअसल, एफएटीएफ एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो मनी लॉन्ड्रिंग, टेरर फाइनेंसिंग और हथियारों के प्रसार से जुड़ी फंडिंग पर निगरानी रखती है। जो देश इन गतिविधियों के खिलाफ जरूरी कदम उठाने में नाकाम रहते हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाल दिया जाता है। इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, विदेशी निवेश और अंतरराष्ट्रीय कर्ज लेने की क्षमता पर पड़ता है। ग्रे लिस्ट में शामिल देश के सामने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई सख्त शर्तें रखी जाती हैं और अगर उन शर्तों को पूरा करने में वो देश नाकाम रहता है, तो फिर उसके ब्लैक लिस्ट होने का भी खतरा रहता है। भारत की कोशिश ग्रे के बाद पाकिस्तान की काली करतूतों को उजागर करते हुए उसे काली सूची में ही डलवाने की है। भारत का साफ और स्पष्ट शब्दों में आरोप है कि पाकिस्तान ने अपने क्षेत्र से चलने वाले आतंकी संगठनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इसके उलट उसने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, खासकर आईएमएफ और विश्व बैंक से मिले फंड का इस्तेमाल हथियार और गोला-बारूद खरीदने में कर रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा रहा है, यह कोई नया तथ्य नहीं है। यह बात तो हाल में खुद वहीं के रक्षा मंत्री ने एक ब्रिटिश टीवी को दिए इंटरव्यू में मानी, हालांकि उन्होंने कहा कि पाकिस्तान यह गंदा काम अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों के लिए कर रहा था। 2008 के मुंबई हमलों के बाद खुद भारत ने पाकिस्तानी हाथ के ठोस सबूत दुनिया के सामने रखे थे। नतीजा पाकिस्तान पर शिकंजा कसने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके अलगाव के रूप में सामने आया। इसलिए आवश्यक यह है कि इस बार भी भारत वैसे ही अकाट्य साक्ष्य दुनिया के सामने रखे। भारत सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने को लेकर मजबूत सबूत तैयार करने शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गये आतंकवादियों के जनाजे में जिस तरह से पाकिस्तान सेना के दर्जनों सीनियर अधिकारी शामिल हुए थे, भारत उसे भी बतौर सबूत पेश करने वाला है।

# मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहार में पुरुष भागीदारी की अहम भूमिका

- स्वास्थ्य विभाग ने विविध आयोजनों के जरिये मनाया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस
- एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की नर्सिंग स्टूडेंट का किया गया संवेदीकरण

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मासिक धर्म स्वच्छता की एक सबसे बड़ी चुनौती किशोरियों और महिलाओं का शर्म एवं संकोच है। इस प्रवृत्ति के कारण वह सेनेटरी पैड इस्तेमाल नहीं कर पातीं। सैनेटरी पैड का खर्च भी परिवार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। ऐसे में अगर मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहार में घर के पुरुष की प्रतिभागिता हो तो तस्वीर बदल सकती है।'' एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की नर्सिंग स्टूडेंट के संवेदीकरण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने यह सुझाव दिये।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर यह संवेदीकरण कार्यक्रम अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ बीएम राव की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा समेत कई चिकित्सा अधिकारियों ने नर्सिंग स्टूडेंट को जागरूक किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्कूल कॉलेजों और जिला महिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन किये गये।



सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि जिला महिला अस्पताल और नर्सिंग स्टूडेंट के बीच सैनेटरी पैड भी वितरित किये गये। ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने किशोरियों को मासिक स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किशोरी सुरक्षा योजना के तहत सभी राजकीय स्कूलों में दस से उन्नीस वर्ष तक की किशोरियों को सरकारी खर्चे पर स्कूल द्वारा सैनेट्री पैड देने का प्रावधान है। इसे पाना हर किशोरी का हक है। एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडी हेल्थ डॉ बीएम राव ने कहा कि माहवारी कोई बीमारी नहीं है । यह न तो दोष है और न ही इससे कोई महिला या लड़की अपवित्र हो जाती है। बावजूद इसके मिथक और भ्रांतियों के कारण ÷आधी आबादी÷ को इन मुश्किल दिनों में शारीरिक कष्ट के साथ साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती। सही जानकारी न मिलने के कारण महिलाएं कई संक्रामक बीमारियों की भी चपेट में आ जाती है। जिला महिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना ने बताया कि मासिक धर्म या माहवारी शरीर की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जिसमें साफ सफाई का विशेष महत्व है। मासिक धर्म के दौरान प्रत्येक चार घंटे में सैनेट्री पैड को अवश्य बदल देना चाहिए । किसी भी कपड़े का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना है क्योंकि इससे संक्रमण हो सकता है। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता व्यवहार न अपनाने से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, ल्यूकोरिया, धाध गिरने जैसी बीमारी के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के संक्रमण हो सकते हैं।

चिकित्सा अधिकारी डॉ सविता तिवारी ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान सावधानी न रखने पर होने वाला संक्रमण बांझपन का भी कारक बन जाता है। ऐसे में मासिक धर्म के दौरान पैड बदलने के साथ साथ जननांगों को नियमित तौर पर धुलना चाहिए। बहुत सी लड़कियों और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान पेट में दर्द और कमजोरी की शिकायत होती है । ऐसी अवस्था में ज्यादा दिक्कत होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेते हुए दवाओं के साथ-साथ आराम करना चाहिए। चिकित्सक डॉ मुस्कान मालवीय ने कहा कि कार्यक्रम के बाद नर्सिंग स्टूडेंट समुदाय तक यह संदेश पहुंचाएं कि वह कि महिलाएं माहवारी के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

# छात्रवृत्ति घोटाला : मथुरा में 123 नए विद्यालय आए जांच के घेरे में

**मथुरा।** विद्यार्थियों के हक की छात्रवृत्ति डकारने वाले कॉलेजों की जांच का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब 123 अन्य कॉलेज भी जांच के घेरे में आ गए हैं। छात्रवृत्ति घोटाले को लेकर इन कॉलेजों की भी जांच कराई जाएगी।

दरअसल, वर्ष 2015 से 2021 तक जिले के 153 कालेजों में छात्रवृत्ति का फर्जीवाड़ा कर विद्यार्थियों का हक मार लिया था। इसके बाद प्रदेश सरकार के गृह सचिव ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को जांच के आदेश दिए थे। सभी कॉलेजों की जांच पूरी हो गई है।

साथ ही ईओडब्ल्यू के अधिकारी ने कॉलेज प्रबंधकों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करा दी है। वहीं अन्य 123 कॉलेज भी जांच के घेरे में आ गए हैं। समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल सिंह ने बताया है कि 123 कॉलेजों की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की दिशा तय की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** प्रदेश को वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने व युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान की शुरुआत की गयी, जिसके अंतर्गत 21-40 वर्ष आयु के युवाओं को 5 लाख रूपये तक का बिना गारंटी ऋण प्रदान किया जाता है। जनपद में लक्ष्य के अनुरूप अभियान की प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विवेकानंद सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि 3, 4 व पाँच जून को विभिन्न विकास खण्डों व निकायों अभियान को लेकर कैम्प लगाए जाएं। योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। सोशल मीडिया का भी प्रयोग किया जाये। ऋण स्वीकृति में अनावश्यक देरी न की जाये। किसी भी स्तर पर होने वाली लापरवाही के लिए सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाये। आवेदनों के निस्तारण में बैंक ऑफ़ इंडिया व इंडियन बैंक की ख़राब स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जतायी। पंजाब नेशनल बैंक की निस्तारण की अच्छी स्थिति पर उन्होंने बैंक की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह व एलडीएम अरविन्द रंजन आदि उपस्थित रहे।

# केजीएमयू की कुलपति को मिला पद्मश्री सम्मान

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की कुलपति व प्रख्यात क्लीनिकल हिमैटोलॉजिस्ट और देश की प्रथम महिला बोनमैरो प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. सोनिया नित्यानंद को पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री सम्मान मिला। इससे केजीएमयू व चिकित्सा जगत में खुशी की लहर है।

डॉ. सोनिया नित्यानंद ने पीजीआई में वर्ष 1991 में प्रदेश का पहला बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर स्थापित किया था। उन्होंने लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और अब केजीएमयू में भी बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर की नींव रख दी है। जहां आने वाले समय में ब्लड कैंसर और ए-प्लास्टिक एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी को उच्चस्तरीय इलाज मिल सकेगा। डॉ. सोनिया वर्ष 2022 में केजीएमयू की कुलपति बनी। इससे पहले वह लोहिया संस्थान में निदेशक थी।

# उपभोक्ता परिषद पहुंच नियामक आयोग दाखिल किया लोकमहत्व प्रस्ताव

- तीन सदस्य कमेटी ने 2020 में जांच कर टोरेंट पावर की दी रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री भले ही नोएडा पावर कंपनी और टोरेंट पावर की सफलता पर गुड़गांन करते हुए निजीकरण हर हाल में होगा का ऐलान कर रहे हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक लोकमहतत्वा प्रस्ताव दाखिल करते हुए कहा तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2020 में टोरेंट पावर व नोएडा पावर कंपनी के जांच के आदेश दिए थे जिस पर पावर कारपोरेशन ने निदेशक कमर्शियल की अध्यक्षता में तीन सदस्यों वाली कमेटी गठित की थी जिसमें निदेशक वित्त भी शामिल थे और कमेटी ने अपनी एक विस्तृत जांच टोरेंट पावर कंपनी के संबंध में पावर कारपोरेशन को सौंपते हुए नोएडा पावर कंपनी के मामले में यह संस्तुति भेजी की क्योंकि एनपीसीएल एक लाइसेंसी है उसकी जांच उत्तर प्रदेश सरकार अपने स्तर से कराए उत्तर प्रदेश सरकार में जब एनपीसीएल के सभी वित्तीय पहलुओं की जांच से संबंधित पत्रावली आगे बढ़ी तो उसे दबा दिया गया। अंततः तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा बदल गए और वर्तमान ऊर्जा मंत्री उसे पत्रावली को आज तक नहीं देखा। उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग से मांग उठाई कि दोनों निजी घरानो के एग्रीमेंट की समीक्षा कराई जाए और टोरेंट पावर के एग्रीमेंट को तत्काल निरस्त किया जाए।

# कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण की मुश्किल बढ़ी

## संजीव सिकरवार हत्या के केस में कोर्ट ने खारिज की एफआर, फिर होगी विवेचना

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र के निवासी संजीव सिकरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के 18 साल पुराने मामले में उप्र सरकार में गन्ना मंत्री एवं छाता विधायक लक्ष्मी नारायण चौधरी की मुश्किलें फिर से बढ़ गई हैं। मंगलवार को एसीजेएम-2/एमपी-एमएलए छवि कुमारी की कोर्ट ने कोतवाली पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। मृतक के पिता ने अंतिम रिपोर्ट के खिलाफ विरोध अर्जी दाखिल की थी। अर्जी में शामिल तथ्यों को आधार बनाते हुए कोर्ट ने तीन माह में इस मामले की विवेचना कर कोर्ट के सामने पेश करने को कहा है।

इस प्रकरण में मंत्री सहित छह लोग केस में आरोपी हैं। शहर कोतवाली में हाईकोर्ट के आदेश पर मौत के एक साल बाद मुकदमा दर्ज हुआ था। अलीगढ़ पुलिस ने इसकी विवेचना की थी। दरअसल, 27 अक्तूबर 2011 को बलदेव थाना क्षेत्र निवासी संजीव सिकरवार पुत्र शिवकुमार का शव रेलवे ट्रैक पर भूतेश्वर के पास मिला था। पुलिस द्वारा मुकदमा न दर्ज करने पर उनके पिता हाईकोर्ट गए। वहां से आदेश होने पर छह अक्तूबर 2012 को घोषित तेल माफिया मनोज अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री एवं छाता से विधायक चौधरी लक्ष्मी नारायण, अजय प्रताप, यशवीर सिंह, ठाकुर रोहतान सिंह व तत्कालीन कृष्णा नगर चौकी प्रभारी शत्रुघ्न उपाध्याय समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।

शहर कोतवाली में अपराध संख्या 893/2012 पर धारा 302, 201, 506, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। उस समय भी चौधरी लक्ष्मीनारायण बसपा की सरकार में मंत्री थे। सरकार बदली तो मुकदमा अलीगढ़ ट्रांसफर हो गया। अलीगढ़




पुलिस ने विवेचना के बाद मुकदमे में एफआर लगा दी थी। मृतक के पिता शिवकुमार सिकरवार ने एफआर का विरोध करते हुए कहा कोर्ट में अर्जी देते हुए तथ्य रखे कि पुलिस ने आरोपियों के प्रभाव में आकर बिना किसी गवाह के बयान दर्ज किए मुकदमे में एफआर लगाई है।

मंगलवार को कोर्ट ने संजीव सिकरवार की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस द्वारा तीन बार लगाई गई एफआर को निरस्त करते हुए पुनः विवेचना कर तीन माह में रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए है। कोर्ट ने पूर्व में दो माह के अंदर रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए थे, लेकिन पुलिस ने साढ़े चार माह बाद कोर्ट में अपनी रिपोर्ट दाखिल की। इस रिपोर्ट सुनवाई के बाद मंगलवार को कोर्ट ने पुलिस की एफआर को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत प्रकरण में विवेचना अपूर्ण व संदिग्ध प्रतीत होती है। अग्रेतर विवेचना कराया जाना आवश्यक है। कोर्ट ने अपने आदेश में कई बिंदुओं पर पुलिस को विवेचना करने के आदेश भी दिए हैं। संजीव के पिता शिवकुमार सिकरवार के आरोप हैं कि उनका पुत्र संजीव सिकरवार उर्फ नेता धौली प्याऊ स्थित श्रीराम धर्मशाला में रहकर भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जुटा था। उसकी सूचना पर ही तत्कालीन एसएसपी भानु भास्कर ने तेल माफिया मनोज अग्रवाल और छाता क्षेत्र में संचालितश्च काले तेल के गोदामों को पकड़ा गया था।

# सीएमएस शिक्षिका सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका सुश्री रितु गुप्ता को इण्टरनेशनल प्राइमरी टीचर्स ओलम्पियाड में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु रु. 25,000/- रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में सुश्री रितु गुप्ता ने द्वितीय रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है एवं अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था यूपीएजूकेटर्स के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में सुश्री गुप्ता ने प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें-मुन्हें छात्रों को शिक्षित करने की अपनी दक्षता एवं नवोन्मेषी शिक्षण प्रतिभा की बदौलत यह उपलब्धि अर्जित की है, साथ ही शैक्षिक क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता,



दक्षता व विशेषज्ञता को प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति का परचम लहराया है। ओलम्पियाड का उद्देश्य प्राइमरी शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित के साथ ही उन उत्कृष्ट शिक्षकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है जो अपनी कक्षाओं में रचनात्मकता, ज्ञान और कौशल से भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य हेतु सदैव समर्पित हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने इस सफलता हेतु सी.एम.एस. शिक्षिका सुश्री रितु गुप्ता को हार्दिक बधाई दी है।

# 'समर कैंप 2025: डाइव इनटू फन' का हुआ सफलतापूर्वक समापन

- हमारे छात्रों ने इस शिविर में कितनी सक्रियता और उत्साह के साथ भाग लिया

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'समर कैंप 2025: डाइव इनटू फन' का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस रोमांचक शिविर में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया, और विभिन्न गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया।

स्कूल के मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों में शामिल करना था। शिविर के दौरान, छात्रों ने विभिन्न प्रकार के खेलों और सीखने के अनुभवों का लुत्फ उठाया, जिनमें ड्रैगन कोलंबस, कैमल राइड, पूल पार्टी, वाटर बैलून बैटलशिप, टग ऑफ वॉर, ट्रम्पोलिन, मेहंदी प्रतियोगिता, फ्रूट सलाद डेकोरेशन और कुक विदाउट फायर जैसी अभिनव गतिविधियाँ शामिल थीं। इन गतिविधियों ने न केवल छात्रों का मनोरंजन किया, बल्कि उनमें टीम वर्क, नेतृत्व कौशल और रचनात्मकता को भी बढ़ावा दिया। समापन समारोह में मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों को संबोधित किया और उनके उत्साह को सराहा।

मैनेजर मुशीर खान तारीन ने अपने संबोधन में कहा, हमें यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे छात्रों ने इस शिविर में कितनी सक्रियता और उत्साह के साथ भाग लिया। यह उनकी ऊर्जा और सीखने की ललक का प्रतीक है। इस अवसर पर निर्देशिका शबाना कौसर ने कहा, इस समर कैंप का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किया गया था, और हमें खुशी है कि हमने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

प्रिंसिपल विल्सन राजन ने अपने संबोधन में छात्रों को बधाई देते हुए कहा, ऐसे आयोजनों से छात्रों को न केवल मनोरंजन मिलता है, बल्कि वे नए कौशल सीखते हैं और उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देता हूँ। प्रबंधक पुत्र हमजा तरीन ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यह सिर्फ एक समर कैंप नहीं था, बल्कि यह दोस्ती, सीखने और अविस्मरणीय यादें बनाने का एक मंच था। मुझे उम्मीद है कि आप सभी ने इन दो दिनों का पूरा आनंद लिया होगा। सभी बच्चों को समापन के दौरान सर्टिफिकेट भी दिए गए जिसमें कुकिंग सीनियर वर्ग में शफक, अजमी , रूशदा, ने तथा जूनियर वर्ग में आलिया, हेयरस्टाइल में रुश्दा ने, क्रिकेट के रोमांचक मैच में प्रिंसिपल इलेवन वर्सेस मैनेजर इलेवन के बीच मैच हुआ।

# ब्रज प्रेस क्लब एवं एनयूजेआई का पत्रकारिता समारोह 30 को

- बृजवासी रॉयल के सभागार में भव्य दिव्य होगा पत्रकारिता दिवस समारोह
- समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है : उपमन्यु

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बृज प्रेस क्लब एवं नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया (एनयूजेआई), एनयूजे उत्तर प्रदेश द्वारा 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मथुरा शहर के स्टेट बैंक चौराहा स्थित बृजवासी रॉयल होटल के सभागार में एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेने के लिए जगतगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद जी महाराज ,भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राज्यसभा सांसद श्री अरुण सिंह जी, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा सांसद राजकुमार चाहर, प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह एवं अन्य सांसद, विधायक महापौर चेयरमैन एवं देश के प्रमुख धर्माचार्य मनीषी एवं वरिष्ठ पत्रकार ,प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी इस भव्य समारोह में भाग लेंगे।

एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं महामंत्री पवन नवरत्न ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया एनयूजेआई एवं ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री उपमन्यु ने ब्रज क्षेत्र के सभी इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया यूट्यूब से जुड़े सभी समाज चिंतकों पत्रकारों से समय से कार्यक्रम में भाग लेकर अपना स्थान सुरक्षित करने का आहवान किया है उन्होंने बताया कि समाज हित में अच्छा कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# मथुरा में भाजपा के अभेद किले को ध्वस्त करना विपक्ष के लिए चुनौती!

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीडा स्थली कभी कांग्रेस का गढ़ रही तो कभी लोकदल का परचम लहराया ,बहुजन समाज पार्टी की भी स्थिति काफी संतोषजनक रही है वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी विपक्ष पर बहुत भारी है और उसके जनपद में सांसद के रूप में हेमा मालिनी विजयी होती चली आ रही है । मथुरा वृंदावन की महत्वपूर्ण सीट सहित पांचो विधानसभाओं पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं दो-दो विधान परिषद के सदस्यों के साथ ही राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के चौधरी किशन सिंह और मथुरा वृंदावन नगर निगम के महापौर सहित अधिकाश जिला पंचायत नगर पालिका अध्यक्ष के अलावा नगर पंचायत की अधिकांश अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पार्षद और




सभासद है अगर सभी को मिलाकर देखा जाए तो यह संख्या सैकडा के आसपास होनी चाहिए।

दूसरी ओर विपक्ष जिनमें कांग्रेस और समाजवादी पार्टी किसी भी रूप में भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले खड़ी दिखाई नहीं दे रही है कांग्रेस पार्टी के पास न जनप्रतिनिधि है और संगठनात्मक रूप में भी मजबूत नहीं दिखाई दे रही है, इसके बावजूद पार्टी हाई कमान भली भांति परिचित है। पार्टी संगठन में गुटबाजी नीचे से लेकर ऊपर तक बनी हुई है जो कांग्रेस के परंपरागत नेता है वह अपनी मूंछो को पार्टी और संगठन से सर्वोपरीय माने बैठे हैं, ऐसी स्थिति में कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में कैसे भारतीय जनता पार्टी को चुनौती दे पाएगी। वहीं इससे पूर्व होने बाली सैमी फाइनल के, रूप में त्रस्तरीय पंचायत चुनावों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएगी इसके लिए पार्टी हाई कमान को मथुरा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जो पिछड़ी जाति का युवा व्यक्ति है मुकेश धनगर को अधिकांश वरिष्ठ नेता सहन नहीं कर पा रहे हैं यह कहना गलत नहीं होगा मुकेश धनगर और उनकी युवा टीम पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए हुए हैं। बहुजन समाज पार्टी का पूर्व में जिले में होने वाले सभी चुनावों के दौरान अच्छा प्रदर्शन देखने को मिलता रहा है। वर्तमान में बसपा की स्थिति भी किसी से छुपी हुई नहीं है पार्टी के स्थानीय नेतृत्व को लेकर बसपा वोट बैंक के अंदर तरह-तरह की चर्चाएं होती रही है।

# टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज की यूपी में फोर्थ पॉजिशन

- आईआईआरएफ रैंकिंग

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने आईआईआरएफ- इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क- 2025 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने यूपी में चौथा, नॉर्थ इंडिया रीजन में 19वां और देश में 53वां स्थान प्राप्त किया है। इन रैंकिंग ने टीएमयू की गुणवत्ता एवम् उत्कृष्टता को एक नई ऊंचाई दी है। किसी भी संस्थान को यह रैंकिंग शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, प्लेसमेंट प्रदर्शन, उद्योग से जुड़ाव और समग्र शिक्षा व्यवस्था में विशेष योगदान के लिए दी जाती है। यह प्रतिष्ठित रैंकिंग टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज की प्रतिबद्धता, नवाचारशील दृष्टिकोण और समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, हम उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फार्मास्युटिकल रिसर्च में अग्रणी बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा कहते हैं, यह रैंकिंग हमारे छात्रों और फैकल्टीज़ के सतत परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है।

उल्लेखनीय है, टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज यूपी का पहला ड्रग इंफॉर्मेशन सेंटर है। यह केंद्र छात्रों को फार्माकोविजिलेंस में ड्रग इंफॉर्मेशन रिट्रीवल और विश्लेषण में कौशल विकसित करने के लिए मील का पत्थर साबित होता है। कॉलेज में डीफार्मा, बीफार्मा, एमफार्मा, डॉक्टर इन फार्मेसी के संग-संग रिसर्च की सुविधा भी है। डॉक्टर इन फार्मेसी उत्तर प्रदेश में केवल छह फार्मेसी संस्थानों में है, जिसमें से टीएमयू का फार्मेसी कॉलेज एक है। प्रतिष्ठित दवा कंपनियों और संस्थानों के संग एमओयू, इंटरनेशनल और नेशनल कॉन्फ्रेंस, देश और दुनिया के जाने-माने फार्मेसी एक्सपर्ट्स के व्याख्यान, इंडस्ट्रियल विजिट कॉलेज की प्राथमिकताओं में शुमार है।

# जिले में चारों ओर बजरंग लाल की धूम खूब लगे जयकारे मंदिरों में हुई पूजा अर्चना

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जेठ मास का तीसरा मंगल सुल्तानपुर वासियों की ऐतिहासिक सेवा भावना का प्रतीक बना।जिले भर में हजारों स्थान पर कलयुग के देवता अयोध्या के राजा महाबली हनुमान जी की पूजा आराधना हुई। बिजेथुआ धाम समेत सभी मंदिरों में दर्शन को भारी भीड़ उमड़ी। सड़क पर राहगीरों के लिए दानवीरों ने अपने हृदय के द्वारा खोलें तरह-तरह के व्यंजन बनाए गए भांति भांति के शरबत तैयार हुए और सेवा में खड़े बजरंगी के भक्त यहाँ राहगीरों ने प्यास बुझाई प्रसाद का आनंद लिया। हर और बजरंगबली की महिमा और जयकारों की धूम रही देर रात तक यह सिलसिला शहर से लेकर गांव तक आम रहा। भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय, अंश द्विवेदी, विनोद पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी व चंद्रभद्र सिंह सोनू के भंडारे की देर शाम तक शहर में चर्चा होती रही।



भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश पांडे बजरंगी द्वारा मौनी मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जहां आशीष पांडे सनी अनीता पांडे राजकुमार सोनी संजय तिवारी समेत दर्जनों लोगों ने प्रसाद वितरण कराया। सपा नेता पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने शहर के आवास पर बजरंगबली की विधिवत पूजा अर्चना के साथ भंडारे का शुभारंभ किया जहां जिले भर से हजारों लोग पहुंचे और भंडारे का आनंद लिया शहर के शाहगंज चौराहे पर स्थित पुरातन रामदयाल मंदिर में भाजपा नेत्री मनीषा पांडे के संयोजन में आयुष मिश्रा चेतन की देख रेख में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया।

# 15 जून से 21 जून तक चलेगा योग कार्यक्रम

**सम्भल (बहजोई)।** आज कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में आगामी 21 जून को 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों व योग प्रशिक्षको के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यालय स्तर पर प्रमुख घाटो, पार्को में नोडल अधिकारी नामित करते हुए 15 जून से 21 जून तक योग कार्यक्रम चलाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग का कार्यक्रम निरंतर उपरोक्त तिथियो में कराया जाए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक विभाग द्वारा इसके मास्टर ट्रेनरो का प्रशिक्षण कराते हुए ब्लॉक स्तर पर भी प्रशिक्षित कराया जाए।

# डीएम ने दिए शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश




अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** लोगों को न्याय दिलाने की शासन की मंशानुरूप जन सुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी अनुनय झा ने लोगों की समस्याओं को सुना। जनपद में आये हुए वृद्ध लोगों से जिलाधिकारी ने आयु पूछी। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से पूछा कि उनको पेंशन मिलती है या नहीं। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से पेंशन व आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। पात्र पाए जाने पर उन्होंने सम्बंधित विभागों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के मामले में उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अवशेष पात्र लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाये ताकि पेंशन की धनराशि निर्बाध रूप से उनके खातों में पहुँच सके। जन सुनवाई के दौरान कुल 78 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों नें संगठन सृजन की बैठक में बनाई रणनीति

■ गोष्ठी में संगठन की मजबूती पर दिया बल, निकाली संविधान बचाओ पद यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



संविधान बचाओ की पद यात्रा निकालते कांग्रेसी

**कन्नौज।** जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में संगठन सृजन की बैठक कोऑर्डिनेटर योगेन्द्र सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होनें जिले में संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की। और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों से खुले मन से पार्टी के लिए कार्य करने का आवाहन किया।

इस अवसर प्रदेश सचिव मनी राम कुशवाहा ने जिलाध्यक्ष को संगठन को मजबूत करने के सुझाव दिए। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने संगठन व पार्टी के लिए तन मन धन से समर्पित रहने की अपील की। इसके बाद संबिधान बचाओ गोष्ठी पर सबने अपने अपने विचार रखे और पायनियर रेस्टोरेंट से लेकर पुराने न्यायालय तक संविधान बचाओ की पद यात्रा निकाली गयी।

इस दौरान झांसी जिला उपाध्यक्ष अखिलेश गुरुदेव, झाँसी जिलाध्यक्ष एससी एसटी शैलेन्द्र वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, हरिशंकर मिश्र अधिवक्ता, महिला अध्यक्ष रीना सिंह, किरन गिहार, महेश पाण्डेय, आमिर अंसारी एडवोकेट, आकाश कटियार, बृजेन्द्र कमल, आमिर खान, बृजेन्द्र जाटव, संदीप सिंह, फैशल खान एडवोकेट, पारुल त्रिपाठी, एहसानुल हक, रामशंकर राठौर, लियाकत भाई, राजीव श्रीवास्तव, फहद गुड्डु, पूनम, कुसमा, रूबी, पूजा, राधा, सूफिया, राजू खान, मेराज वारसी, जितेंद्र दोहरे, अमरसिंह, इमरान अली, मेराज सिद्दीकी, वासिजन ओवैसी, पंकज गुप्त, अतीक सिद्दीकी, रामसिंह कठेरिया, सुनील यादव एडवोकेट, फिरदौस खान, शिवनारायण शर्मा, शमशाद सिद्दीकी, फरहान खान, जितेंद्र सिंह चौहान, कलीम खान, आदिल, अमरसिंह, आशीष शुक्ल, विनोद दोहरे, छुट्टन नम्बरदार, ओवैस अंसारी आदि मौजूद रहे।

# पारिवारिक कलह से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** थाना अचलगंज अन्तर्गत बिछिया गांव में सोमवार देररात एक 28 वर्षीय युवक ने पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव के चलते कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गिरीश चंद्र के पुत्र रोहित के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना अचलगंज के बिछिया गांव निवासी रोहित 28सोमवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर चिंतित परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो उनके होश उड़ गए। रोहित कमरे की छत में लगे कुंडे से गमछे के सहारे लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के पिता गिरीश चंद्र ने बताया कि उनके बेटे का किसी से कोई बाहरी विवाद नहीं था। हालांकि, परिजनों ने यह भी जानकारी दी कि रोहित पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहा था और पारिवारिक तनाव से भी जूझ रहा था। गांव के निवासी रौनक सिंह के अनुसार, रोहित शांत और मिलनसार स्वभाव का था और उसकी आत्महत्या की खबर से सभी स्तब्ध हैं।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और परिजनों व संबंधित लोगों से पूछताछ कर मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

## तीस मई को अमरोहा में मनेगा पत्रकारिता दिवस

**अमरोहा।** तीस मई 2025 को वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के जन्म दिवस पर हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर न्यू अमरोहा ज़िला प्रेस क्लब (रजिस्टर्ड) तथा अमरोहा प्रेस क्लब (रजिस्टर्ड) के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका मार्केट में स्थित प्रेस क्लब के कार्यालय पर मनाया जायेगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संयुक्त कार्यक्रम का संयोजक /वरिष्ठ पत्रकार डा. महताब अमरोहवी ने बताया कि पूर्व में यह कार्यक्रम नायाब अब्बासी डिग्री कालिज के विशाल सभागार में होना प्रस्तावित था परन्तु 29,30,31 मई को महाविद्यालय में विश्विद्यालय की सत्र परीक्षाएँ चल रही हैं तथा इस कार्यक्रम में कई बड़े समाजसेवियों राजनेताओं व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों का आमंत्रित किया जाना था,बड़ा कार्यक्रम सेमिनार जून के तीसरे चौथे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा।अब पुलिस प्रशासन तथा मीडिया के संबंधों पर गोष्ठी का आयोजन 30/5/2025 (शुक्रवार) प्रातः 9 नो बजे नर पालिका मार्केट अमरोहा स्थित अमरोहा प्रेस क्लब कार्यालय में किया जाएगा। जनपद के सभी पत्रकार साथी समय पर पहुँच कर अपने सुझावों और विचारों से अवगत करें।समय का विशेष ध्यान रखें।

# अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याओं का दिया ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी उन्नाव, के प्रतिनिधि न्यायिक मजिस्ट्रेट रामदेव निषाद को सौंपा। ज्ञापन में अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं की स्थिति बेहद चिंताजनक एवं उपेक्षापूर्ण है। अधिवक्ता समाज अपने को असुरक्षित एवं उपेक्षित महसूस कर रहा है। आये दिन अधिवक्ताओं पर हमले होने के साथ-साथ अप्रिय घटनायें हो रही है। अधिवक्ता संरक्षण कानून जो बहुप्रतिक्षित है जिसे तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है। अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व आकस्मिक व स्वाभाविक मृत्यु बीमा धनराशि कम से कम बीस लाख रूपये के साथ-साथ बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन कम से कम दस हजार रूपये तथा वकालत पेशे में आने वाले नए व युवा अधिवक्ताओं को प्रतिमाह पांच हजार रूपये मानदेय दिया जाना भी अत्यन्त आवश्यक है। अधिवक्ता प्रायः एक जिले से दूसरे जिले में वकालत करने जाते है कभी-कभी उन्हें उच्च न्यायालय भी जाना पड़ता है टोल टैक्स माफ किया जाना भी अति आवश्यक है। अधिवक्ताओं के कार्यालय, लाइब्रेरी व आवास के लिए ब्याज मुक्त ऋण के साथ-साथ मुख्यालय से तहसील स्तर तक सरकारी धन से चैम्बर का निर्माण कराया जाना नितान्त आवश्यक है। मुख्यमंत्री से आशा व्यक्त किया कि उन्नाव के अधिवक्तागण आपसे यह मांग करते है कि अधिवक्ताओं की उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल हस्तक्षेप करें। ज्ञापन देने वालो में नि0 महामंत्री, अरविन्द दीक्षित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धरमंगल सिंह अधिवक्ताओं में राजेन्द्र बाजपेई, ऋतुराज सिंह, रामनरेश यादव, रमेश बाबू द्विवेदी, रजनीश चन्देल, रामवती, भारतेन्दु शुक्ला, राजेश यादव बलाई, रमेश श्रीवास्तव, पंकज कुशवाहा, अवनीश तिवारी, संजीव सिंह चौहान, नीलम साहू, कुसुम मिश्रा सदस्य कार्यकारिणी, नीलू द्विवेदी शहीन, शिखा मिश्रा, शिवांगी शुक्ला सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# बेटे का शव देख मां के भी उड़ गये प्राण-पखेरू

**अवधनामा संवाददाता**

■ गतदिवस मार्ग दुर्घटना में हुई थी बेटे की मौत

**उन्नाव।** अजगैन थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को बेरहमी से कुचल दिया। हादसे मे गंभीर रुप से घायल युवक को सी एच सी ले जाया गया जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सुबह पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर पहुचा। जवान बेटे का शव देख मां की हृदयगति रुकने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली के कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला गांधी नगर निवासी अंकित 24 पुत्र राकेश सोमवार देर रात अपनी फैक्ट्री से काम समाप्त कर घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि वह अजगैन थाना क्षेत्र में एक होटल (ढाबे) के पास से पैदल गुजर रहा था, तभी एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहा लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची अजगैन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुबह पोस्टमार्टम के बाद अंकित का शव घर पहुचा जवान बेटे का शव देख मां गुड्डन के दिल की धडकने रूक गई। मृतक अंकित तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था और अपने माता-पिता, एक बड़े भाई, एक छोटे भाई और एक बहन के साथ रहता था। वह परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में अपने पिता का हाथ बंटाता था। दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही कस्बे मे फैली नवाबगंज कस्बे के लोग शोक मे डूब गये

# समर्थ पोर्टल से प्रवेश-प्रक्रिया हेतु कार्यशाला आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के सेमिनार हॉलध् फैसिलिटी सेंटर में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया की तकनीकी बिंदुओं पर ध्यान आकर्षण के लिए बृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पंजीकरण प्रवेश-प्रक्रिया 2025- 26 समर्थ पोर्टल के माध्यम से किस प्रकार किया जाय ,इसकी बारीकियां से समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार वर्मा द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। जनपद के कोने-कोने से आए हुए प्राध्यापकध् प्राचार्य ध्कोऑर्डिनेटरध् प्रबंध सभी कार्यशाला में उपस्थित होकर समर्थ पोर्टल की बारीकियां से अवगत हुए, नारा दिया गया समर्थ से सामर्थ की ओर। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि आज विश्वविद्यालय परिसर के सेमिनार हाल में कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार के निर्देशक तथा कुल सचिव विश्वेश्वर प्रसाद के मार्गदर्शन में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यशाला आयोजित की गईश् जिसमें जनपद के कोने-कोने से आए प्राध्यापकों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की साथ ही वे समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया में नई तकनीकी से न सिर्फ अपडेट हुए बल्कि बारीकियां से अवगत भी हुए, समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार वर्मा ने प्रत्येक बिंदुओं पर और संभावित समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने उसका निदान भी बताया । उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत न्यू रजिस्ट्रेशन से होगी, इसमें ई-मेल का प्रयोग बहुत ही आवश्यक है साथ ही जो मोबाइल नंबर छात्र-छात्राओं का ऐड होगा वह मोबाइल नंबर किन्हीं परिस्थितियों में यदि बदल जाता है तो उसका डिटेल संबंधित प्रचार के माध्यम से विश्वविद्यालय को अवश्य अवगत करा दे फिर उन्होंने ओ.टी.पी. मांगने पर संबंधित को देने के उपरांत आपकी लॉगिग जनरेट हो जाएगी, फिर आगे आपको अपनी आई.डी .के लिए कोई शर्त नहीं कोई भी आईडी अपलोड करना होगा। समर्थ पोर्टल की प्रवेश प्रक्रिया में सरलीकरण हेतु कयू ध्आर कोड का भी ऑप्शन दिया गया है। इसलिए बिना डरे आप प्रवेश प्रक्रिया का दायित्व निर्वहन करेंद्य निश्चय ही आने वाले कल के लिए यह भीम मिल का पत्थर साबित होगी। छात्र छात्राओं के लिए सुखद एहसास होगा। कोई भी नया कार्य करते समय कठिनाई तो आएगी ही ,यदि अन्य कोई समस्या होंगी तो नोडल अधिकारी डॉक्टर दिलीप कुमार वर्मा से आप संपर्क कर सकते है। अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुल सचिव विशेश्वर प्रसाद ने बताया कि समर्थ पोर्टल से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं, जहां आपकी आईडी अपलोड हो जाएगी जो ऑप्शन आएंगे उसको पूर्ण करते हुए आप आगे बढ़े, समस्या का तुरंत निदान भी हो जाएगा । किसी कारण से यदि किसी के माता-पिता या भाई-बहन अशिक्षित रह गए हो तो उसमें शर्माने की कोई जरूरत नहीं आप विश्वविद्यालय में लगे हेल्प- डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालय के सभी जिम्मेदार लोगों से अनुरोध किया कि आप तकनीक से जुड़कर समस्याओं का आसानी से निदान का सकते हैं, नई शिक्षा- नीति-2020 हो या यूजीसी की गाइडलाइन हमें उसे फॉलो करना ही होगा ,इसलिए आप लोगों से अनुरोध है कि जितना जल्दी हो सके अपने छात्र-छात्राओं को समर्थ पोर्टल की बारीकियां से अवगत कराने के साथ-साथ सभी को प्रतिपल अपडेट रहने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने अचलगंज थाने का किया औचक निरीक्षण



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा थाना अचलगंज का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस, भोजनालय, नवनिर्मित कक्ष एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया। तदोपरान्त अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांचा गया एवं प्रभारी निरीक्षक अचलगंज को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### नहर में डूबकर युवक की मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** माखी थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम दोस्तों के साथ शारदा नहर नहाने गया युवक गहरे पानी में फंसकर डूब गया। साथियों ने बचाने की कोशिश की लेकिन सफल नही हुए। घटना की जानकारी पर ग्रामीणों के साथ परिजन मौके पर पहुंचे और थोडी दूरी पर फंसा शव बरामद किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। गडार गांव निवासी श्रीराम 26 पुत्र रघुनंदन मंगलवार की शाम दो अन्य साथियों के साथ शारदा नहर गडार पुल के पास नहाने गया था। इसी बीच वह गहरे पानी में फंसकर डूब गया। साथियों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव बरामद किया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है मृतक के परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है।

### मधुमक्खियों के हमले से दादी-पोती घायल

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** औरास थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर बगीचे की रखवाली कर रही बुजुर्ग महिला और नातिन पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया जिससे दादी पोती गभींर रुप से घायल हो गयी जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोबारि गांव निवासी यशोदा पत्नी सूरजबली मंगलवार को गांव के बाहर स्थिति आम के बगीचे में फसल की रखवाली कर रही थी। दोपहर मे दस साल की नातिन शगुन पुत्री दिनेश भी बगीचे में पहुंच गयी इसी बीच मधुमक्खियों ने हमला कर दिया शोरगुल मचा तो आसपास के बगीचे से अन्य लोग मौके पर पहुंचे और आग जला कर मधुमक्खियों को भगाया तब तक दोनों गभीर रूप से घायल हो गयी थी जिन्हें मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अब सरस्वती मेडिकल कालेज में स्तन कैंसर पीड़ित महिलाओ को मिलेगा बेहतर इलाज



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सरस्वती मेडिकल कॉलेज में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्तन निरीक्षण क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। इस क्लीनिक का शुभारंभ जाफिगो और लॉग्स के सहयोग से स्त्री प्रसूति विभाग में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव ने कहा कि यह पहल स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एक अहम कदम है। इस स्तन क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना है। इस नए क्लीनिक में स्तन संबंधी समस्याओं से जूझ रही महिलाओं को प्रारंभिक जाँच और परामर्श की सुविधा मिलेगी। इस क्लीनिक में स्तन संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक जाँच और परामर्श की सुविधा होगी। स्तन कैंसर के मरीजों के लिए आगे की विस्तृत जाँच और उपचार की व्यवस्था भी की गई है। आवश्यकता अनुसार राममनोहर लोहिया अस्पताल में भेजने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस शुभारंभ के दौरान डॉ. ऋषिका राज, डॉ. निधि जौहरी, डॉ. ऋचा पांडेय, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. चित्रांगदा गुप्ता, डॉ. ऋचा यादव और डॉ. साक्षी राय उपस्थित रहे, जिनका योगदान इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा।

### अवैध खनन पर की गयी कार्यवाही

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** थाना औरास क्षेत्र के अंतर्गत रात के अंधेरे में हो रहे खनन की शिकायत पर उपजिलाधिकारी के निर्देश पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने खनन की पुष्टि होने पर जेसीबी मशीन संचालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया। औरास थाना क्षेत्र के सीमऊ गांव में सोमवार देर रात जेसीबी मशीन से एक किसान की संक्रमणीय भूमि से अवैध खनन कर थाना क्षेत्र के ही शीशी चौराहे पर एक प्लॉट में मिट्टी डाली रही थी, जिसकी शिकायत पर उपजिलाधिकारी हसनगंज के निर्देश पर जांच करने पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुँच कर जांच की। जांच करने के बाद अवैध खनन की पुष्टि होने पर लेखपाल ने जेसीबी संचालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

## शार्ट सर्किट से मोबाइल दुकान में लगी आग

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत औरास के मोहल्ला गौतमबुद्ध मुख्य चौराहे के पास स्थित संजय मोबाइल दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसे देख राहगीर ने पास के दुकानदारों को सूचना दी आस पास के दुकानदारों ने निजी संसाधनों से आग बुझाई दुकानदार मंगलवार रात दुकान बंद कर चल चला गया था तभी आग लग गयी। गनीमत रही कि आग अंदर शोरुम तक नहीं पहुंची जिसके अंदर कपड़े व मोबाइल सहित होल सेल का कीमती सामान रखा हुआ था। दुकानदार संजय गुप्ता ने बताया कि आग दुकान के बाहरी हिस्से तक ही सीमित थी सही समय से जानकारी होने पर लाखों का नुकसान होने से बच गया।

## केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार कल/ आज/ संभल के चन्दौसी आयेंगे

**सम्भल (बहजोई) अवधनामा संवाददाता।** केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली डॉ वीरेंद्र कुमार 29 मई 2025 गुरुवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री जी मुख्य अतिथि पूर्वाह्न 11 बजे ओ.एल. एफ रिसोर्ट चंदौसी में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के माध्यम से पूर्व चयनित 559 दिव्यांगजन एवं 51 वृद्धजनों को विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरित करेंगे।

## ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की मौत

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** दरभंगा के जमालपुर नदियारी पलवा निवासी रोहित पासवान की प्रयागराज रेलवे स्टेशन के पास ब्रह्मपुत्र सुपर फास्ट एक्सप्रेस से गिरने से मौत हो गई। 45 वर्षीय रोहित दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित 26 मई को पटना से दिल्ली जाने के लिए ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस में सवार हुए थे। 27 मई की शाम को प्रयागराज स्टेशन पहुंचने से पहले वे जनरल बोगी के गेट से चलती ट्रेन से गिर गए। ट्रैक मैन ने शव देखकर जीआरपी को सूचना दी। पुलिस ने शव की पहचान कर परिवार को सूचित किया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंची रोहित की पत्नी आशा और उनके बच्चे शव देखकर बिलख पड़े। पत्नी ने कहा कि परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से अब बच्चों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिन सत्संग विवेक ना होई

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** श्रृंगवेरपुर धाम में भगवान श्री राम केवट मिलन स्थली मां भगवती गंगा जी के तट पर पर्यटक सुविधा केंद्र पर श्री मद भागवत भगवान की कथा का आयोजन सुरू हुआ। कथा के पूर्व कमालापुर से लाल गोपालगंज भगवती पुर से श्रृंगवेरपुर धाम तक कलश यात्रा निकाली गई। जहां बड़ी संख्या में भक्तो के द्वारा धूम धाम से कलश में गंगा जल लेकर कथा स्थल तक पहुंचे जहां 4 बजे से भागवत कथा व्यास वृंदावन धाम से आए राहुल कृष्ण जी महाराज जी के श्री मुख से कथा आरंभ हुई। कथा में महाराज जी ने बताया की यह धाम भगवान श्री राम का है। राम ही कृष्ण है और जहां श्री राम जी शयन किया हो उस जगह कथा कहने अवसर मिला। उन्होंने कहा कि जहां भी सत्संग हो वहा सभी को हिस्सा लेना चाहिए तो प्रभू की कृपा होती है।मुख्य यजमान अमृता शुक्ल एवं रामचंद्र शुक्ल ने बड़े हर्षोल्लास के साथ कथा श्रवण किया। इस बीच राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी, सहकारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण चंद्र पांडे, आर्यावर्त सनातन महासभा के जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला, बसंत लाल उपाध्याय, मुख्य आयोजक मनोज शुक्ल व दुर्गेश शुक्ल, हरिशंकर त्रिपाठी, कमलापति त्रिपाठी, प्रेम त्रिपाठी, रविंद्र दुबे, अरविंद दुबे, मिथिलेश मिश्रा, राम शिरोमणि शुक्ला, आशीष केसरवानी, तन्मय द्विवेदी, विश्वास द्विवेदी, अमित द्विवेदी मौजूद रहे।

## सपाजनों ने की पुलिस कस्टडी में मृत हीरालाल के परिजनों से मुलाक़ात



**प्रयागराज।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के नारेपार, बुदोना गाँव में सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में पार्टीके नेताओं, पदाधिकारियों ने पुलिस कस्टडी में मृतक हीरालाल केपरिजनों से मुलाक़ात की। मृतक के भाई श्यामलाल, बेटे अमन, अभिषेक एवं बेटी महिमा से बातचीत किया। उन्हें सांत्वना देते हुए अश्वस्त किया कि समाजवादी पार्टी उनकी हर मदद करेगी। सपा नेताओं ने इस घटना की उच्च स्तरीय जाँच की मांग करते हुए सरकार से 20लाख की आर्थिक सहायता एवं परिजनों को सुरक्षा देने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व मंत्री अंसार अहमद, दूध नाथ पटेल, शांति प्रकाश पटेल, संगम लाल मौर्य, आदिल हमजा, अमर सिंह यादव, राकेश पासी आदि मौजूद रहे।

# अंडर-16 लीग में कायस्थ पाठशाला क्लब चैंपियन

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला क्लब ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब ए को 15 रन से हराकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम किया। केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में केस पाठशाला क्लब ने 40 ओवर में सात विकेट पर 248 रन (अतुल यादव 81, अनमोल यादव 75, आर्यन पांडेय 27, विराट सिंह 25, मोहम्मद अली जफर खान 3/44, सागर यादव 3/54) बनाए। जवाब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब ए की टीम 39.5 ओवर में 233 रन (सुहैब खान 102, वीर प्रताप 45, सागर यादव 23, आदित्य पाठक 3/45, सचिन मिश्रा 2/26, मोहम्मद अली 2/52) पर सिमट गई। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व राहुल सिंह अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे। मैच से पहले कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के महासचिव एवं इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक एसडी कौटिल्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर, एसीए के संयुक्त संयोजक (लीग एवं मंडल) एलबी काला और चौधरी नौनिहाल क्लब के सह सचिव सत्यव्रत सहाय ने उनका स्वागत और एसीए के संयुक्त संयोजक (प्रशासन) सोमेश्वर पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अनुराग श्रीवास्तव, मोहम्मद आसिफ, उदय प्रताप सिंह, प्रीतेश सोनकर, अंकित पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## बच्चा चोरी के शक में युवक की पिटाई

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के कचरी गांव में एक युवक को बच्चा चोर समझकर ग्रामीणों ने लाठी डंडे से हमला कर पीट दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। घटना बीती रात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो महीने पहले कचरी गांव का एक लड़का राजा पटेल लापता हो गया था। वह लड़का बलिया निवासी उमाशंकर के पास रह रहा था। एक महीने पहले लड़का अपने घर वापस लौट आया और उमाशंकर का मोबाइल और सिम लेकर चला आया। जिसके बाद से उमाशंकर उस लड़के की तलाश कर रहा था। उमाशंकर लड़के की खोजबीन करते हुए रात के समय कचरी गांव पहुंचा। लड़के के घर पहुंचने पर परिवार वालों ने उसे बच्चा चोर समझ लिया। घरवालों और ग्रामीणों ने मिलकर उमाशंकर की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान जब उमाशंकर ने पूरी बात बताई, तब ग्रामीणों ने करछना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल उमाशंकर को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

## मेजा में गंगा नदी पर पुल अतिआवश्यक- उज्जवल



**प्रयागराज।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मांग किया है कि मेजा में परानीपुर से लक्षागृह हंडिया एन एच 2 को जोड़ने के लिए एक फोर लेन पक्के पुल कि अति आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षो से मेजा में पक्के पुल की मांग की जा रहीं हैं क्योंकि कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेजा के लोगों कि एक मान्यता सुनने को मिली कि लड़के की शादी दक्षिण और लड़की की शादी उत्तर की ओर करने की एक सोच कि वजह से मेजा वालों की अधिकतर रिश्तेदारी गंगा पार हंडिया और उसके आसपास हैं इस पुल से उनको बहुत सहूलियत होगी तथा रीवा बांदा भी सीधा एन एच 2 से जुड़ जायेंगे तो प्रयागराज शहर में जाम के झाम से छुटकारा मिलेगा। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि नई दिल्ली में सदन सत्र के दौरान केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से व्यक्तिगत मिलकर सांसद उज्जवल रमण सिंह ने प्रयागराज कि जनसंख्या व कुम्भ महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए आउटडोर रिंगरोड़ के साथ मेजा में एक पक्के पुल की भी मांग रखीं थीं जिसपर मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि प्रदेश सरकार से प्रस्ताव आयेगा तो उसपर गम्भीरता से विचार होगा।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत, भाई घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** मंगलवार को सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि उसका आठ वर्षीय मौसेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया, वहीं बच्चे को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार बाबूखेड़ा गांव निवासी सचिन (18) अपने मौसेरे भाई पीयूष (8) को बाइक पर घुमाने के लिए ले गया था। जैसे ही वे आशाखेड़ा गांव के पास भैसौरा मार्ग पर पुलिया के समीप पहुंचे, सचिन की बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। पीयूष की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पीयूष की मां रीता अपने मायके आशाखेड़ा गांव आई हुई थी। मृतक सचिन अपनी मां के निधन के बाद से पिछले 15 वर्षो से अपनी नानी रामदुलारी के साथ आशा खेड़ा गांव में रह रहा था। थाना प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बनारस क्रिएटर्स लीग में सारनाथ स्पोर्ट्स और काशी नाइट्स अगले चक्र में



**वाराणसी।** वाराणसी के विभिन्न स्थानों पर खेल प्रतियोताएं आयोजित हो रही हैं। दर्शकों और अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जीते हुए प्रतिभागियों के सम्मान के साथ ही प्रोत्साहित किया गया। सिगरा के डालिम्स सनबीम स्कूल में बनारस क्रिएटर्स क्रिकेट लीग (बीसीसीएल) में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। बीसीसीएल में मिलन ने अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर काशी नाइट्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। पहला मुकाबला अस्सी एवेंजर और सारनाथ एवेंजर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अस्सी ने 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाए। जवाब में सारनाथ की टीम ने विश्वास के 18 रन की बदौलत 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला काशी नाइट्स और रामनगर रॉयल्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी कर रामनगर रॉयल्स ने 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाए। अंकित ने 44 रन की तूफानी पारी खेली। जवाब में काशी नाइट्स ने अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर चौका मारकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मिलन ने 32 रनों की अहम पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने।

# विश्व चैंपियन गुकेश को अपने ही देश के खिलाड़ी से मिली शिकस्त, एरिगैसी संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन ओपन वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश शुरुआती दो राउंड हारने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें दूसरे दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी इस शानदार जीत से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दूसरे दौर के एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले मे हिकारू नाकामुरा ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। कार्लसन ने पहले दौर में गुकेश को हराया था। छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन ओपन वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश शुरुआती दो राउंड हारने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। विश्व के चौथे नंबर के भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी 4.5 अंकों के



साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

सफेद मोहरों से खेल रहे एरिगैसी ने शुरूआत में बढ़त हासिल कर ली, लेकिन गुकेश की मजबूत रक्षापंक्ति ने अंत में बराबरी का खेल बना दिया। आखिर में मुकाबला रोमांचक बन गया था लेकिन गुकेश समय कम होने के कारण दबाव में आ गए और एरिगैसी इसका फायदा उठाकर चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच को 62 चाल में जीतने में सफल रहे।

एरिगैसी ने इस वर्ष की शुरुआत में टाटा स्टील शतरंज में भी गुकेश को हराया था। उनका क्लासिकल शतरंज में गुकेश के खिलाफ 6-0 का शानदार रिकॉर्ड है। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को आर्मागेडन में चीन के वेई यी को हराकर 1.5 अंक हासिल किए थे। एरिगैसी इस बात से हैरान थे कि गुकेश ने शुरुआती चालों में इतना समय क्यों लिया जिससे वह समय के दबाव में आ गए। 17वीं चाल से ठीक पहले गुकेश ने पाया कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी से एक घंटे से अधिक पीछे हैं। एरिगैसी ने कहा, मैं थोड़ा हैरान हूं कि गुकेश ने शुरू में इतना समय क्यों बर्बाद किया।

एरिगैसी तीसरे दौर में फैबियानो करुआना से खेलेंगे, जबकि गुकेश रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा के खिलाफ वापसी की उम्मीद करेंगे। महिला वर्ग में भारत के दोनों खिलाड़ियों ने निराश किया। यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी पर शानदार जीत दर्ज की। आर वैशाली चीन की टिंगजी लेई से आर्मागेडन गेम में हार गई।

## उम्र बहत्तर.. युवाओं को दे रहे टक्कर~ क्ष। में फुटबॉल मैच, महामना को हराकर सीर एकादश ने जीता मुकाबला

**वाराणसी।** बीएचयू स्थित बिड़ला मैदान में युवाओं और बुजुर्गों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता ने दर्शकों को आकर्षित कर दिया। इसमें बुजुर्गों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक गोल करने वाले 72 साल के ललई सिंह की काफी सराहना हुई। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बिड़ला मैदान पर युवाओं और बुजुर्ग खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया। सीर एकादश और महामना एकादश के बीच खेले गए मुकाबले में राजेश यादव के दो गोल की मदद से सीर एकादश ने दो गोल से मैच जीत लिया। निर्णायक गोल करने वाले 72 साल के ललई सिंह ने बताया कि उम्र सिर्फ एक नंबर है। इस पड़ाव पर ललई सिंह और उनकी टीम के खिलाड़ी रोज मैदान पर सुबह साढ़े सात बजे पहुंच जाते हैं। बुजुर्ग और युवाओं के बीच तालमेल इतना है कि दोनों टीम महज 15 मिनट में तैयार होकर मैदान पर उतर जाते हैं।



युवाओं की टीम झारखंड निवासी अमित तो बुजुर्गों की टीम में डॉ. रमेश सिंह टीम के धाकड़ खिलाड़ी हैं। टीमों के खिलाड़ियों को मैदान पर देख लगता है कि 72 साल के बुजुर्ग आज के युवाओं को टक्कर दे रहे हैं।

ललई सिंह ने बताया कि बताया कि फुटबॉल खेलने की शुरुआत 20 साल पहले एंफीथियेटर से हुई। बरेका से लेकर शहर के अलग-अलग हिस्सों से फुटबॉल के जाने माने खिलाड़ी आने लगे। छह सात साल में टीम रोज आने लगी और खिलाड़ियों की संख्या भी बढ़ गई। एक समस्या थी कि रविवार को मैदान बंद रहता था।

**रोज दो घंटे करते हैं अभ्यास**

मूलरूप से चंदौली के बबूरी निवासी ललई सिंह ने बताया कि रोज दो घंटे मैदान पर अभ्यास करते हैं। 45 मिनट वार्मअप के बाद टीम खेलने उतरती है। मैच में एक-एक गोल के लिए खिलाड़ी संघर्ष करते हैं। कई बार गोल के लिए गर्मागर्मी हो जाती है, लेकिन अगले ही पल सब खेलने पर फोकस करते हैं।

फुटबॉल दुनिया में सर्वाधिक देशों में खेला जाता है। राष्ट्रीय फुटबॉल में वाराणसी ने सर्वाधिक खिलाड़ी दिए हैं। यहां फुटबॉल तेजी से उभर रहा है। बेनिया बाग मैदान में पाकिस्तानी टीम आ चुकी है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन में की जीत से शुरुआत, लक्ष्य सेन हुए रिटायर हर्ट

**सिंगापुर।** चिराग के चोटिल होने के कारण मार्च में हुए ऑल इंग्लैंड ओपन के बाद पहली बार उतरी विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में मलयेशिया के चोंग होन जियान और मोहम्मद हाएकाल को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-13 से हराया।

सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की है। हालांकि, पुरुष एकल वर्ग में भारत को बुधवार को उस वक्त निराशा मिली जब लक्ष्य सेन को शुरुआती दौर के मुकाबले में रिटायर हर्ट होना पड़ा। लक्ष्य ने चोटिल होने के कारण बीच में ही मुकाबला छोड़ दिया।

चिराग के चोटिल होने के कारण मार्च में हुए ऑल इंग्लैंड ओपन के बाद पहली बार उतरी विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में मलयेशिया के चोंग



होन जियान और मोहम्मद हाएकाल को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-13 से हराया। यह सात्विक-चिराग की 41वीं रैंकिंग की मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ दूसरी जीत थी। भारतीय जोड़ी फिलहाल विश्व में 27वें नंबर पर चल रही है। इस महीने की शुरुआत में यह जोड़ी सुदीरमन कप में भी नहीं खेली थी, क्योंकि सात्विक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। इससे पहले वे इस सत्र में मलयेशिया ओपन और इंडिया ओपन दोनों में सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सेन को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर काबिज सेन ने अच्छी शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से जीता, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में सेन चोट के कारण रिटायर होने से पहले 5-13 से पीछे चल रहे थे। सेन की चोट की वास्तविक प्रकृति के बारे में पता नहीं चल पाया है।

मिश्रित युगल वर्ग में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गड्डे ने चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की अमेरिकी जोड़ी को 35 मिनट में 21-16, 21-19 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल में आकर्षि कश्यप विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान यू से 58 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 13-21, 7-21 से हार गईं।

## नीलिमा ने जीती सौ मीटर दौड़

महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता मंगलवार सुबह परमानंदपुर के बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हुई। सौ मीटर दैड़ में नीलिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया। आस्था कुशवाहा दूसरे और रविता सिंह तीसरे स्थान पर रही। दौड़ में तीस महिलाओं ने हिस्सा लिया। संयोजक यूपी एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब की अध्यक्ष डॉ. आशा सिंह ने बताया कि दौड़ के माध्यम से बताया जा रहा है कि महिलाओं को हर उम्र में फिट रहना जरूरी है। महिलाएं फिट रहेंगी तभी परिवार, समाज फिट बनेगा।

## 124 फुटबॉलरों को दिया गया प्रशिक्षण

अपकमिंग सॉकर क्लब (यूपीएससी) की ओर से गहनी के सिएट कॉलेज के मैदान पर फुटबॉल खिलाड़ियों को तकनीकी ट्रेनिंग दी गई। शिविर में 124 फुटबॉलर आठ टीमों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस मौके पर 100 बटालियन यूपी कॉलेज एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश रोशन, साकेत सिंह, मनजीत, अमित, आरिज, अजीज मौजूद रहे।

## बास्केटबॉल टीम का चयन ट्रायल 29 को

प्रादेशिक बास्केटबॉल मेरठ में 8 से 14 जून तक खेली जाएगी। जिले की टीम का चयन ट्रायल यूपी कॉलेज में होगा। जिला बास्केटबॉल संघ के संयुक्त सचिव विभोर भृगुवंशी ने मंगलवार को बताया कि जिला बास्केटबॉल संघ की ओर से जूनियर बालक-बालिका टीम का चयन ट्रायल 29 मई को सुबह सात बजे उदय प्रताप कॉलेज के बास्केटबॉल कोर्ट पर होगा। एक जनवरी 2007 या उसके बाद जन्मतिथि वाले खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं।

## दो जून से जूनियर जिला हॉकी लीग का पंजीकरण

जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण दो जून से होगा। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि इसे बाबू आरएन सिंह जिला हॉकी लीग अंडर-16 कहा जाएगा। जून के अंतिम सप्ताह से डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल बड़ालालपुर के नवनिर्मित एस्ट्रोटर्फ पर प्रतियोगिता होगी। बच्चों को शुरू से अंतरराष्ट्रीय स्तर के टर्फ पर खेलने का मौका मिलेगा।

## अंतरराष्ट्रीय पैरा शूटर सुमेधा द. कोरिया रवाना

पैरा वर्ल्ड कप निशानेबाजी में हिस्सा लेने काशी की बेटी सुमेधा पाठक सोमवार देर रात दिल्ली से दक्षिण कोरिया रवाना हो गई। पैरा शूटर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 15वें पदक के लिए खेलेंगी। सुमेधा अब तक 10 मीटर पिस्टल में 14 पदक जीत चुकी हैं।

वह पैरा वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगी। अब तक नेशनल में आठ और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में दो रजत और चार कांस्य पदक जीत चुकी हैं। उन्हें तीसरी बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

## पदक विजेता खिलाड़ी का स्वागत

प्रादेशिक मुयु थाई चैंपियनशिप में वाराणसी के खिलाड़ी अहदु समद ने रजत पदक जीता है। समद का स्वागत मंगलवार को मेहंदीगंज के पीएस पब्लिक स्कूल में हुआ। विद्यालय के निदेशक अमरनाथ पटेल ने बताया कि छठवीं के समद ने 25 मई को लखनऊ में चैंपियनशिप में पदक जीता। कोच दिनेश प्रजापति के अलावा उत्तम पटेल, कल्पना शर्मा, दिनेश पटेल रहे।

## खिलाड़ियों का आरएसओ ने किया सम्मान

बरेली में प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का सम्मान क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने सिगरा कार्यालय में किया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए मेहनत करने की नसीहत दी। प्रादेशिक प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय में खेलेंगे। बरेली स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता 23 से 25 मई तक खेली गई। कनाई चंद तालपात्रा ने बताया कि जिले के आठ खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया। प्रादेशिक तैराकी में 17 तैराकों ने हिस्सा लिया। बालिका वर्ग में छह जबकि पुरुष वर्ग में 11 खिलाड़ी शामिल थे।

## हैंडबॉल शिविर में हिस्सा लेंगी काशी की 5 खिलाड़ी

राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल टीम का चयन गुजरात के गांधीनगर में होगा। इसमें वाराणसी की पांच खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि चयन परीक्षण में वाराणसी की राष्ट्रीय खिलाड़ी नैना यादव, प्रीति यादव, शिवांगी पांडेय, कोमल राय और काजल पटेल चुनी गई हैं।

## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में फिर लौट सकती हैं गर्विता साधवानी?



**मुंबई।** टीवी की दुनिया का चर्चित शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से अभिनेत्री गर्विता साधवानी बाहर हो गईं हैं। हालांकी, इसे लेकर उन्होंने बात की है। आइए जानते हैं कि एक्ट्रेस ने शो को लेकर क्या कहा।

हाल ही में टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है से अभिनेत्री गर्विता साधवानी का सफर खत्म हो गया है, क्योंकि शो में लंबा लीप दिखाया गया है। अब अभिनेत्री ने अपने रोल को लेकर बात की है और उन्होंने अपने फैंस को एक बड़ा हिंट दिया है। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या बात की।

टीवी अभिनेत्री गर्विता साधवानी ने हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए %ये रिश्ता क्या कहलाता है% सीरियल के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'हां, खबर सच है। ये रिश्ता क्या कहलाता है में मेरा सफर समाप्त हो गया है। शो ने लीप लिया है, और मेरा किरदार रूही उस लीप का हिस्सा नहीं बनने जा रहा है।' आगे वह कहती हैं, 'आप इसे मेरे किरदार का अंत नहीं कह सकते, क्योंकि यह तय नहीं है कि रूही शो में वापस आएगी या नहीं। ऐसी संभावना हमेशा बनी रहती है।'

आगे बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बताया, 'मुझे लीप के बारे में बताया गया था और किसी भी शो को आगे बढ़ाने के लिए निर्माताओं को नए ट्विस्ट और टर्न पेश करते रहना चाहिए। मौजूदा स्टोरीलाइन में रूही के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन शो के आने वाले प्लॉट का अनुमान कौन लगा सकता है।'

अभिनेत्री ने शो और खुद को दर्शकों द्वारा इतना प्यार मिलने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा, 'जब मैं शो में आई, तो मैं थोड़ी चिंतित थी क्योंकि मैं एक ऐसा किरदार निभा रही थी, जिसे पहले से ही कोई निभा रहा था।


## 'कलाम' के किरदार के लिए क्यों चुने गए धनुष? ओम राउत ने बताया कैसे शुरू हुई फिल्म की कहानी

**मुंबई।** धनुष भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की बायोपिक में उनका किरदार निभाने वाले हैं। अब निर्देशक ओम राउत ने बताया आखिर क्यों धनुष हैं इस किरदार के लिए परेफ्कट पसंद।

निर्देशक ओम राउत इन दिनों अपनी नई घोषित फिल्म 'कलाम~ द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। निर्देशक ने 78वें कान फिल्म फेस्टिवल के दौरान अपनी इस नई फिल्म का पोस्टर रिवील किया था। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की इस बायोपिक में अभिनेता धनुष कलाम की भूमिका निभाएंगे। अब निर्देशक ओम राउत ने यह खुलासा किया है कि उन्होंने क्यों धनुष को इस भूमिका के लिए चुना।

**'धनुष से बेहतर विकल्प कोई हो ही नहीं सकता'**

निर्माता-निर्देशक ओम राउत की टीम की ओर से एक बयान जारी किया गया है। इस बयान में ओम




राउत के हवाले से फिल्म में धनुष की कास्टिंग को लेकर बात की गई है। धनुष की तारीफ करते हुए इस बयान में कहा गया कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का किरदार निभाते समय सिर्फ उनकी उपलब्धियों को ही नहीं, बल्कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा और शिक्षाओं को भी दिखाना जरूरी है। यह इस तरह की बायोपिक का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। मुझे नहीं लगता कि इस किरदार की स्प्रिचुअलिटी और इंटेलिजेंस को पर्दे पर उतारने के लिए धनुष से बेहतर कोई विकल्प हो सकता था। वह इसके लिए बिल्कुल सही हैं और अपनी पूरी टीम की ओर से मैं उन्हें इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद देता हूं।

**ऐसे शुरू हुई फिल्म को लेकर बात**

खुद के डॉ. कलाम से प्रभावित होने और उनकी शिक्षाओं को अपनाने की बात करते हुए ओम राउत ने बताया कि कैसे फिल्म के लिए प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल की उनसे मुलाकात हुई। उन्होंने बताया कि निर्माता अभिषेक अग्रवाल ने इसी विचार के साथ मुझसे संपर्क किया। जब उन्होंने पूछा कि क्या मुझे इसमें दिलचस्पी है, तो मैंने उन्हें बताया कि मैं पहले से ही कुछ इसी तरह की चीज पर काम कर रहा हूं। वे हैदराबाद से मुंबई आए और हमने इस पर विस्तार से चर्चा की। बाद में टी-सीरीज और भूषण कुमार के साथ मिलकर हम इसको लेकर आ रहे हैं।

**'तान्हाजी' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्में बना चुके हैं ओम राउत**

ओम राउत इससे पहले बॉलीवुड में 'तान्हाजी द अनसंग वॉरियर' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। तान्हाजी जहां हिट रही थी, तो वहीं रामायण पर आधारित 'आदिपुरुष' की काफी आलोचना हुई थी। ओम राउत को इसके अलावा मराठी फिल्म 'लोकमान्य~ एक युगपुरुष' के लिए भी काफी सराहना मिली थी।

## करण जौहर ने साझा की मां और जीनत अमान की पुरानी तस्वीर



**मुंबई।** हाल ही में करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मां हीरू जौहर और जीनत अमान की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर के साथ अपनी फीलिंग्स भी शेयर की है। जानिए, करण जौहर किन पुरानी यादों का जिक्र कर रहे हैं।

करण जौहर अकसर ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट साझा करते हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी मां हीरू जौहर और एक्ट्रेस जीनत अमान की एक पुरानी तस्वीर को शेयर किया। इस तस्वीर से जुड़ी यादों को भी करण सोशल मीडिया यूजर के साथ शेयर करते हैं। करण की इस पोस्ट को बॉलीवुड सेलेब्स ने भी लाइक किया, इस पर रिएक्शन दिए हैं। इंस्टाग्राम पर करण जौहर ने एक पोस्ट साझा की, जिसमें जीनत अमान और हीरू जौहर नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ एक बड़ा सा कैप्शन भी करण ने लिखा है, 'यादें थैरेपी की तरह होती हैं, मैं आपके साथ अपनी एक शानदार याद साझा करना चाहता हूं। मेरी मां और कुछ आंटियां कपड़ों का एग्जीबिशन लगाना चाहती थीं। उन्होंने एक यंग डिजाइन अबू जानी (आज मशहूर डिजाइनर हैं) की मदद ली, एग्जीबिशन को क्यूरेट करने के लिए। यह बात 1981 की है। इस एग्जीबिशन का उद्घाटन जीनत अमान ने किया था क्योंकि मेरी मां ने उन्हें ऐसा करने के लिए अनुरोध किया था।

## आदर जैन के बाद प्यार में फिर गिरफ्तार हुईं तारा सुतारिया

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों एक नए कपल के बनने की खबरें जोरों-शोरों से चल रही हैं। हाल ही में खबर आई हैं कि एक्टर वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की ऑफिशियल पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनका रिश्ता अभी शुरुआती दौर में है।

**एक दूसरे को डेट कर रहे तारा और वीर?**

बॉलीवुड गलियारों में इन दोनों की डेटिंग की खबरों ने जोर पकड़ लिया है। ई-टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों कुछ महीने पहले ही डेटिंग शुरू कर चुके हैं और एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर दोनों को एक साथ देखा गया था, जिससे उनके बीच के कनेक्शन को लेकर कयास लगने शुरू हो गए।

**सारा को भी डेट कर चुके हैं वीर**

वीर पहाड़िया की पिछले रिलेशनशिप की बात करें तो वो पहले सारा अली खान के साथ रिश्ते में थे, जो फिल्म स्काई फोर्स में उनकी को-स्टार भी थीं। इसके



बाद खबरें आईं कि उन्होंने पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर को भी डेट किया था। इन दोनों के मुंबई के अंबानी वेडिंग में साथ दिखने से अफवाहें और तेज हो गई थीं।

**आदर जैन के साथ रिलेशनशिप में थीं तारा**

वहीं, तारा सुतारिया ने करीना कपूर खान के कजिन ब्रदर आदर जैन को लंबे समय तक डेट किया है। आदर जैन ने फरवरी 2025 में तारा की करीबी दोस्त रहीं आलेखा अडवाणी से शादी कर ली है। इसके बाद तारा के अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग के भी चर्चे रहे, लेकिन उन्होंने इसे महज दोस्ती बताया और अफवाहों का खंडन किया।

**वीर पहाड़िया ने रिलेशनशिप पर की बात**

'जूम' के साथ एक एक्सक्लूसिव बातचीत में वीर ने मीडिया में चल रही अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें इन बातों से बहुत फर्क पड़ता था, खासकर जब उनके परिवार के निजी मामलों को लेकर खबरें छपती थीं। लेकिन अब वो इन बातों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होते। वो समझते हैं कि यह पब्लिक लाइफ का हिस्सा है और अब वो इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते।

# हैरी पॉटर टीवी सीरीज के लिए फाइनल हुई कास्ट

## ये बच्चे करेंगे हैरी-हरमाइनी और रॉन का रोल

**मुंबई।** 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज के लिए अब फैंस का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। अब तीनों ही मुख्य कलाकारों के लिए नए चेहरों की तलाश खत्म हो गई है और इन्हें फाइनल कर लिया गया है।

हैरी पॉटर के जादुई संसार में एक बार फिर नई जान फूंकी जा रही है, लेकिन इस बार कहानी बड़े पर्दे नहीं, बल्कि छोटे पर्दे पर अपने जादू का असर दिखाएगी। एचबीओ की अपकमिंग 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज के लिए आखिरकार नए हैरी, हर्माइनी और रॉन का चयन हो चुका है और इन चेहरों ने फैंस में एक्साइटमेंट अब और बढ़ा दी है।

**हैरी पॉटर की भूमिका में दिखेंगे डोमिनिक**

डोमिनिक मैक्लॉघलिन अब हैरी पॉटर की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जबकि हरमाइनी ग्रेंजर बनेगी एराबेला स्टैंटन और एलेस्टियर स्टॉउट निभाएंगे रॉन वीसली का किरदार। ये तीनों युवा कलाकार अब वही जादू बिखेरने के लिए एकदम तैयार हैं। इन तीनों ही किरदारों में अब तक फैंस को डैनियल रैडक्लिफ, एमा वॉटसन और रुपर्ट ग्रिंट को ही देखने की आदत बनी हुई है।

**ऑडिशन**

**इन प्रमुख भूमिकाओं के लिए 30,000 से ज्यादा ऑडिशन हुए थे, जिनमें से इन तीन प्रतिभाओं को चुना गया है।**

**एचबीओ ने इंस्टाग्राम पर किया अनाउंसमेंट**

एचबीओ ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इन नए कलाकारों का स्वागत करते हुए लिखा, 'प्रिय मिस्टर पॉटर, मिस ग्रेंजर और मिस्टर वीसली, आपको हॉगवर्ट्स स्कूल में दाखिला मिल गया है।' इस ऐलान के साथ ही यह तय हो गया है कि ये सीरीज जे के रोलिंग की किताबों पर आधारित एक नई और कहानी होगी, जो हर पीढ़ी के दर्शकों के लिए रोमांचक होगी।



**30,000 ऑडिशन में से चुने गए तीनों एक्टर्स**

बताया जा रहा है कि इन प्रमुख भूमिकाओं के लिए 30,000 से ज्यादा ऑडिशन हुए थे, जिनमें से इन तीन प्रतिभाओं को चुना गया है। इस कास्टिंग प्रोसेस की अगुवाई लुसी बेवन और एमिली ब्रॉकमैन ने की और शो की कमान शोरनर फ्रांसेस्का गार्डिनर और निर्देशक मार्क मायलॉड के हाथों में है।

जहां मैक्लॉघलिन पहले ग्रो नाम की स्काई टीवी की सीरीज में नजर आ चुके हैं, वहीं स्टैंटन ने वेस्ट एंड थिएटर में 'मटिल्डा~ द म्यूजिकल' में मुख्य भूमिका निभाई थी। एलास्टेयर स्टाउट के लिए यह पहला बड़ा प्रोजेक्ट होगा, जो उनके करियर में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

**तीनों नए चेहरों को मिला ग्रीन सिग्नल**

दिलचस्प बात ये है कि इन तीनों की बाल कलाकारों के आ जाने से जे के रोलिंग काफी खुश हैं। इन तीनों को कास्ट किए जाने के एक पोस्ट पर जे के रोलिंग कमेंट करते हुए लिखा- तीनों ही बहुत शानदार हैं। मैं बहुत ज्यादा खुश हूं।'

**नई सीरीज में कौन-कौन?**

इस नई सीरीज में दिग्गज कलाकारों की भी भरमार है। जॉन लिथगो डंबलडोर की भूमिका निभाएंगे, जबकि जेनेट मैकटियर प्रोफेसर मैकगोनागल बनेंगी। साथ ही पापा एसीडू स्नैप के किरदार में दिखेंगे और निक फ्रॉस्ट हाग्रिड के रूप में नजर आएंगे। इसके अलावा ल्यूक थालोन और पॉल व्हाइटहाउस जैसे कलाकार भी इस जादुई सफर का हिस्सा बनेंगे।

जे.के. रोलिंग इस प्रोजेक्ट में कार्यकारी निर्माता के तौर पर जुड़ी हैं और उन्होंने साफ किया है कि यह सीरीज उनकी किताबों के साथ न्याय करेगी। माना जा रहा है कि यह शो नई पीढ़ी के लिए 'हैरी पॉटर' की दुनिया को एक बार फिर जीवंत करेगा।

# किसानों को मिली सौगात, खरीफ की फसलों की एमएसपी 50% बढ़ा



**नई दिल्ली।** मोदी कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए 2.07 लाख करोड़ रुपए की एमएसपी को मंजूरी दे दी है। पढ़ें सरकार के अन्य अहम फैसले।

केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए, एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमश 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

# बिना अनुमति पेड़ों की कटाई के लिए डीडीए अधिकारियों पर जुर्माना, तीन सदस्यीय समिति गठित

**नियुक्त**

**साल 2015 में वे आयकर विभाग के स्टैंडिंग काउंसल नियुक्त हुए और साल 2016 में वाणिज्यिक कर के लिए विशेष स्टैंडिंग काउंसल।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि डीडीए के अधिकारियों ने दिल्ली के दक्षिणी रिज में सड़कों को चौड़ा करने के लिए अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इसे अवमाननापूर्ण कार्रवाई माना और पेड़ों की अवैध कटाई के लिए जिम्मेदार डीडीए अधिकारियों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए और दिल्ली सरकार के अधिकारियों के लिए कुछ विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और दिल्ली में हरित कवर को बढ़ाने के लिए डीडीए और दिल्ली सरकार को सुझाव देगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्देश दिया कि अब से वनरोपण, सड़क निर्माण, पेड़ों की कटाई या संभावित पारिस्थितिक प्रभाव वाली किसी भी गतिविधि से संबंधित प्रत्येक अधिसूचना या आदेश में इस न्यायालय के समक्ष संबंधित कार्यवाही के लंबित होने का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। जस्टिस टी विनोद कुमार को मद्रास हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस टी विनोद कुमार को तेलंगाना उच्च न्यायालय से मद्रास उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 26 मई की बैठक में यह सिफारिश की। 17 नवंबर 1964 को जन्में जस्टिस विनोद कुमार ने नलगोंडा जिले के सूर्यापेट से शुरुआती पढ़ाई की। इसके बाद वे उच्च शिक्षा के लिए हैदराबाद चले गए। उन्होंने ओस्मानिया यूनिवर्सिटी से स्नातक और एलएलबी की पढ़ाई की। साल 1988 में जस्टिस कुमार आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में वकील के तौर पर पंजीकृत हुए। साल 2015 में वे आयकर विभाग के स्टैंडिंग काउंसल नियुक्त हुए और साल 2016 में वाणिज्यिक कर के लिए विशेष स्टैंडिंग काउंसल। 26 अगस्त 2019 को उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय में बतौर जज नियुक्त किया गया। जस्टिस विनोद कुमार के अलावा कॉलेजियम ने राजस्थान, त्रिपुरा, झारखंड और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों के ट्रांसफर की भी सिफारिश की। इनमें जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान से मद्रास उच्च न्यायालय, जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा से तेलंगाना उच्च न्यायालय, जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को झारखंड से त्रिपुरा उच्च न्यायालय, जस्टिस केआर श्रीराम को त्रिपुरा से तेलंगाना उच्च न्यायालय भेजा गया है।

# 40 साल की महिला से दुष्कर्म मामले में 23 साल के इन्फ्लुएंसर को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 40 वर्षीय महिला से बलात्कार के आरोपी 23 वर्षीय व्यक्ति को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने यह देखते हुए जमानत देने का फैसला किया कि नौ महीने से जेल में रहने के बावजूद अब तक आरोप तय नहीं किए गए हैं। कोर्ट ने इस मामले में कुछ सख्त टिप्पणियां भी की हैं। क्या है पूरा मामला, आइए विस्तार से जानते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 40 वर्षीय महिला से बलात्कार के आरोपी 23 वर्षीय व्यक्ति को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने यह देखते हुए जमानत देने का फैसला किया कि नौ महीने से जेल में रहने के बावजूद अब तक आरोप तय नहीं किए गए हैं। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की है कि महिला ÷बच्ची नहीं थी÷ और ÷एक हाथ से ताली नहीं बज सकती÷।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान तीखी टिप्पणी करते हुए यह भी पूछा कि दिल्ली पुलिस इस मामले में आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला कैसे दर्ज कर सकती है, जब महिला स्वेच्छा से उसके साथ गई थी। पीठ ने कहा, ÷एक हाथ से ताली नहीं बज सकती। आपने किस आधार पर आईपीसी की धारा 376 के तहत मामला दर्ज किया है। वह बच्ची नहीं है। महिला 40 साल की है। वे दोनों एक साथ जम्मू गए थे। आपने धारा 376 क्यों लगाई है? यह महिला सात बार जम्मू जाती है और पति को इसकी कोई परवाह नहीं है।÷ शीर्ष अदालत ने कहा कि यह अंतरिम जमानत देने का उपयुक्त मामला है, क्योंकि आरोपी नौ महीने से जेल में है और मामले में आरोप तय नहीं हुए हैं।

# भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं शशि थरूर, उदित राज ने पार्टी सांसद पर ही बोला हमला

**नई दिल्ली।** उदित राज ने कहा कि %कांग्रेस सांसद शशि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। जो भाजपा नेता नहीं कह रहे हैं, वो शशि थरूर, पीएम मोदी और सरकार के बारे में कह रहे हैं। क्या उन्हें (थरूर) पता भी है कि पिछली सरकारों ने क्या किया?

कांग्रेस पार्टी में सबकुछ सही नहीं चल रहा है। इसका संकेत बुधवार को मिला, जब कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने अपनी ही पार्टी के सांसद शशि थरूर पर तीखा हमला बोला और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बता दिया। शशि थरूर केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों के दौरों पर भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं और एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। शशि थरूर के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल फिलहाल पनामा में मौजूद है। पनामा में ही शशि थरूर के एक बयान से नाराज होकर उदित राज ने टिप्पणी की।

शशि थरूर ने पनामा में दिए अपने एक भाषण में कहा कि %भारत सरकार ने हाल के वर्षों में अपनी सोच में बदलाव किया है। जिसके बाद आतंकियों को भी ये अहसास हो गया है कि उन्हें भारत में हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी। थरूर की इस टिप्पणी ने उनकी ही पार्टी के नेताओं को नाराज कर दिया। उदित राज ने कहा कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। जो भाजपा नेता नहीं कह रहे हैं, वो शशि थरूर, पीएम मोदी और सरकार के बारे में कह रहे हैं। क्या उन्हें (थरूर) पता भी है कि पिछली सरकारों ने क्या किया? वे (केंद्र सरकार) भारतीय सशस्त्र बलों का श्रेय ले रहे हैं। शशि थरूर भाजपा के प्रचार विभाग के प्रवक्ता बने हुए हैं। पनामा में दिए अपने भाषण में शशि थरूर ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट स्ट्राइक का जिक्र किया और कहा कि %हाल के वर्षों में भारत की सोच में बदलाव आया है। अब आतंकियों को पता है कि उन्हें कीमत चुकानी होगी। इस पर कोई शक नहीं है। पहली बार भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के समय एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों पर हमले किए। यहां तक की कारगिल की लड़ाई में भी हमने सीमापार नहीं की थी। इस बार न सिर्फ हमने सीमा पार की है बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा भी पार की है। हमने पाकिस्तान के मध्य में स्थित पंजाब में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

# अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर महमूदाबाद की अंतरिम जमानत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर पर सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में हरियाणा के अशोका विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख अली खान महमूदाबाद को दी गई अंतरिम जमानत बढ़ा दी। अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईटी गठित की गई है। अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जांच में शामिल हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी की जांच पर रिपोर्ट मांगी और अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को दी गई अंतरिम जमानत बढ़ाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के बोलने और अभिव्यक्ति के अधिकार में कोई बाधा नहीं है, बस वह मामलों के संबंध में कुछ भी ऑनलाइन पोस्ट नहीं कर सकते।

# गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में कल शाम को मॉक ड्रिल

**आयोजन**

**ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले पूरे देश में 7 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। मामले की पहली जानकारी राजस्थान से आई।**



**नई दिल्ली।** इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा था। इसका मकसद किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। आईए जानते हैं, मॉक ड्रिल के दौरान क्या करना है और किन बातों का ध्यान रखना है... गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में कल शाम को मॉक ड्रिल की जाएगी। इस दौरान लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। मौजूदा अभ्यास पाकिस्तान की सीमा से सटे राज्यों में कराने का फैसला किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले पूरे देश में 7 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। मामले की पहली जानकारी राजस्थान से आई। बाड़मेर की जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि केंद्र सरकार के आदेशानुसार पाकिस्तान की सीमा से लगे जिलों में गुरुवार 29 मई को मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।

दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने हद पार कर दी और अगले चार दिनों तक पश्चिमी मोर्चे पर ड्रोन और मिसाइल हमले की कोशिश की। पाकिस्तान ने आबादी वाले इलाकों, स्कूल और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। हालांकि, भारत के सशस्त्र बलों ने उसके हर नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया था। अभ्यास के तहत अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी पहचान छिपाने का बंदोबस्त किया जाते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि दुश्मन के विमान महत्वपूर्ण फैक्टरियों, प्रतिष्ठानों को दूर से ही निशाना न बना सकें। किसी भी युद्ध में दुश्मन की सेना ऐसे प्रतिष्ठानों को ही सबसे पहले निशाना बनाती है, ताकि अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ी जा सके। इसके अलावा हमले की स्थिति में आम लोगों की सुरक्षित निकासी की योजना बनाने और उनका बार-बार पूर्वाभ्यास किया जाता है। मॉक ड्रिल के दौरान आम नागरिकों को प्रशासन के निर्देशों का पालन करना होगा। इस दौरान सायरन बजने पर प्रशासन के सुझाए गए सुरक्षित जगहों पर जाने की तैयारी करना है। वहीं ब्लैकआउट की स्थिति में घर में रहना और घरों की लाइट बंद करना शामिल है। हमले का सायरन- मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी देने के लिए सायरन बजेगा। जिसका मतलब ये है कि आस-पास में कहीं पर रॉकेट या मिसाइल से हमला होने वाला है और सभी नागरिक तुरंत सरकार की तरफ से चिन्हित सुरक्षित जगह पर चलें जाएं। नागरिकों को ट्रेनिंग- इस दौरान आम नागरिक और स्कूली छात्रों के लिए कई जगहों पर ट्रेनिंग की जाएगी, जिसमें ये सिखाया जाएगा कि, हमले की स्थिति में आपको क्या करना है और अपने आस-पास के लोगों की कैसे मदद करनी है। इस दौरान लोगों को घबराहट से बचाना और प्राथमिक चिकित्सा भी देना शामिल है। ब्लैकआउट- इसमें देश में अचानक बिजली कटने के बाद की स्थिति के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी।

वहीं हवाई हमले के दौरान बिजली से चलने वाले कई उपकरण बंद कर दिए जाएंगे, जिससे दुश्मन के हवाई हमले से बचने में अहम मदद मिलेगी।

# दो भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र मरणोपरांत करेगा सम्मानित

**सम्मानित**

**सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।**



**न्यूयॉर्क।** 29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4,400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र दो भारतीय शांतिरक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित करेगा। दोनों भारतीय शांतिरक्षक अपने कर्तव्य को निभाने के दौरान बलिदान हो गए थे। यह सम्मान समारोह 29 मई को अंतरराष्ट्री शांति रक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। जिन दो भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह शामिल हैं।

ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा, यूएन डिसइंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स और हवलदार संजय सिंह यूएन स्टैबलाइजेशन मिशन, कांगो में तैनात थे। दोनों को मरणोपरांत डैग हैमर्सजोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। भारत संयुक्त राष्ट्र शाति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है। फिलहाल विभिन्न यूएन शांति रक्षक अभियानों में भारत के 5300 सैन्य और पुलिस जवान तैनात हैं। ये सैनिक अबेई, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन ऑफ कांगो, लेबनान, सोमालिया, साउथ सूडान और वेस्टर्न सहारा जैसे देशों में तैनात हैं। 29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4,400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। ये 57 शांति सैनिक बीते साल विभिन्न यूएन मिशन में बलिदान हुए। बीते साल भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को 2023 यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड% से सम्मानित किया गया था। 2024 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट सम्मान घाना के स्क्वाड्रन लीडर शैरोन मिनसोटे और यूएन की महिला पुलिस अधिकारी सिएरा लिओन की सुपरीटेंडेंट जैनब गबला को दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की शुरुआत साल 2002 में की गई थी। यह दिन शांति मिशन के दौरान सेवा करने वाले सैनिकों के सम्मान में मनाया जाता है। साल 1948 में पहली बार पश्चिम एशिया में इस्राइल और अरब देशों के बीच हुए युद्ध में शांति सैनिकों की तैनाती की गई थी। उसके बाद से दुनियाभर में करीब 20 लाख शांति सैनिक 71 ऑपरेशन में सेवाएं दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में 68 हजार महिला और पुरुष सैनिक हैं, जो अफ्रीका, एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में 11 संघर्ष जोन्स में तैनात हैं। फिलहाल दुनिया के 119 देशों के सैनिक संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में सेवाएं दे रहे हैं।

# फ्रांस में लाइलाज रोगियों को मौत चुनने का मिलेगा अधिकार

**मंजूरी**

**फ्रांस के निचले सदन नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी।**



**पेरिस।** फ्रांस में बीते 20 वर्षों से मौत का विकल्प चुनने का अधिकार देने की मांग की जा रही है। बीते महीने राष्ट्रपति मैक्रों ने सुझाव दिया था कि अगर यह विधेयक संसद में फंसा रहता है और इसे मंजूरी नहीं मिल पाती है तो वे फ्रांस के मतदाताओं से पूछकर एक जनमत के जरिए भी इस विधेयक को मंजूर कर सकते हैं।

फ्रांस के निचले सदन नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी। इस विधेयक के तहत फ्रांस में लाइलाज बीमारियों से ग्रस्त व्यस्क लोगों को मौत चुनने का अधिकार मिलेगा। यूरोप में लंबे समय से मौत चुनने के अधिकार को कानूनी करने की मांग उठ रही हैं। फ्रांस में भी लंबे समय से ऐसी मांग की जा रही है और महीनों से इस पर संसद में चर्चा में चल रही है। लंबी चर्चा के बाद मंगलवार को नेशनल असेंबली ने इसकी मंजूरी दे दी। अब इस विधेयक को उच्च सदन सीनेट में पेश किया जाएगा। प्रस्तावित विधेयक में जहां गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को मौत का विकल्प चुनने की मंजूरी दी गई है, वहीं इसके साथ कड़ी शर्तें भी लगाई गई हैं। शर्तों के तहत लाइलाज बीमारी होने पर मरीज को खुद ही जहर लेना होगा, लेकिन अगर वह खुद इस स्थिति में नहीं है कि खुद अपनी जान ले सके तो उस स्थिति में डॉक्टर या नर्स की मदद से व्यक्ति को जहर दिया जा सकेगा। विधेयक के तहत मौत का विकल्प चुनने के लिए मरीज का कम से कम 18 साल का होना जरूरी है। साथ ही उसका फ्रांस का नागरिक होना भी जरूरी है। मौत का विकल्प चुनने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम यह सत्यापित करेगी कि व्यक्ति लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है और उसका कोई इलाज नहीं है। साथ ही मरीज असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है। इस सत्यापन के बाद ही मौत चुनने का विकल्प मिलेगा। मानसिक रोगियों को मौत चुनने के विकल्प से बाहर रखा गया है।

विधेयक के तहत बीमार व्यक्ति को अगर जान देने की अनुमति मिल जाती है तो वह अपने घर, नर्सिंग होम या स्वास्थ्य केंद्र में जानलेवा दवाई या जहर ले सकेगा।

फ्रांस में बीते 20 वर्षों से मौत का विकल्प चुनने का अधिकार देने की मांग की जा रही है। बीते महीने राष्ट्रपति मैक्रों ने सुझाव दिया था कि अगर यह विधेयक संसद में फंसा रहता है और इसे मंजूरी नहीं मिल पाती है तो वे फ्रांस के मतदाताओं से पूछकर एक जनमत के जरिए भी इस विधेयक को मंजूर कर सकते हैं।

हालांकि विधेयक का विरोध भी हो रहा है। फ्रांस के धार्मिक नेताओं के संगठन द कॉन्फ्रेंस ऑफ रिलीजियस लीडर्स इन फ्रांस ने इस विधेयक का विरोध किया है। इस संगठन में कैथोलिक, ऑर्थोडॉक्स, प्रोटेस्टेंट, यहूदी, मुस्लिम और बौद्ध समुदाय के प्रतिनिधि शामिल हैं। संगठन का दावा है कि इस विधेयक के बाद बुजुर्गों, बीमार और अक्षम लोगों पर भी दबाव बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि फ्रांस की तरह ही ब्रिटेन में भी ऐसे ही विधेयक पर चर्चा चल रही है। अभी स्विट्जरलैंड, कई अमेरिकी राज्यों, नीदरलैंड, स्पेन, पुर्तगाल, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कोलंबिया, बेल्जियम, लक्जमबर्ग में भी कुछ शर्तों के साथ मौत चुनने का विकल्प मौजूद है।

# अगर मुफ्त में चाहिए गोल्डन डोम तो अमेरिका का 51वां राज्य बने कनाडा



**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने एक सप्ताह पहले गोल्डन डोम प्रणाली की योजना की घोषणा की थी। इसकी लागत लगभग 175 बिलियन डॉलर होगी और यह 2029 में उनके कार्यकाल के अंत तक काम करने की स्थिति में आ जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इस योजना के सामने बहुत बड़ी तकनीकी और राजनीतिक चुनौतियां हैं। इसके लक्ष्यों को पाने में जितना खर्च होने का अनुमान लगाया गया है, उससे कहीं ज्यादा खर्च हो सकता है। गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के बहाने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कनाडा पर निशाना साधा है। उन्होंने एक बार फिर कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की अपनी मंशा दोहराई है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि कनाडा उनके प्रस्तावित गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली में मुफ्त में शामिल हो सकता है। इसके लिए उसे सिर्फ संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का हिस्सा बनना होगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो कनाडा को इसका हिस्सा बनने के लिए 61 बिलियन डॉलर खर्च करने होंगे। ट्रंप ने बार-बार अमेरिका के उत्तरी पड़ोसी को 51वां राज्य बनने का प्रस्ताव देते रहे हैं। कनाडा ने मिसाइल प्रणाली में शामिल होने में रुचि भी व्यक्त की है। %गोल्डन डोम% का एलान ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही किया था। इस दौरान ट्रंप ने कई हथियारों का भी जिक्र किया, जो दुश्मन के हथियारों से लोगों और देश को बचा सकता है ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल नेटवर्क पर पोस्ट किया, मैंने कनाडा से कहा कि जो हमारे शानदार गोल्डन डोम सिस्टम का हिस्सा बनना चाहता है उसे हमारी बात माननी होगी। अगर वे एक अलग राष्ट्र बने रहते हैं तो उन्हें 61 बिलियन डॉलर खर्च करने होंगे। अगर वे हमारे प्रिय 51वें राज्य बन जाते हैं, तो उन्हें शून्य डॉलर खर्च करने होंगे। वे इस प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं!

# क्या कनाडा के बिना डोनाल्ड ट्रंप अपनी गोल्डन डोम योजना को आगे नहीं बढ़ा पाएंगे?

**योजना**

**ट्रंप ने मंगलवार को गोल्डन डोम नाम की मिसाइल रक्षा प्रणाली से जुड़ी अपनी योजना के बारे में बताया। इस योजना की अनुमानित लागत करीब 175 अरब डॉलर है।**



**नई दिल्ली।** अपने बयानों के कारण खुर्खियों में रहने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया खुलासा किया है। ट्रंप ने मंगलवार को गोल्डन डोम नाम की मिसाइल रक्षा प्रणाली से जुड़ी अपनी योजना के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने कनाडा की भी चर्चा की। क्यों राष्ट्रपति ट्रंप के लिए इस मिसाइल रक्षा प्रणाली को अमल में लाने के लिए कनाडा जरूरी है? आइए जानते हैं। अपने बयानों के कारण सुर्खियों में रहने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया खुलासा किया है। ट्रंप ने मंगलवार को गोल्डन डोम नाम की मिसाइल रक्षा प्रणाली से जुड़ी अपनी योजना के बारे में बताया। इस योजना की अनुमानित लागत करीब 175 अरब डॉलर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि गोल्डन डोम÷ अमेरिका की ओर से अंतरिक्ष में भेजा जाने वाला पहला हथियार होगा। यह लगभग तीन वर्षों में यानी उनके (ट्रंप) कार्यकाल के अंत तक काम करना शुरू कर देगा। इस प्रणाली का उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका को सभी प्रकार के मिसाइल या ड्रोन हमलों से बचाना है। ट्रंव पे बताया है कि कनाडा ने भी इस परियोजना का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है, क्योंकि वे भी सुरक्षा चाहते हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भावी गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा कार्यक्रम में शामिल होने के बारे में अमेरिका से बात कर रही है। कार्नी ने कहा, क्या यह कनाडा के लिए अच्छा विचार है? हां, कनाडाई लोगों के लिए सुरक्षा उपाय करना अच्छा है। उन्होंने यह भी कहा, यदि आवश्यक हो तो हम सहयोग कर सकते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि हम सहयोग करें। दूसरी ओर, राष्ट्रपति ट्रंप ने गोल्डन डोम के बारे में बताते हुए एक महत्वपूर्ण विवरण को अनदेखा कर दिया। वह यह है कि वे इसे कनाडा के बिना नहीं बना सकते। कनाडा को 500 बिलियन डॉलर के गोल्डन डोम के कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, क्योांकि अमेरिका को आर्कटिक में आने वाली मिसाइलों को ट्रैक करने के लिए कनाडा के आवश्यक रडार और एयरस्पेस की जरूरत पड़ेगी

कनाडा की संसद के कंजर्वेटिव सदस्य शुवालॉय मजूमदार ने कहा, ÷अभी बहुत कुछ ऐसा है जिसके बारे में हम नहीं जानते। अमेरिका और कनाडा के साथ आर्थिक और सुरक्षा साझेदारी किस तरह आगे बढ़ेगी, इस बारे में बहुत कुछ पता चलना बाकी है।

# मण्डलायुक्त के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने पर व्यक्त की जनपद की प्रशंसा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** आयुक्त वाराणसी मण्डल एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। मण्डलायुक्त के जनपद आगमन पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र तथा मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया द्वारा स्मृति चिन्ह दिया। आयुक्त के द्वारा जनपद में धारा-24 के वादों के चिन्हीकरण, अंश निर्धारण, ई-परवाना, 05 वर्ष से अधिक वादों आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि धारा 24 में मुकदमों के निस्तारण के उपरांत पत्थर गड्डी का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। तालाबों में पट्टे करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। 50 करोड़ से अधिक परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा के दौरान आयुक्त के द्वारा कारागार के निर्माण की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में ओपीडी क्रियाशील है लेकिन कार्यदाई संस्था के द्वारा इलेक्ट्रिकल का कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। आयुक्त के द्वारा जनपद में निर्माणाधीन पुलो के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और निर्देशित किया गया कि मजदूरों की संख्या बढ़ते हुए शीघ्र निर्माण प्रक्रिया पूर्ण कराएं। मण्डलायुक्त के द्वारा पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए प्रगति किये जाने के निर्देश दिए गए। जनपद में कृषि संकल्प यात्रा की तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की और इस दौरान केसीसी और फसल बीमा का प्रचार प्रसार कराए जाने और सीएम युवा विकास योजना के सन्दर्भ में प्रचार प्रसार के लिए पंपलेट वितरित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसानों को कृषि से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी प्रदान की जाए, इसके साथ ही उन्हें पशुपालन में मछली पालन करने के लिए भी प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि आपदा के प्रकरण में 24 से 48 घंटे के बीच राहत पहुंचाई जा रही है। सर्पदंश से संबंधित सुरक्षा और उपाय के संबंध में जागरुकता हेतु सीएचसी एवं पीएचसी पर प्रदर्शित कराए गए हैं। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में आय, जाति, निवास निर्गत करने में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त है। फार्मर रजिस्ट्री में संख्यात्मक दृष्टि से जनपद को दूसरा स्थान प्राप्त है। आयुक्त के द्वारा जनपद में राजस्व के वसूली के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में भूसा दान के माध्यम से प्राप्त किया गया है और लगभग सभी जगह पर नेपियर घास की बोआई गई है। नोडल अधिकारी के निर्देश के क्रम में जिन जगहों पर नेपियर नहीं बोई गई है वहां पर किराए के माध्यम से हरा चारा की व्यवस्था की जा रही है। मण्डलायुक्त ने कहा कि पेंशनों से संबंधित आवेदन लंबित न रहे। आयुक्त के द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान ओवरहेड टैंक के निर्माण, सड़कों के रेस्टोरेशन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सीएम पोर्टल की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी मिलकर कार्य करें, किसी एक अधिकारी की वजह से जनपद की रैंकिंग खराब न हो इसका ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि आईजीआरएस के प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसके लिए अगर आवश्यक है तो अपने अधीनस्थों को प्रशिक्षण भी दें। आयुक्त ने कहा कि सभी कार्यालय में साफ-सफाई और शौचालय अच्छी स्थिति में होने चाहिए। सभी अधिकारी जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सभी लोग अपना सहयोग प्रदान करें।

# हमारा देश, संस्कृति ऋषि-मुनियों, संतों के विचारों से प्रफुल्लित : नरेंद्र कश्यप

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रि-शताब्दी स्मृति अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि हमारा देश, संस्कृति ऋषि-मुनियों, संतो के विचारों से प्रफुल्लित है, भारत की धरा उन आत्माओं से परिपूर्ण है, ऋषि-मुनियों की तपस्या का परिणाम है, ऋषि-मुनियों ने हमारी धरा पर जन्म लिया, देश में ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर उनके पराक्रम, त्याग, उत्कृष्ट कार्यो की चर्चा हुई, हमारा देश दुनिया के देशों से अलग पहचान रखता है, हमारे देश में संस्कृति, सभ्यता के निर्माण, परंपराओं की पूर्णता में असंख्य संतो, ऋषि मुनियों, राष्ट्र के प्रति प्रेम रखने वाले लोगों ने अपने त्याग, बलिदान से देश को सुंदर इतिहास से गढ़ने का कार्य किया, हमें अपने इतिहास से प्रेरणा मिलती है, प्रेरणा से जागृति, जागृति से शक्ति का संचय होता है, शक्ति का संचय बेहतरीन सत्ता के रास्ते को प्रशस्त करता है। उन्होने कहा कि किसी देश का शासक उस देश के इतिहास की प्रेरणा लेकर कार्य करे तो उसकी देश का सबसे सफल, लोकप्रिय, जनप्रिय अध्यक्ष के रूप में पहचान होती है, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर हमारे इतिहास के हस्ताक्षर में महिला शक्ति की वह पहचान है, जिस पर शोध हो सकता है। दिव्यांगजन मंत्री ने कहा कि आजादी के लंबे अंतराल के बाद देश के इतिहासकारों को याद किया जा रहा है, पूर्व की सरकारों ने इनके जीवन को सूचना के रूप में कभी स्वीकार नहीं किया, आज देश की जनता ने ऐसे व्यक्तित्व को सत्ता सौंपी है, जिनके लिए स्वयं, खुद का परिवार न होकर भारत की 140 करोड़ जनता का सर्वांगीण विकास, खुशहाली, समृद्धि जिनका संकल्प हो। उन्होंने कहा कि हम सब राजमाता अहिल्याबाई के जीवन, संघर्ष, उनके कालखंड की सत्ता प्रणाली पर चर्चा कर समाज को नई दिशा देने का कार्य करें, 1725 में वीरांगना अहिल्याबाई ने सामान्य परिवार में जन्म लिया और मात्र 28 वर्ष की उम्र में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने मालवा का नेतृत्व करने का सफल कार्य किया।

# गांव में विश्वविद्यालय ने लगाया तीन दिवसीय योग शिविर



अवधनामा संवाददाता

**ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का मिला संदेश**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा करंजकला ब्लॉक के डालहनपुर गांव के बहुउद्देशीय पंचायत भवन में तीन दिवसीय योग शिविर की शुरुआत बुधवार को हुई। शिविर में विश्वविद्यालय के योग विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों से परिचित कराया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देश पर इस शिविर का आयोजन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में योग प्रचार - प्रसार के अंतर्गत तीन दिवसीय नवचेतना एवं बाल चेतना शिविर में ग्रामीणों को योगासन, भस्त्रिका प्राणायाम एवं रामध्यान कराया गया। मुख्य योग प्रशिक्षक जय सिंह एवं बेंगलुरु से आए हुए सह योग प्रशिक्षक विनय द्वारा शिविर के पहले दिन ग्रामीणों को योग कराया गया।

योग प्रशिक्षक जय सिंह ने कहा कि योग सिर्फ हमारे शरीर को ही नहीं बल्कि हमारे मन को भी शांति प्रदान करता है। योग को अपने दैनिक दिनचर्या में जोड़कर हम प्रसन्नचित रह सकते हैं। शिविर के प्रथम दिवस ग्रामीणों ने चढ़-बढ़ कर प्रतिभाग किया और डालहनपुर के प्रधान कपिल देव सिंह, विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर राजकुमार सोनी, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ इंद्रेश कुमार, समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अग्नि आपदा से निपटने के लिए मुक्त विश्वविद्यालय तैयार : कुलपति

**आर ए एफ ने मुविवि में कराया अग्नि शमन और रक्षा का अभ्या**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज और 101 बटालियन, रैपिड एक्शन फोर्स, शान्तिपुरम, फाफामऊ, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मुक्त विश्वविद्यालय में अग्नि शमन और रक्षा का अभ्यास किया गया। इसमें रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के कुशल मार्गदर्शन में मुक्त विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों और कर्मचारियों ने साथ मिलकर आग लगने की आपात स्थिति में आग को बुझाने और आग में फंसे लोगों की सुरक्षा करने और झुलसे व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचाने का व्यापक अभ्यास किया। इसमें आर ए एफ ने एक ऐसे अग्नि शमन गेंद का उपयोग करना सिखाया जो आग पकड़ते ही फट जाता है और वह उस क्षेत्र का पूरा आक्सीजन सोख लेता है जिसमें आग स्वमेव बुझ जाती है। आर ए एफ के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम ने बताया कि यह बहुत ही कारगर और आधुनिक उपकरण है। इसके इस्तेमाल के लिए विशेषतः और विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्राफेसर सत्यकाम ने कहा कि राजभवन के निर्देश पर आग की घटनाओं को रोकने के लिए विश्वविद्यालय अग्निशमन यंत्रों के विशेष रखरखाव के लिए पहले से प्रयासरत है। ऐसे और भी अभ्यास अगले एक महीने तक किये जायेंगे। जिससे सुरक्षा कर्मी और कर्मचारी अग्नि शमन के सभी तरीकों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और उसका उपयोग सीख सकेंगे। अग्नि सुरक्षा के प्रति सभी कर्मचारियों के जागरूक रहने से किसी भी प्रकार की अग्नि आपदा से निपटने के लिए हम पूरी तरह से तैयार और तत्पर रहेंगे। सुरक्षा कर्मियों को विशेष तौर पर इस प्रशिक्षण से जोड़ने और उन्हें लगातार प्रशिक्षित किए जाने की योजना है। जिससे 24 घंटे सातों दिन यानी हर पल हर समय हमारे सुरक्षा कर्मी अग्नि आपदा से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। यह प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की सम्पदा और जानमाल की हानि से सबको सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रशिक्षण शिविर बहुत ही कारगर रहा जिसमें जीवन्त अभ्यास भी देखा गया। जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम, कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी एवं आर ए एफ के जवान उपस्थित रहे।

## जिंदा वृद्ध को मृत घोषित कर रोक दी पेंशन

**प्रयागराज।** सहसों, सिकंदरा के रहने वाले 70 वर्षीय छोटेलाल को सरकारी कागजों में मृत दिखाकर उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी गई। वह पिछले 4 साल से खुद को जीवित साबित करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। छोटेलाल जब 25 किलोमीटर दूर से समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि वे मृत हैं। जांच में सामने आया कि 15 जुलाई 2021 को ब्लॉक की सत्यापन रिपोर्ट में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। छोटेलाल की स्थिति दयनीय है। उनके तीन बेटे हैं, जिनमें से दो अलग रहते हैं। उनके पास केवल 15 बिस्वा जमीन है। वे मजदूरी करने की स्थिति में नहीं हैं। सरकारी राशन भी बंद है। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय से मिलकर उन्होंने मदद की गुहार लगाई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पेंशन बहाल करने का आश्वासन दिया है। लेकिन सवाल यह है कि 2021 में मृत घोषित किए जाने के बाद भी छोटेलाल को दो साल तक कोई जानकारी क्यों नहीं दी गई।

## दिनदहाड़े हत्या करने वाला गिरफ्तार



**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज बाजार के पास बुधवार को दिनदहाड़े हुई युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया। मृतक अनुज यादव पुत्र भोला यादव निवासी जमालपुर, थाना मछलीशहर, की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप उसी के गांव के मनोज यादव पर लगा है, जिसे घटना के कुछ ही घंटे में ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना सिकरारा पुलिस के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मनोज यादव के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई। संयुक्त प्रयासों के फलस्वरूप उसी दिन अभियुक्त मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक अनुज यादव का उसकी पुत्री से मेल-जोल और संबंध थे, जिससे नाराज होकर उसने चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी।

## फाफामऊ क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** फाफामऊ क्लब ने श्री सहायक क्लब को तीन विकेट से हराकर कर्नल एम शेरवानी सीनियर डिविजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में श्री सहायक क्लब ने 38.4 ओवर में 185 रन (पार्थवर्धन सहायक 47, हृदय नारायण पांडेय 36, वर्तुल शुक्ला 27, प्रशांत पांडेय 21, अंशु मौर्य 3/30, गौरव 2/02, मोहम्मद उस्मान 2/32) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 28.5 ओवर में 7 विकेट पर 190 रन (प्रियांशु 51 नाबाद, शिवम पटवा व सौरभ प्रताप सिंह 26-26, ध्रुव प्रताप 22 नाबाद, सौरभ यादव 3/44, अमर चौधरी 2/46) बना लिए। मैच में सुधीर सोनकर व अरुण कुमार अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

## देव स्पोर्ट्स की आसान जीत

**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित थे फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर - 14 व 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। बुधवार को भानु प्रताप मैदान पर विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 128 रन ( अर्पित कनोजिया 24, अस्तित्व सिंह 16, आदर्श सिंह 12 रन, प्रियांशु 3/21, अनुभव यादव 3/24, बलराम पांडेय 2/25 ) पर सिमट गई। जवाब में देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 16.5 ओवर में दो विकेट पर 129 रन ( अभी 51 नाबाद, अनुभव यादव 31, प्रियांशु 29 अविजित रन, आदर्श सिंह 2/17 ) पर बना लिए।

## भानु की जीत में नायक बने अर्नव व ओम

**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित थे फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में श्री सहायक क्रिकेट क्लब को दस विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में अर्नव सिंह की अचूक गेंदबाजी ( 5 - 0 - 23 - 5 ) व ओम जायसवाल के नाबाद ( 36 रन, 49 गेंद, चार चौके ) और साथ में विकेट के पीछे से एक कैच व दो स्टंपिंग कर अपनी टीम के जीत में नायक बने।

## वाटर एटीएम का विधायक ने किया उद्घाटन

**जौनपुर (महराजगंज)** स्थानीय बाजार के मेन रोड स्थित यूनियन बैंक के बगल स्थापित नए वाटर एटीएम का विधायक रमेश चन्द्र मिश्रा ने बुधवार को उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि महराजगंज बाजार में प्याऊ न होने से राहगीर,ग्राहकों व आम जन मानस को पानी पीने के लिए असुविधा हो रही थी।जिसके निजात के लिए वाटर एटीएम लगाया गया है।उन्होंने कहा कि महराजगंज में वॉटर एटीएम की सुविधा पहली बार उपलब्ध कराई गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।मात्र एक रुपए में शुद्ध एक लीटर आरओ पानी मिलेगा।भाजपा सरकार हर सुविधा मुहैया कराने के लिए तत्पर है।इस दौरान यादवेंद्र प्रताप सिंह लवकुश भाजपा नेता, सिद्धार्थ सिंह मंडल अध्यक्ष, धीरज चतुर्वेदी ग्राम प्रधान असरोपुर, आशीष सिंह आंसू रहे।

# मुख्य सचिव और डीजीपी पहुंचे हाईकोर्ट

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डीजीपी प्रशांत कुमार ने बुधवार को उच्च न्यायालय परिसर में पहुंचकर वहां पर नवनिर्मित अधिवक्ता चेम्बर्स एवं पार्किंग भवन के 31 मई को प्रस्तावित लोकार्पण व उद्घाटन के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को देखा। उक्त भवन का लोकार्पण/उद्घाटन उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के द्वारा 31 मई को किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के द्वारा नवनिर्मित पार्किंग स्थल एवं अधिवक्ता चैम्बर बिल्डिंग के निर्माण कार्य के प्रारम्भ से लेकर निर्माण कार्य के पूरा होने तक एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गयी। मुख्य सचिव व डीजीपी ने आधुनिक सुवधाओं से सुसज्जित अधिवक्ताओं के लिए नवनिर्मित अधिवक्ता चेम्बर्स एवं पार्किंग भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर पार्किंग स्थल, अधिवक्ता चेम्बर, लाइब्रेरी, मल्टीपरपज हॉल, कैफेटेरिया कांफ्रेंसिंग रूम, कामन हाल, रैम्प एरिया, सर्विश ब्लाक, प्रवेश एवं निकास के मार्गो, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पार्किंग की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव व डीजीपी ने प्रस्तावित कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित किये जाने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एडीजी जोन संजीव गुप्ता, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त जोगिंदर सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़, अपर पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अमित पाल, सहित वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अर्णव की गेंदबाजी से प्रयाग क्लब जीता

**प्रयागराज।** अर्णव अग्रवाल की उम्दा गेंदबाजी (6-1-13-4) के दम पर प्रयाग क्लब ने एमआईसी को नौ विकेट से हराकर स्वर्गीय केशरीनाथ त्रिपाठी स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। सीएवी इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में एमआईसी ने 19 ओवर में 117 रन (रेहान खान 30, मोहम्मद मुजम्मिल 24, अर्णव अग्रवाल 4/13, मनित मालवीय 3/03, सौरव तिवारी 3/33) बनाए। जवाब में प्रयाग क्लब ने 15.4 ओवर में एक विकेट पर 123 रन (अर्श अहमद 53 नाबाद, आनंद पाल 46, शुभ सोनी 18 नाबाद, शिवम गुप्ता 1/25) बना लिए। गुरुवार को प्रयाग क्लब का मुकाबला पिलर क्लब से होगा।

## जिला कारागार में स्थित लीगल एड क्लीनिक का किया गया निरीक्षण

**आजमगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय आजमगढ़ अंकित वर्मा द्वारा जिला कारागार, आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जेल में स्थित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। जिसमें जिला कारागार में नियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकों का अभिलेख, निःशुल्क विधिक अधिवक्ता से सम्बन्धित रजिस्टर का निरीक्षण किया गया, जिसमें सूचनायें दर्ज पायी गयी। लीगल एड क्लीनिक के बाहर सुझाव पेटिका स्थापित पायी गयी, जिस पर जेल अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि जेल में स्थापित सुझाव पेटिका से सभी बन्दियों को अवगत करायें तथा यह बताये कि यदि किसी भी बन्दी को कोई समस्या आ रही है तो वह अपना पत्र सुझाव पेटिका में डाल सकता है। पाकशाला निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पाकशाला में प्रतिदिन का मेनू अंकित किया जाता है। जिसमें आज आलू कद्दू की सब्जी, उड़द की दाल, चावल रोटी बनी थी। पाकशाला में सफाई व हाइजीन की व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पायी गयी। निरीक्षण के दौरान शौचालय औसतन साफ-सुथरा पाया गया। निरीक्षण के समय बन्दियों के हिस्ट्रीटिकट में सभी प्रविष्टियां दर्ज पायी गयी तथा गर्मी से राहत के लिए पीने के पानी हेतु जगह-जगह पर अलग से घड़ा रखा गया है।

# प्रमाणिक ऐतिहासिकता को दर्शाता है नाटक चाणक्य

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** निखिला उत्कल कला निकेतन, पुरी, उड़ीसा द्वारा आयोजित स्टार कल्चरल फेस्टिवल में माध्यम संस्थान, प्रयागराज की ओर से नाटक चाणक्य का प्रभावशाली मंचन अन्नपूर्णा प्रेक्षागृह, पुरी में किया गया। आलेख राहुल सेन व निर्देशन डॉ विनय श्रीवास्तव ने किया। नाटक चाणक्य में चाणक्य का जीवन उस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आता है जब मगध के नंद वंश के शासक धनानंद उन्हें अपमानित करता है। यह घटना चाणक्य को नंद वंश को उखाड़ फेंकने और एक नए शक्तिशाली साम्राज्य की स्थापना करने के लिए प्रेरित करती है। वो चंद्रगुप्त मौर्य नामक एक युवा और महत्वाकांक्षी व्यक्ति को प्रशिक्षित कर उसे एक शक्तिशाली सेना बनाने में मदद करते हैं। अपनी कूटनीति और राजनीतिक कौशल के बल पर, चाणक्य विभिन्न राज्यों को एकजुट करते हैं। नंद वंश के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व कर अंततः चंद्रगुप्त मौर्य नंद वंश को पराजित कर मौर्य साम्राज्य की स्थापना करते हैं। इन्हीं घटनाक्रमों को व्यक्त कराता है नाटक चाणक्य।

नाटक में चाणक्य की भूमिका में राहुल सेन, धनानंद सुधीर सिन्हा, चंद्रगुप्त (बालक ) ओम श्रीवास्तव, चंद्रगुप्त (युवा) देवव्रत कुशवाहा ने बेहतरीन अभिनय किया। संगीत संचालन - रिभू श्रीवास्तव, प्रकाश विनय श्रीवास्तव, मंच अनूप, देवव्रत, चंकी, विपिन, सामग्री ओम श्रीवास्तव, वेशभूषा अंशु श्रीवास्तव, रूप सज्जा श्रद्धा श्रीवास्तव, मंच प्रभारी सुधीर सिन्हा, प्रस्तुति सहयोग दिव्या शुक्ला, अविनाश कुमार, पूर्वाभ्यास प्रभारी वन्दना राठौर, प्रस्तुति डॉ अशोक कुमार शुक्ल रहे।

# समरपूल पार्टी एवं आइसक्रीम डे सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** शहर की शैक्षणिक संस्था महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल, तिवारीपुर सिधारी आजमगढ़ में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पूर्व बच्चों के लिए ष्समर पूल पार्टी एवम व आइसक्रीम डे सेलिब्रेशनष् का आयोजन किया गया। नर्सरी से लेकर यूकेजी एवं प्रथम से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं ठंडे-ठंडे आइसक्रीम का लुफ्त उठाया । सभी बच्चों को पार्टी के लिए रंगबिरंगे परिधान में बुलाया गया जिसमें बच्चे कैपरी ,लोअर, टीशर्ट, टोपी एवं चश्मा सहित कई तरह के आकर्षक कपड़ों में नजर आए। समरपूल पार्टी का आयोजन विद्यालय के कैंपस में रखा गया था जहां विद्यालय प्रबंधन द्वारा ठंडी ठंडी तरबूज एवं आइसक्रीम का वितरण किया गया।

इस दौरान बच्चों ने ब्लू है पानी पानी, अभी तो पार्टी शुरू हुई हैष् जैसे गीतों पर जमकर नृत्य किया एवं पूल का भरपूर आनंद उठाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य ने विद्यार्थियों से कहा कि हमें अपने जीवन को आइसक्रीम की तरह शीतल और शांत रखना चाहिए। जब हम शांति और परिश्रम के साथ कार्य करते हैं तो सफलता खुद ही हमारे कदम चूमती है। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन और आइसक्रीम दोनों क्षणिक होते हैं, इसलिए जीवन को आनंद और सकारात्मकता के साथ जीना चाहिए। प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य ने कहा कि गर्मियों में खुद को स्वस्थ रखने और गर्मी से बचाव के लिए कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है, जैसे की खूब पानी पीना, हल्के और ढीले कपड़े पहनना और धूप में निकलने से बचना। मैं आज बच्चों को अपनी ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं की गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करेंगे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रधानाचार्य एस. एन. यादव, कोऑर्डिनेटर-आनंद मौर्य, रामचरण मौर्य , दीपिका सिंह, दिनेश यादव, मीनाक्षी अस्थाना, किशन यादव, अजय कुमार, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, अजय कुमार यादव आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्याः SRDEE - TRD-IZN-2025-26-T07, दि.27.05.2025**

**'खुली ई–निविदा'**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.–01,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के SCADA सिस्टम में साइबर सुरक्षा से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश न.: **SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T07,** कार्य का अनुमानित लागत रूपया में ₹ 6,15,70,510.00, अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी ₹ 4,57,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 19.06.2025, 11:00, कार्य पूरा करने की अवधिः 06 माह। खुली ई–निविदा दिनांक 19.06.2025 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.डी.**

**मुजाधि/विद्युत–46** **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22614-SLR-F2-AYC-RMM-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-4 (Parcel-Parcel Van) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 27.05.2025 1577/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लखनऊ के छात्रों ने 2024-2025 ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**सम्मानित**

**इस वर्ष 222 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।**



**लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़े ओलंपियाड साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में लखनऊ के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक प्राप्त किया है। सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज की दिव्यशक्ति सिंह ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में पहली रैंक प्राप्त कर , इंटरनेशनल गोल्ड मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। चिरंजीव भारती स्कूल के तेजस गुप्ता ने इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में इंटरनेशनल सिल्वर मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए दूसरी रैंक हासिल कि। कैथेड्रल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिष्ठा सिंह ने भी इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में तीसरी रैंक हासिल की और इंटरनेशनल ब्रोंज मैडल के साथ प्रमाण पत्र अर्जित किया। इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 72 देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें लखनऊ के 58000 से अधिक छात्र शामिल थे। जिसमे डीबीएस मॉन्टेसरी स्कूल, लखनऊ पब्लिक स्कूल सहित लखनऊ के प्रसिद्ध स्कूल प्रतिभागियों में शामिल थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक महाबीर सिंह ने बताया कि 2024-25 की ओलंपियाड परीक्षा में 72 देशों के 4000 शहरों की 96,499 से अधिक स्कूलों के लाखों छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि एसओएफ के पिछले 27 वर्षों से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का कार्य कर रहा है। ओलंपियाड में शामिल होने वाले छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय, राज्य और स्कूल स्तर पर रैंक दी जाती है, जिससे वे अपनी क्षमताओं और सुधार की संभावनाओं को समझ सकें। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 2024-25 ओलंपियाड परीक्षाओं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 750 से अधिक छात्र और शिक्षक मौजूद थे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.के महेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस वर्ष 222 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इंटरनैशनल रैंक-1 पर आने वाले 74 छात्रों को 50,000 रुपये और गोल्ड मेडल, इंटरनैशनल रैंक-2 के विजेताओं को 25,000 रुपये और सिल्वर मेडल, जबकि इंटरनैशनल रैंक-3 के छात्रों को 10,000 रुपये और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। इस के साथ साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

समारोह में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जे.के माहेश्वरी ने कहा कि आज की पीढ़ी को ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों से भी सशक्त करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिक्षा के साथ-साथ उन्हें संस्कार देने की भी आवश्यकता है, जिससे वे राष्ट्रनिर्माता बन सकें। जो लोग अपने भीतर शिक्षा का प्रकाश लेकर चलते हैं, वे कभी भी अधिक समय तक अंधकार में नहीं रहते

इसी के साथ एसओएफ ने कई सामाजिक और शैक्षणिक पहल भी की हैं, जिनमें ÷गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप स्कीम÷ के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 300 होनहार छात्राओं को वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। वहीं ÷डिफेंस सर्विसेज फैमिली स्कॉलरशिप÷ के अंतर्गत रक्षा सेवाओं से जुड़े 260 छात्रों को शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, शैक्षणिक शिविर और प्रदर्शनियां भी आयोजित करता है। ÷अकादमिक एक्सीलेंस स्कॉलरशिप ÷ के अंतर्गत 72 देशों के 260 छात्रों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। संस्था का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को पहचानना, प्रोत्साहित करना और उन्हें विश्व मंच पर आगे बढ़ने का अवसर देना है।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला, और डॉ. सतीश आर्य, डीन, सीबीएलयू , भिवानी हरियाणा, भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने बैंगलुरू में 500 बैड्स के आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए टैंडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी



**बैंगलुरू।** भारत के पहले 100 फीसदी एफडीआई टर्शरी केयर अस्पताल सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नोर्थ बैंगलुरू में दूसरे आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए प्रीमियर हेल्थकेयर उपलब्ध कराने वाली ईपीसी कंपनी टैंडेम हेल्थकेयर के साथ हाथ मिलाया है। 6.8 लाख वर्गफीट में फैला 500 बैड्स का यह अस्पताल अपनी तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा, जहां गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकोनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू मरीज़ों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा। रु 1000 करोड़ की यह ऐतिहासिक परियोजना, सेकोम मेडिकल सिस्टम एवं टोयोटा सुशो के सहयोग से जापानी इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से पावर्ड विश्वस्तरीय स्वास्थ्यसेवाएं उपलब्ध कराने के सकरा के मिशन में एक बड़ी उपलब्धि होगी। इस नई युनिट में ग्राउण्ड के अलावा 9 मंज़िलें होंगी, इंडो-जापानी आर्कीटेक्चर से बना इसका डिज़ाइन परम्परा और आधुनिकता का संयोजन होगा।

## मलाबार समूह ने अपनी सीएसआर पहलों के लिए आवंटित किए 150 करोड़ रुपये




**लखनऊ।** भारत के अग्रणी व्यापारिक समूह एवं मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मूल कंपनी मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. ये पहलें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख एवं गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वंचितों के लिए आवास पर केंद्रित हैं। समूह ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' के तहत भारत और जाम्बिया में वंचितों को प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस तरह 2025-26 में में कुल 2.50 करोड़ भोजन बांटे जाएंगे। नीति आयोग के पूर्व सीईओ एवं जी-20 शेरपा डॉ. अमिताभ कांत ने नई दिल्ली के जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 28 मई 2025 को आयोजित एक कार्यक्रम में समूह के सीएसआर कार्यक्रमों के अगले चरण का शुभारंभ किया. 28 मई को ही वर्ल्ड हंगर डे मनाया जाता है।

## सेंटरफ्रूट ने पेटीएम साउंडबॉक्स के साथ मिलाया हाथ




**नई दिल्ली।** क्या हो अगर आपकी रोज़मर्रा की खरीदारी अचानक रोचक बन जाए? सेंटरफ्रूट बनाने वाली भारत की प्रमुख कन्फेक्शनरी निर्माता कंपनी परफेटी वैन मेले ने भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी और मोबाइल भुगतान, क्यूआर कोड और साउंडबॉक्स के अग्रणी पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) के साथ हाथ मिलाया है और दोनों साथ मिलकर मोबाइल भुगतान को और भी मज़ेदार बनाने जा रहे हैं। अब दिल्ली और कानपुर में 10000 से ज़्यादा स्टोर पर खरीदार जब भी पेटीएम के ज़रिए ऑनलाइन भुगतान करेंगे, तो उनका सामना हल्के-फुल्के आश्चर्य से होगा- हरेक पेटीएम ट्रांजैक्शन जीभ लपलपाई पल में बदल जाएगा।

अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए, परफ़ेटी वैन मेले इंडिया के मार्केटिंग डायरेक्टर गुंजन खेतान ने कहा यूपीआई और पेटीएम अब भारत में सब जगह हैं। पेटीएम के अग्रणी साउंडबॉक्स के साथ एकीकरण करके, हम रोज़मर्रा के लेन-देन में एक अप्रत्याशित घुमाव देने जा रहे हैं, उनमें से प्रत्येक को श्जीभ लपलपाईश् क्षणों में परिवर्तित कर रहे हैं। ये खुशी के छोटे-छोटे पल ही हैं जो खरीदारी के समय इन उपभोक्ताओं (जो सक्रिय रूप से इन दुकानों पर अक्सर आते हैं) के साथ एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनाते हैं। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा हमारे अग्रणी पेटीएम साउंडबॉक्स ने दुकानों पर भुगतान लेने के तरीके को बदल दिया है और अब सेंटरफ्रूट के साथ इस मजेदार घुमाव के ज़रिए हम हर रोज़ के लेन-देन में आश्चर्य और खुशी का क्षण जोड़ रहे हैं-जिससे भुगतान सभी के लिए अधिक आकर्षक और यादगार बनेगा।

# सिद्धि 2025- सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल्स ने लखनऊ में एक शानदार समारोह में छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को मान्यता दी

**नई दिल्ली।** सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल सिद्धि 2025 में गर्व और उत्सव की भावना के साथ एक साथ आए, यह वार्षिक कार्यक्रम सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्डों में दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का सम्मान करता है। कार्यक्रम में सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10 के व्यक्तिगत 34 स्कूलों और कक्षा 12 के 25 स्कूलों के समग्र टॉपर और स्कूल टॉपर अपने स्कूल नेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ उपस्थित थे। कुल मिलाकर, 2329 छात्र दसवीं कक्षा के बोर्ड में उपस्थित हुए, और 561 छात्रों ने 90त्न और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इसी तरह, बारहवीं कक्षा के बोर्ड में 1555 छात्र उपस्थित हुए और 230 छात्रों ने 90त्न और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो आम तौर पर शैक्षणिक



कल्याण का प्रतीक माना जाता है।

लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में दसवीं कक्षा में 34 जैपुरिआ स्कूलों और बारहवीं कक्षा में 25 स्कूलों के टॉपर्स की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। पुरस्कार कई श्रेणियों में प्रदान किए गए- मेधावी छात्र, विषय टॉपर, उत्तम स्कोरर और बहुप्रतीक्षित रोलिंग ट्रॉफी। सीबीएसई के लिए, कक्षा 10 की रोलिंग ट्रॉफी सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल, बंसल कैंपस, सीतापुर रोड, लखनऊ को दी गई, जबकि कक्षा 12 की ट्रॉफी सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल, बाबतपुर कैंपस, वाराणसी को प्रदान की गई।

## सैमसंग भारत में गैलेक्सी एस25 एज की जल्दी डिलीवरी करेगा

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज अपने कैटेगरी-डिफाइनिंग गैलेक्सी एस25 एज के लिए जल्दी डिलीवरी की घोषणा की। यह गैलेक्सी एस सीरीज स्मार्टफोन का अब तक का सबसे स्लिम फोन है।

प्री-ऑर्डर 30 मई, 2025 तक खुले हैं। गैलेक्सी एस25 एज को प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 12,000 रुपये की कीमत का मुफ्त स्टोरेज अपग्रेड मिलेगा, जिसके तहत वे 12GB+256त्नक्च वैरिएंट की कीमत पर 12GB+512GB




वैरिएंट प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहक डिवाइस पर 9 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई का भी लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग गैलेक्सी एस25 एज का निर्माण भारत में अपने नोएडा फैक्ट्री में कर रहा है।

गैलेक्सी एस25 एज को स्टाइल और मजबूती को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। यह एक मजबूत टाइटेनियम बॉडी में प्रीमियम, प्रो-लेवल की परफॉर्मेंस देता है। गैलेक्सी एस25 एज ने एस सीरीज की विरासत को आगे बढ़ाया है, जिसमें एक आइकॉनिक गैलेक्सी एआई-इनेबल्ड कैमरा दिया गया है और यह एक आसानी से पोर्टेबल डिवाइस में रचनात्मकता का नया आयाम प्रदान करता है।

## सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी नई निसान मैग्नाइट




**लखनऊ।** निसान मोटर इंडिया की लोकप्रिय एसयूवी नई निसान मैग्नाइट अब सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी। सीएनजी किट को देश के नियामकीय मानकों के अनुरूप मोटोजेन (थर्ड पार्टी) द्वारा डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया गया है। मोटोजेन किट के कंपोनेंट्स के लिए वारंटी देगी। यह पहल ग्राहकों को ध्यान में रखकर समाधान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किट को लगाया जाएगा। पूरा रेट्रोफिटमेंट मात्र 74,999 रुपये की अतिरिक्त कीमत पर उपलब्ध होगा। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'नई निसान मैग्नाइट हम सभी के लिए उल्लेखनीय मॉडल है और इसने हमें भारत में सफलता की कहानी लिखने में मदद की है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य के साथ अब निसान के डीलर्स सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के रूप में अल्टरनेट फ्यूल ऑप्शन दे सकेंगे। यह सुविधा ग्राहकों को अधिकृत फिटमेंट सेंटर्स के माध्यम से प्रदान की जाएगी। हमें विश्वास है कि इस कदम से लोकप्रिय एसयूवी की वैल्यू बढ़ेगी और यह एसयूवी ज्यादा व्यावहारिक बनेगी।' पर्यावरण के प्रति सचेत ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश की गई इको फ्रेंडली सीएनजी किट फिटमेंट को चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में 7 राज्यों दृ दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में निसान के ग्राहक निसान की अधिकृत डीलरशिप से सीएनजी किट इंस्टॉल करा सकेंगे। कुछ समय बाद दूसरे चरण में पूरे देश में इसे विस्तार दिया जाएगा।

## 'मम्मी के ताने' बने ममता की आवाज़, टीटीके प्रेस्टीज का भावनात्मक कैंपेन

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी किचन अप्लायंसेज ब्रांड टीटीके प्रेस्टीज ने मदर्स डे के मौके पर एक उन जगहों पर लगाया गया, जहाँ से कामकाजी युवा सबसे ज़्यादा गुजरते हैं, ताकि भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच




अनोखा आउट-ऑफ-होम कैम्पेन लॉन्च किया है, जिसमें हर भारतीय घर में सुनाई देने वाले 'मम्मी के ताने' को नए नजरिये से पेश किया गया है–एक ऐसी सख्त भाषा जिसमें असल में अपार ममता और चिंता छुपी होती है। 'मम्मी के ताने' नाम से शुरू हुए इस अभियान में रोजमर्रा की जिंदगी में माँ द्वारा बोले जाने वाले चुटीले वाक्यों जैसे–'और निकलो गर्मी में' या 'बाहर का खाना देखते ही कहाँ गई डाइट!'–को बड़े प्यार से शहर के ट्रैफिक सिग्नलों, मेट्रो स्टेशनों और प्रमुख शहरी स्थलों पर बिलबोर्ड्स के ज़रिये दिखाया गया है। इन तानों को एक पल के लिए रुककर वे मुस्कुरा सकें और माँ के इन 'तानों' के पीछे की फिक्र और समझ को याद कर सकें। इस अभियान की रूपरेखा 22फीट ट्राइबल वर्ल्डवाइड ने तैयार की और इसका क्रियान्वयन टीटीके प्रेस्टीज ने ज़ेप्टो के सहयोग से किया। अभियान का आधार यह संस्कार था कि भारतीय माँएं अकसर अपने प्यार का इजहार सीधे तौर पर नहीं करतीं, बल्कि छोटी-छोटी टोकाटाकी, समझाइश और सलाह के जरिये अपनी परवाह जताती हैं।

जहाँ टीटीके प्रेस्टीज ने इस अभियान में भावनात्मक जुड़ाव को प्रमुखता दी, वहीं ज़ेप्टो ने अपनी 10 मिनट डिलीवरी की सुविधा के ज़रिये यह संदेश और मज़बूती से पेश किया कि माँ की चिंता भी अब समय पर आपके दरवाज़े तक पहुँच सकती है।

टीटीके प्रेस्टीज के चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर श्री अनिल गुरनानी ने कहा, ÷यह कैम्पेन किसी प्रोडक्ट को बेचने के लिए नहीं, बल्कि एक भावना को सम्मान देने के लिए है। हम भारतीय माओं के रोजमर्रा के 'तानों' को एक ऐसी भाषा के रूप में सामने लाना चाहते थे, जो दरअसल प्यार की अभिव्यक्ति होती है–एक ऐसी भाषा जिसे हम सब समझते हैं, भले ही उसे समझने में हमें कई साल लग जाएं। कैम्पेन के रचनात्मक दृष्टिकोण के बारे में 22फीट ट्राइबल वर्ल्डवाइड के नेशनल क्रिएटिव डायरेक्टर विष्णु श्रीवास्तव ने कहा, हम इस अभियान के ज़रिये लोगों की सोच बदलना चाहते थे कि 'मम्मी के ताने' आखिर होते क्या हैं। हम सब इन्हें सुनते-सुनते बड़े हुए हैं, और यही बातें किसी भागदौड़ वाले शहर में भी हमें ज़मीन से जोड़े रखती हैं।

## पॉवर, जो कभी खत्म न हो: 2025 की फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी 7 सीरीज़ का भारत में हुआ लॉन्च



**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है।

रियलमी जीटी 7 सीरीज़ में अनेक अत्याधुनिक फीचर्स और परफॉर्मेंस अपग्रेड दिए गए हैं। यह भारतीय यूज़र्स के लिए फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव को परिभाषित करने की ओर रियलमी का अब तक का सबसे साहसी कदम है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''रियलमी जीटी 7 सीरीज़ के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। यह केवल सर्वोच्च विशेषताओं के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के बारे में है, जिसमें आज के युवाओं की पसंद के अनुरूप जबरदस्त पॉवर, इंटैलिजेंस और क्राफ्ट्समैनशिप हो। एस्टन मार्टिन फॉर्मूला वन टीम के साथ मिलकर बनाए गए हमारे ड्रीम एडिशन से लेकर एआई प्लानर और आईस सेंस ग्रेफीन कूलिंग जैसे इनोवेशंस तक हमने हर पहलू में अपनी सीमाओं को बढ़ाया है। जीटी 7 सीरीज़ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम अनुभव पूरे जनसमूह तक पहुँचाने के हमारे सफर में एक साहसी कदम है, ताकि सभी लोग आसानी से शानदार परफॉर्मेंस प्राप्त कर सकें।''

## क्या आपको पीसीओएस है?

### विशेषज्ञों ने बताये नाश्ते के आसान और सेहतमंद आइडिया, ताकि दिन की हो बेहतर शुरुआत

**कानपुर।** भारत समेत दुनियाभर की महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओव्हरी सिंड्रोम पीसीओएस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पीसीओएस के कारण हॉर्मोन में असंतुलन होता है, जिससे पूरी सेहत, मेटाबोलिज़्म और वजन पर असर पड़ता है। ऐसे में जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार शरीर को न केवल ऊर्जा देता है, बल्कि लंबे समय तक स्वास्थ्य को भी संबल प्रदान करता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रोज़ाना के नाश्ते में बादाम जैसे मेवों को शामिल करना इस दिशा में एक असरदार कदम हो सकता है। बादाम शरीर को दिनभर स्थिर ऊर्जा देते हैं और पीसीओएस डाइट को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस विषय पर जानकारी साझा करते हुए मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार बताती हैं कि पीसीओएस से जूझ रही



महिलाओं के लिए ऐसे नाश्ते के विकल्प जरूरी हैं जो न केवल आसान और पौष्टिक हों, बल्कि व्यस्त सुबह के लिए भी उपयुक्त हों। उनका मानना है कि आहार में पौष्टिकता और स्वाद का संतुलन होना चाहिए। ऋतिका के अनुसार, साबुत अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां और बादाम जैसे तत्व हार्मोन संतुलन बनाए रखने, वजन नियंत्रित करने और समग्र स्वास्थ्य सुधारने में सहायक होते हैं। ऋतिका समद्दार ने कुछ ऐसे पौष्टिक और सुविधाजनक नाश्तों के सुझाव दिए हैं, जिन्हें अपनी पसंद और ज़रूरत के मुताबिक आसानी से बदला भी जा सकता है। आलमंड एण्ड ओट मिल्क ब्रेकफास्ट स्मूदी÷ यह एक ऐसा हेल्दी ड्रिंक है, जो बादाम और ओट्स के पोषण से भरपूर मिश्रण से तैयार होता है। इसमें 15 से भी अधिक जरूरी पोषक तत्व होते हैं और यह जरूरी वसा, प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है। सुबह के समय इसे पीने से न केवल ब्लड शुगर संतुलित रहता है, बल्कि पूरे दिन शरीर को लगातार ऊर्जा भी मिलती रहती है। इसमें एक चम्मच बीजों का पाउडर मिलाने से इसका पोषण और बढ़ जाता है। दूध की जगह बादाम के दूध का इस्तेमाल इस स्मूदी को हल्का बनाता है और यह वजन नियंत्रण तथा इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। यह शरीर को दिनभर के लिए ताकत देने वाला एक सरल और पौष्टिक नाश्ता हो सकता है।

## लीजहोल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की प्रदेश के औद्योगिक संगठनों की सरकार से माँग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विकास एवं प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की असीम संभावनायें हैं, जिसके लिए प्रदेश में उद्योगों का विकास तीव्र गति से होना आवश्यक है। इस विकास की गति में एक बाधक कारक प्रदेश के उद्योगों को सरकार द्वारा लीज पर दी गई भूमि है।

औद्योगिक भूमि के लीज होल्ड होने से उद्यमियों को अपने उद्योग में छोटे से छोटे कार्य के लिए यूपीसीडा का अथवा उद्योग निदेशालय से अनुमति लेने के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं जिसके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं-

-यदि उद्यमी को अपने उद्योग में कोई नया उत्पाद बनाना है

-बैंक लिमिट में बदलाव करना है या बैंक बदलना है

-अपने उद्योग को Blood Relation में हस्तांतरित करना हो

-उद्योग की भूमि एवं भवन किराये पर देने हों,अथवा भूमि का अमल्गमेशन या सेपरेशन करना हो इस प्रक्रिया में कई बार उद्यमि भ्रष्टाचार का भी शिकार बन जाते है इसके अतिरिक्त इन अनुमतियों को जारी करने की प्रक्रिया में यूपीसीडा अथवा उद्योग निदेशालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का भी बहुमूल्य समय नष्ट होता है। उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशनएवं प्रदेश के अन्य औद्योगिक संगठन (A-20) लंबे समय से प्रदेश सरकार से मांग कर रहेहैं कि प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड इस शर्त के साथ कर दिया जाए कि इसका भू-उपयोग केवल औद्योगिक ही रहे। व अन्य किसी प्रयोजन के लिए उपयोग न हो जब तक सरकार का इस संबंध में कोई अन्य आदेश जारी ना होतथा जो इकाइयाँ एक निश्चित समय से उत्पादन में हैं उनको ही फ्री होल्ड किया जाए।

# मात्र 38 किलो वजनी 28 साल की महिला का कानपुर स्थित पारस हेल्थ में दुर्लभ हार्ट सर्जरी की गई

**कानपुर।** पारस हेल्थ, कानपुर ने अपनी मेडिकल विशेषज्ञता और दयालु देखभाल का शानदार उदाहरण पेश करते हुए 28 साल की सना परवीन की जान बचाने वाली एक जटिल हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक की है। सना का वजन सिर्फ 38 किलो था और वह बहुत कमजोर थीं। उन्हें दिल के वाल्व में रिसाव (लीकिंग माइट्रल वाल्व), कार्डियक कैशेक्सिया, एट्रियल फिब्रिलेशन और कई अन्य गंभीर समस्याएँ थीं। कई अस्पतालों ने उनका इलाज करने से मना कर दिया था, लेकिन आखिरकार सना और उनके परिवार को पारस हेल्थ में सहारा मिला। यहाँ उन्हें गरीब मरीजों के लिए चलाए जा रहे सपोर्ट प्रोग्राम के तहत समय पर इलाज और सहायता मिली।



सना बहुत गंभीर हालत में अस्पताल पहुँची। उन्हें बहुत कमजोरी, सांस लेने में दिक्कत, शरीर में सूजन और दिल की सही तरह से काम न करने के लक्षण थे। दिल की बीमारी के कारण उनका वजन बहुत कम हो गया था। इस समस्या को कार्डियक कैशेक्सिया कहा जाता है। इससे इलाज में कई मुश्किलें थीं, जैसे ऑपरेशन के बाद लंबे समय तक वेंटिलेटर की जरूरत, धीरे-धीरे ठीक होना, और सर्जरी के दौरान या बाद में मशीनों की मदद लेने की संभावना आदि।

पारस हेल्थ, कानपुर में कार्डियक और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. मनोज अग्नि ने कहा÷ यह एक बहुत ही जटिल मामला था। मरीज की मांसपेशियां बहुत कमजोर हो गई थीं, सांस लेने की क्षमता कम थी और दिल भी बड़ा हो गया था, जिससे यह सर्जरी बहुत जोखिम भरी थी। लेकिन समय पर इलाज शुरू करने और हमारे ट्रस्टियों के सहयोग से हम आगे बढ़ सके। आज सना को ठीक होता देखना बहुत सुकून देने वाला है।

सर्जरी टीम ने अस्पताल में पहली बार माइट्रल वाल्व बदलने की सर्जरी पूरी तरह टीईई तकनीक की मदद से की, जो एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि है। टीईई ने ऑपरेशन के दौरान रीयल टाइम में दिल की स्थिति देखने में मदद की, जिससे डॉक्टर यह तय कर सके कि ट्राइकस्पिड वॉल्व की खराबी (जो मध्यम से गंभीर थी) का इलाज किया जाए या उसे वैसे ही छोड़ दिया जाए। इस तकनीक ने यह भी सुनिश्चित किया कि नया वाल्व ठीक से काम कर रहा है और सर्जरी के दौरान दिल में हवा न रहे।

खराब हो चुके माइट्रल वाल्व को हटाकर उसकी जगह एक मशीनी वाल्व लगाया गया, और दिल के एक हिस्से (लेफ्ट एट्रियल अपेंडेज) को बंद किया गया ताकि भविष्य में खून के थक्के बनकर शरीर में जाने का खतरा कम हो सके। सर्जरी के बाद मरीज को वेंटिलेटर से सफलतापूर्वक हटाया गया और वह ठीक हालत में अस्पताल से छुट्टी पा गईं। छुट्टी के दो हफ्ते बाद पहली जांच में उनकी सेहत में सुधार के अच्छे संकेत दिखे।

## साउंड ऑफ स्पीड: स्टिंग एनर्जी, पेप्सिको की एनर्जी ड्रिंक ने फॉर्मूला 1 के साथ ट्रैक पर रखा कदम

**कानपुर।** पेप्सिको की इलेक्ट्रिफाइंग एनर्जी ड्रिंक स्टिंग एनर्जी ने ऑफिशियल एनर्जी ड्रिंक पार्टनर के तौर पर आधिकारिक रूप से फॉर्मूला 1 की तेजी से दौड़ती दुनिया में कदम रख दिया है। आधिकारिक घोषणा से पहले ही यह साझेदारी फैन्स के बीच चर्चा की विषय बन गई थी। इस चर्चा का आधार बनी वायरल हुई एक खास आवाज। यह आवाज ट्रैक से लेकर स्क्रीन्स तक, दुनियाभर मेंहर जगह छाई हुई है।

फॉर्मूला 1 जैसे स्पोर्ट में प्रशंसक हर छोटी से छोटी बात पर ध्यान देते हैं। इन्हीं बारीकियों के बीच स्टिंग एनर्जी ने इस स्पोर्ट के सबसे खास पहलू यानी आवाज (साउंड) के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। 23 मई, 2025 को विश्व विख्यात डीजे एवं प्रोड्यूसर आरमिन वैन बुरेन ने एक चौंकाने वाली खोज करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने साउंड ऑफ स्टिंग (स्टिंग की आवाज) पर ध्यान दिलाया, जो एफ1 इंजन की




आवाज से मेल खाती है। रेस रिकॉर्डिंग से ऑडियो लेयर को आइसोलेट करते हुए आरमिन ने इसकी म्यूजिक की खास आवाज और इंजन पिच के बीच विशेष समानता का अनुभव किया। उनकी पोस्ट ने दुनियाभर में फैन्स, क्रिएटर्स और यहां तक कि एफ1 के दिग्गजों को भी आकर्षित किया। इसी के साथ चर्चा का विषय बन गई स्टिंग एनर्जी। स्टिंग एनर्जी ने फॉर्मूला 1 से पहले से किसी जुड़ाव के बिना ही फैन्स के बीच अपनी पहचान कायम कर दी।

इस खास खोज को लेकर प्रतिष्ठित डीजे एवं रिकॉर्ड प्रोड्यूसर आरमिन वैन बुरेन ने कहा, मैं एफ1 का पुराना प्रशंसक रहा हूं।

# समस्याओं को गंभीरता से निस्तारण करें अधिकारी : जिलाधिकारी

## जनता दर्शन में डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने सुनी लोगों की फरियाद

अवधनामा ब्यूरो



जनता दर्शन में लोगों की फरियाद सुनते डीएम

**कुशीनगर।** बुधवार को जनता दर्शन में आए जन समस्याओं को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तवंर गम्भीरता से सुना। जन समस्याएं सुनने के दौरान उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष या सीधे तौर पर निर्देशित भी करते रहे।

उन्होने कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उनका निस्तारण शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए। जनता की समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से समस्याओं को गंभीरता पूर्ण सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जनता दर्शन में आए प्रतियों की समस्या का समाधान करने हेतु हम सभी दृढ़ संकल्पित है। उन्होने विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार करे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम राय, प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव तथा अन्य जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ग्राम सचिवालयों में आवश्यक अभिलेख होंगे उपलब्ध, बढ़ेगी सुविधा : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



- कार्मिकों को मिलेगा स्मार्ट चिप क्यू आर कोड आधारित पहचान पत्र
- ब्लॉक तथा जिला स्तर पर पंचायत सहायकों के लिए आयोजित होगी कार्यशाला

**कुशीनगर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में पंचायत सहायक, ग्रामीण सफाईकर्मी एवं आशा संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। सभी कार्मिकों का स्मार्ट चिप आई डी बनाने, पंचायत सहायकों हेतु कार्यशाला आयोजित कराने, वेतन तथा प्रोत्साहन धनराशि समय से पहले देने, सफाई कर्मियो को सफाई किट वितरण करने, ग्राम सचिवालयों में आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने एवं डिलीवरी प्वाइंट्स या सीएचसी/पीएचसी पर आई आकस्मिक रात्रि ठहराव हेतु आशा डोरमेट्री बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने बैठक दौरान सभी कार्मिकों में समान रूप से सफाई किट न वितरण करने, वेतन में विलंब होने तथा विभिन्न स्तर पर संबद्ध कार्मिकों, निवास स्थल से इतर पोस्टिंग, कूड़ा एकत्र करने के लिए ई कार्ट के संचालन हेतु ड्राइवरों की संख्या अभि भी कम होने, वेतन स्लिप ऑनलाइन न जारी हो पाने के बारे में अवगत कराया। पंचायत सहायक संघ के पदाधिकारियों ने मोबाइल रिचार्ज, वेतन भुगतान में देरी व विगत माह से लंबित वेतन के बारे में, कार्मिकों हेतु पहचान पत्र निर्गत न करने पर विकट समस्याओं का सामान करने, ग्राम सचिवालय पंचायत भवन पर शासन की मंशानुरूप आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न होने की समस्याओं से अवगत कराया। आशा कार्यकत्रियों ने सभी डिलीवरी प्वाइंट्स पर अकस्मात की स्थिति में रात्रि ठहराव या विश्राम हेतु किसी भी सीएचसी या पीएचसी में डोरमेट्री या विश्रामालय न होने के बारे में अवगत कराया। जिसपर जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी आशा बहनों के लिए डिलीवरी प्वाइंट्स पर अकस्मात की स्थिति में रात्रि ठहराव या विश्राम हेतु एक कक्ष आरक्षित करें जिससे उन्हें भी सुविधायुक्त किया जा सकें। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन धनराशि भी दिए जाए। सभी सफाई कार्मिकों की पोस्टिंग निवास स्थान को ध्यान में रखते हुए किया जाए, समानुपात रूप से सफाई कार्मिकों की पोस्टिंग की जाए उन्हें सफाई किट भी निश्चित समयांतराल पर समान रूप से वितरण किया जाए, सभी कार्मिकों को स्मार्ट चिप क्यूं आर कोड आधारित पहचान पत्र भी बनाने की कार्यवाही करें। जिससे उन्हें कार्य करने में आसानी हो सकें, मानव संपदा के माध्यम ई सैलरी कोड को जोड़ने को कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जिससे कि ऑनलाइन सैलरी स्लिप निर्गत हो सकें। विगत माह से लंबित पंचायत सहायकों के वेतन भुगतान की कार्यवाही भी विधि रूप से की जाए। पंचायत सहायकों को ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी देने के लिए मास्टर ट्रेनर के माध्यम से ट्रेनिंग या कार्यशाला ब्लॉक या जिले स्तर पर आयोजित किया जाए।

# ईंट भट्ठे पर चौकीदार के ऊपर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मौत, चालक पर मुकदमा

## मठिया उर्फ अकटहां गांव के समीप एक ईंट भट्ठे का मामला

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया उर्फ अकटहां गांव के समीप मंगलवार की देर शाम एक ईट भट्ठे के चौकीदार पर उसी ईट भट्ठे का ट्रैक्टर ट्राली पलट गया जिसमें दबकर उसकी मौत हो गई। परिजनों के तहरीर पर पुलिस चालक के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर (फरदहां) निवासी मृतक अमेरिका पटेल के भाई राजेंद्र पटेल पुत्र स्व रामदेव पटेल ने बुधवार को कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर जिक्र किया है कि मेरा भाई स्व अमेरिका उम्र 60 वर्ष मठिया उर्फ अकटहां गांव के समीप बोस मार्का ईट भट्ठे पर चौकीदार के रूप में काम करते है। मंगलवार की देर शाम इसी ईट भट्ठे का ट्रैक्टर ट्राली अचानक कार्य करने के दौरान इनके ऊपर पलट गया जिसमें दबकर अमेरिका की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज चंद्रभूषण प्रजापति ने कहा कि उक्त प्रकरण में चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई है।

# दबंगों द्वारा किया जा रहा ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के कमालपुर आवांडीह में ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगणों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे की शिकायत ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी सचिन यादव से की है। मामले को संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर जांच कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव को दिए गए शिकायती पत्र में सियाराम पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम कमालपुर आवांडीह ने कहा है कि गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगणों रमेश पुत्र रामकिशन, बृजमोहन पुत्र सत्रोहन द्वारा ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन गाटा संख्या 347 पर दबंग प्रतिपक्षीगणों द्वारा एक राय होकर सरहंगी के दम से उपरोक्त भूमि पर अवैध रूप से खूंटा गाड़कर व दीवाल बनाकर जबरन कब्जा किया जा रहा है।

# माहवारी में स्वच्छता अपनाएं किशोरियां, रहेंगी स्वस्थ : डॉ राजेश

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेश मद्धेशिया

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर चार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किशोरियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित माहवारी प्रबंधन की जानकारी देना था। जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर राजेश मद्धेशिया ने संबोधित करते हुए कहा कि माहवारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए हर वर्ष 28 मई को अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि माहवारी एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता न रखने से संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बताया कि पहली कंडीशन अगर शादी शुदा महिलाओं का पीरियड 3 महीना तक नहीं आता है और बच्चा नहीं ठहरता है तो समझ लीजिए कोई बीमारी है। जहां से अंडा बनता है वहां पर गांठ बनना शुरू हो जाता है और समय पर इलाज नहीं होने पर कैंसर का रूप लेना शुरू कर देता है। डॉ रागिनी मिश्रा द्वारा माहवारी स्वच्छता में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए जैसे अगर पैड इस्तेमाल करते हैं तो 4 से 6 घंटे तक उसे यूज करना चाहिए। कपड़ा या पैड इस्तेमाल करने से पहले और बाद में हाथ को साबुन से अच्छे से धुलना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन रूबी गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सहायता राशि अब 1 लाख

**रायबरेली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सृष्टि अवस्थी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शासनादेश में अवक्रमित करते हुए सामूहिक विवाह योजना का क्रियान्वयन किये जाने हेतु शासनादेश द्वारा निर्गत किया गया है।

जिसमें धनराशि रू0 51 हजार से बढ़ाकर धनराशि रु0 1 लाख (कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी स्थापना हेतु सहायता राशि रु0 60 हजार वैवाहिक उपहार सामग्री हेतु धनराशि रु0 25 हजार एवं कार्यक्रम आयोजन हेतु रु0 15 हजार) प्रति जोड़ा व्यय किये जाने का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाइन पोर्टल संचालित है।

# बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता पर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता पर अभद्रता, मारपीट और के मामले में कसया पुलिस ने जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। कसया थाना क्षेत्र के करमैनी प्रेमवलिया निवासी रामाश्रय कन्नौजिया ने थानाध्यक्ष कसया को तहरीर देकर बताया कि 25 मई को दिन में दो बजे विधायक कुशीनगर पी एन पाठक अध्या में ड्रेन की सफाई के शुभारंभ के लिए आए थे। मैं भी खबर कवर करने गया था। कार्यक्रम समाप्ति के बाद मौके पर मौजूद बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता महेश कुमार सिंह से कार्य के बाबत जानकारी प्राप्त करनी चाही, जिसपर वह भड़क गए। बताने पर कि वह पत्रकार है। उन्होंने मेरा प्रेस कार्ड मांगा और लेकर फाड़ दिया और जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने कहे। कहा कि तुम नकली पत्रकार हो, तुम्हारी यहां बैठने की हिम्मत कैसे हुई। उनके इशारे पर वह और उनके कर्मचारी मुझे पीटने लगे। हमले में मेरा दो दांत टूट गया और गम्भीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मैने कुशीनगर विधायक को भी दे दिया है। पत्रकार के साथ मारपीट को लेकर जनपद के पत्रकारों में काफी आक्रोश है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष कुशीनगर हृदया नन्द शर्मा ने घटना की निंदा करते हुए पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। इस संबंध में पुलिस मु.अ.सं 0370/2025 के तहत 115 (2), 117 (2), 351 (3), 352 बीएनएस 2023 और अजा, जजा नृशंसता निवारण अधिनियम 3(1) द, 3(1) घ दर्ज कर लिया है।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति की मौत

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहिरौली बगरादेउर मार्ग पर सड़क दुघर्टना में एक अधेड़ की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के छपिया टोला रामनगर निवासी रामप्रताप सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष बुधवार लगभग 2-30 बजे अहिरौली बाजार से डीजल लेकर साईकिल पर सवार होकर घर जा रहे थे। अभी वह अहिरौली बगरादेउर मार्ग पर स्थित मुन्डेरा बाबू गांव के समीप अज्ञात वाहन ठोकर मार दिया जिसमें रामप्रताप गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस के माध्यम से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच ले गए जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी गई।

# पर्यावरण सुरक्षा, बागबानी, योगासन के साथ साइबर सुरक्षा पर केंद्रित रहा आठवें दिन का समर कैम्प



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश पर सभी उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में चलाए जा रहे हैं। समर कैंप के दूसरे सप्ताह में बच्चों ने पर्यावरण सुरक्षा एवं बागवानी सुरक्षित करने के तौर तरीक सीख रहे हैं। बुधवार को कंपोजिट विद्यालय रणवीर नगर के साथ हारीपुर के बच्चों ने पर्यावरण सुरक्षित करने के लिए परिसर में लगाए गए पौधों को सुरक्षित करने के लिए निराई गुड़ाई किया। शिक्षकों ने बच्चों बागवानी तैयार करने के तरीके सिखाए। इस अवसर पर प्रशिक्षक ललित कुमार, सर्वेश कृष्ण यादव, अरुण तिवारी, हरिपाल, अनिल कुमार ने बच्चों को योगासन के बाद पर्यावरण सुरक्षित करने की अपील की। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में समर कैंप में प्रार्थना सभा के बाद बच्चों को प्रतिदिन योगासन और व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम सत्र में प्रशिक्षिका लालती देवी ने बच्चों को अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखना सिखाया। प्रशिक्षक कौशलेंद्र सिंह ने बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। अज्ञात फोन पर किसी को भी अपने विषय में और बैंक खाते आदि के बारे में कोई जानकारी न दें। ओटीपी मांगने पर किसी को कुछ भी न बताएं। इं प्र अ संजीव कुमार ने बच्चों को हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी। प्रार्थना पत्र लिखने के तरीके बताए। अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखाए। नाश्ते के रूप में बच्चों को केला वितरित किया गया।

# वांछित महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली पुलिस महराजगंज में गोवध निवारण अधिनियम में वांछित चल रही महिला अभियुक्त को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चले कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अंतर्गत महराजगंज कोतवाली पुलिस ने आज दिनांक 28 मई दिन बुधवार को महराजगंज पुलिस टीम द्वारा कोतवाली महराजगंज में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 99/2025 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित महिला अभियुक्त गुलफ्सा पत्नी शाह आलम उर्फ धोनी निवासी गंगागंज थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को महराजगंज कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक रोहित कुमार आरक्षी पिंटू यादव, महिला आरक्षी सुलोचना सिंह, महिला आरक्षी मंजूलता, व होमगार्ड रामप्रताप सिंह द्वारा झलिहा का पुरवा बछरावां मार्ग के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट को चोट पहुंचाने वाले लोगों से सावधान रहे बहुजन समाज : राम सजीवन कोरी

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/जामों।** भटपुरवा में बुधवार को श्री गया जगन्नाथ के दर्शनोपरांत प्रेमा देवी और उनके परिवार के लोगों की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सीओ बुलंदशहर राम करन और शिक्षक राज बरन ने समाज के लोगों और अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। वीरांगना झलकारी बाई कोरी जागृति मंच के जिला संयोजक? राम सजीवन कोरी मंझवारा ने इस पर खासी आपत्ति जताई और कहा कि सी ओ राम करन का परिवार बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की ओर से प्रदत्त आरक्षण और भारतीय संविधान की बदौलत सरकारी सेवा में आगे बढ़ा है। सी ओ राम करन का परिवार बौद्ध संस्कृति से पूरी तरह दूर है और मूलनिवासियों और कोरी समाज को गुलाम और लाचार बनाने वाली सनातन संस्कृति का संरक्षण कर रहा है। बड़ी संख्या में प्रशासन और सरकार के अंग बने लोग पढ़ें लिखे लोग आज भी बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट को चोट पहुंचा रहे हैं। ऐसे लोगों से बहुजन समाज को हमेशा सावधान रहना चाहिए। चौधरी सिद्ध नाथ, चौधरी जगन्नाथ, हौसिला प्रसाद, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष देवी शरण कनौजिया, सतगुरु प्रसाद, श्री राम, रामकुमार चौधरी, राजबख्श सिंह, बृजेश कुमार, रिफाकत हुसैन, राम मिलन भारती, विजय कुमार, राम हर्ष आदि मौजूद रहे।

# जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित थी रानी अहिल्याबाई होल्कर : दयाशंकर सिंह

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रि शताब्दी स्मृति अभियान के निमित्त जिला पंचायत सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार और संगठन दोनों स्तर पर यह कार्यक्रम पूरे देश में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का नेतृत्व उस समय प्राप्त हुआ था जब देश पर अंग्रेजों का बहुत प्रभाव था। उन्होंने सैकड़ों मंदिरों, धार्मिक स्थलों तथा सार्वजनिक हित में अनेकों तालाबों, बावड़ियों का निर्माण कराया। जिस विश्व प्रसिद्ध बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार रानी अहिल्या बाई होल्कर ने कराया उस महारानी की प्रतिमा की स्थापना प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर में करा कर उन्हें उचित सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि न्याय, आध्यात्मिकता, और समाज की सेवा ही उनकी जीवनचर्या थी। युद्ध कौशल में अत्यंत निपुण अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सुरक्षा के लिए महिलाओं की एक सेना भी तैयार किया था। हमारी संस्कृति और सभ्यता को रानी अहिल्याबाई होल्कर ने संरक्षित और सुरक्षित करने का कार्य बड़ी ही कुशलता के साथ किया। उनके जीवन से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# देश में चल रहा नागरिक को प्रजा बनाने का सरकारी षड्यंत्र




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/जायस।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर नैना रिसार्ट बहादुरपुर में संविधान बचाओ अभियान के अन्तर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने वर्तमान सरकार पर भारतीय संविधान को परिवर्तित करने और भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने तानाशाही शासन व्यवस्था लाने के आरोप लगाए और भारतीय संविधान को गांव गांव घर घर पहुंचाकर आम जनता को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने के संदेश दिए।

संगोष्ठी में आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में से बीस फीसदी से अधिक लोग कार्यक्रम के प्रति बिल्कुल गंभीर नहीं रहे,ऐसा लगा जैसे पिकनिक मनाने आए हों। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने भाषण के दौरान ऐसे सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं की खिंचाई की और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल को लापरवाह कार्यकर्ताओं को ठीक करने अथवा पद मुक्त करने के निर्देश दिए। संगोष्ठी में भारतीय संविधान के बारे में विस्तृत चर्चा को जिला कांग्रेस कमेटी ने एस सी, ओबीसी और मुस्लिम वर्ग के कई बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को विशेषज्ञ के तौर पर बुलाया था। संगोष्ठी के आरम्भ में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान एक कानूनी दस्तावेज नहीं हमारे अधिकारों और स्वतंत्रता का रक्षक है। वरिष्ठ पत्रकार सिद्दार्थ ने कहा कि स्वतंत्रता के पूर्व हम भारत के लोग ब्रिटिश की महारानी की प्रजा हुआ करते थे। संविधान ने हमें प्रजा से नागरिक बनाने का काम किया,आज नागरिक से प्रजा बनाने का षड्यंत्र चल रहा है। भारत की ताकत क्षीण हुई है। दुनिया का कोई देश हमारे साथ खड़ा होने को तैयार नहीं है। युवा शक्ति बेरोज़गारी के उस मुहाने पर खड़ी है, जहां विस्फोट की स्थिति बनी हुई है।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए होगा किसान चौपाल

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया की जिला बैठक भाजपा कार्यालय औरा-चौरी पर आयोजीत हुई, जिसमे किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी/मण्डल अध्यक्ष/मण्डल महामंत्री ने भाग लिया। जिला बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय ने कहा कि किसान मोर्चा जून माह में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सभी विधानसभाओं में किसान चौपाल का आयोजन करेगा, सभी कार्यकर्ता इसको सफल बनाने के लिए मनोयोग से लगे। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि एक राष्ट्र-एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए आयोजित होने वाले विधानसभावार चौपाल के लिये सभी पदाधिकारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा किसान चौपाल को सफल बनाने के लिये सभी विधानसभाओं में संयोजक बनाये गए है। संचालन जिला महामंत्री भगवान यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप हृदयालाल शर्मा, मुकेश राय, नीरज शाही बैरौना, अरुण मिश्र, सत्येन्द्र सिंह सोनू, बलवन्त सिंह, मिथिला यादव, प्रभुनाथ पाण्डेय, जवाहर मिश्र, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक तिवारी, सर्वजीत यादव, सुशील सिंह, सुब्रत सिंह, देवेंद्र राय, सुमन्त चतूर्वेदी, वीरेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

# बकायेदारों की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 02 को

**रायबरेली।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार मो0 अहमद कुरेशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी उतरपारा (बेलाभेला), जगरूप पुत्र रामऔतार निवासी चन्दईरघुनाथपुर, नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रासेहता एवं श्री छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी अनंत मजरे मरदानपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 02 जून 2025 समय प्रातः 10रू00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है।

# महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सदस्य, राज्य महिला आयोग, ऋतु शाही की अध्यक्षता में आज वीवीआईपी गेस्ट हाउस, निरीक्षण भवन के मीटिंग हॉल में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम, समीक्षा बैठक तथा महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान मा. सदस्य ने सभी विभागीय अधिकारियों से महिला कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कुल 27 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 07 प्रकरण घरेलू हिंसा से संबंधित थे, जबकि 01 प्रकरण विद्युत संयोजन से जुड़ा हुआ था। इन 08 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, 10 प्रकरणों में काउंसलिंग की आवश्यकता पाए जाने पर वन स्टॉप सेंटर को निर्देशित किया गया कि वे पीड़ित महिलाओं की समुचित काउंसलिंग कर मामलों का समाधान सुनिश्चित करें। शेष 09 प्रकरणों को संबंधित थानों को अग्रसारित करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि, क्षेत्राधिकारी देवरिया, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, एबीएसए देवरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। वन स्टॉप सेंटर से प्रबंधक नीतू भारती एवं मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल भी मौजूद थीं। कार्यक्रम के उपरांत ऋतु शाही ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बरहज का निरीक्षण भी किया तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

# महात्मा गांधी को गाली देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने किया अरेस्ट

■ ऐसे लोगों पर पुलिस प्रशासन गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर करे कठोर कार्रवाही, अन्यथा होगा बड़ा आंदोलनः अभिषेक

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ अंबेडकर व विशेष समुदाय को गाली देने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसको लेकर कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। बताया जाता है कि वायरल वीडियो गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इटकौली गांव के रहने वाले राजेंद्र कुमार शर्मा उर्फ राजू नामक व्यक्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर व विशेष समुदाय पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर रहा था, जिसकी वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेसियों ने इसकी कड़ी आलोचना की उसके बाद गोसाईगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। वायरल वीडियो की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को बरतानिया हुकूमत से आजाद कराया और जिन्होंने देश को संविधान दिया आज उनको अपमानित किया जा रहा है। सुनने में आ रहा है कि वायरल वीडियो गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इटकौली गांव का है जिसमें राजेन्द्र शर्मा नाम का व्यक्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर और विशेष समुदाय को गाली देते देखा जा रहा है। श्री राणा ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाही की जाय, जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने की हिमाकत न कर सके, ऐसे लोग समाज में सिर्फ नफरत घोलने का काम करते हैं। कांग्रेस हमेशा मोहब्बत आपसी भाईचारे की बात करती है। वही बताया जा रहा है कि इटकौली गांव निवासी राजेंद्र कुमार शर्मा उर्फ राजू गिरफ्तार कर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत लिया है।

# चालक आधे रास्ते मे करते है बेज्जत

■ झांसा देकर प्राइवेट वाहन बैठाते है लखनऊ के लिए सवारियां ,मनमाफिक पैसा न देने पर हर स्तर तक जाते

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सावधान ! अगर आप पयागीपुर चौराहे या फिर अमहट चौराहे से थोड़ा सुकुन पाने के चक्कर मे अगर प्राइवेट अर्टिगा वालो के झांसे मे आकर लखनऊ तक सफर करने जा रहे है तो होशियार हो जाइए। ये अर्टिगा चालक आपको कम पैसे का लालच देकर लखनऊ तक का सफर कम समय मे पूरा करने की बात करते है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है, ये चालक सवारिया बैठाने के बाद बीच रास्ते मनमाफिक किराया वसूलते है, अगर सवारियां मनमाफिक किराया देने मे आना कानी करती है, तो इनका ड्राइवरो का पूरा कुनबा इकट्ठा हो जाता है, फिर ये सवारियो से गाली गलौज के साथ साथ मारपीट तक आ जाते है ।

जिसके चलते सवारियां इनके आगे बेबस हो जाती है और मुहमांगी रकम देनी पड जाती है।ताजा मामला है दूबेपुर ब्लॉक निवासी के साथ का। ब्लॉक निवासी व दूबेपुर के पूर्व प्रधान अरविन्द वर्मा ने बताया की उनके एक रिश्तेदार का लखनऊ मे आपरेशन होना है, परिजन अमहट से प्राइवेट अर्टिगा से लखनऊ निकले उस समय 200 रूपए प्रति सवारी के हिसाब से तय हुआ, आरोप के मुताबिक बीच रास्ते मे पूर्व प्रधान के परिजनो से 250 रूपए की मांग वाहन चालक द्वारा की जाने लगी, विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट तक की धमकी अर्टिगा चालक द्वारा दी जाने लगी। फिलहाल राहगीरो व स्थानीय लोगो के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। पूर्व प्रधान अरविन्द वर्मा ने कहा लखनऊ से वापस आकर जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मामले की शिकायत होगी।

# उद्योग बन्धु बैठक उद्यमियों के क्षेत्र में होगा यथोचित समाधान : जिलाधिकारी

■ फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए उत्साहिता दिखे उद्यमी



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** उद्योग बन्धु समिति की बैठक का आयोजन कलैक्टेउेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में किया गया, जिलाधिकारी ने इस बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों से अपील की कि युवा उद्यमी योजना में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को आवेदन करायें, साथ ही साथ आप सब इस योजना से जुडने हेतु युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करें, जिससे जनपद के युवाओं को न केवल रोजगार की प्राप्ति होगी, अपितु जनपद से उनका पलायन भी रूकेगा, उपस्थित समस्त उद्यमियों ने ओ0डी0ओ0पी0 में फूड प्रोसेसिंग को शामिल किये जाने के जिलाधिकारी के द्वारा किये गये प्रयासों के लिए उन्हे धन्यवाद अर्पित किया, उपस्थित सभी उद्यमी फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए उत्साहित दिखें, साथ ही जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया की उद्यमियों को जी0डी0पी0 ग्रोथ में अग्रणी भूमिका होती है, इसलिए आप सब इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनको किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो, औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत की निर्वाध आपूर्ति हो, वहां पानी का जमाव न हो, सड़कें पूरी तरीके से दुरूस्त हो, इस बैठक के दौरान उद्यमियों ने बताया कि मीरा चौराहा से लेकर लालऊ रोड फिरोजाबाद तक खराब स्ट्रीट लाइटें सही कराते हुए कम से कम 20 लाइटों की व्यवस्था कराई जाए। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां 18 लाइटों में केवल 7 स्ट्रीट लाइटें सही है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्थायें तुरंत ठीक करायें, जिसमें विलम्ब न हो, उद्यमियों ने जिलाधिकारी से अपील की कि क्रिटिकल फण्ड से ककरऊ कोठी से जिला कारागार तक 60 नग स्ट्रीट लाइटों को पुनः लगवाने का कार्य प्रारम्भ करायें, जिस पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत गया कि ककरऊ कोठी से जिला कारागार तक क्रिटीकल फण्ड से लगाई गयी समस्त एल0ई0डी0 लाइटें क्रियाशील है, जिलाधिकारी ने कहा कि अगर इस फण्ड से और भी लाइटों की जरूरत होगी तो इस पर अवश्य विचार किया जाएगा, जिलाधिकारी ने कहा कि अब से उद्योग बन्धु की बैठक उद्यमियों के क्षेत्र में हुआ करेगी, जिससे उनकी समस्याऐं और उभर कर सामने आ सके, जिलाधिकारी ने कहा आप सब केवल समस्याऐं न बतायें उनका समाधान खोजने का प्रयास करें तभी किसी बैठक की सार्थकता सिद्ध होगी, इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, उपायुक्त उद्योग संध्या, बीएसए, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी एवं समस्त उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।

# दो स्थानों पर लगे शुद्ध पेयजल आरओ प्लांट




अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर निगम ने नागरिकों को राहत देने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। शहर के सुभाष चौराहा और कचहरी परिसर में राहगीरों के लिए शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आरओ प्लांट लगाए गए। इन नव-स्थापित आरओ प्लांट का उद्घाटन नगर की महापौर अर्चना वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल एक जनसुविधा है, बल्कि नगर निगम की जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का प्रतीक भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन प्लांट्स के माध्यम से शहरवासी और राहगीर गर्मी के मौसम में सुरक्षित व शुद्ध जल प्राप्त कर सकेंगे।नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर नागरिकों से जल संरक्षण की अपील की। उन्होंने कहा,जल ही जीवन है और हर बूंद कीमती है। हमें न केवल जल का सदुपयोग करना चाहिए बल्कि इसके संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, विभिन्न जनप्रतिनिधि और शहर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नगर निगम की इस पहल की सराहना की और इसे गर्मी के मौसम में एक जनहितकारी निर्णय बताया। नगर निगम की यह पहल आम जनता को राहत देने के साथ-साथ जागरूकता का संदेश भी दे रही है कि जल की महत्ता को समझें और इसे बचाने में अपना योगदान दें।

# स्वच्छता दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस ने महिलाओं को वितरित किए सैनिटरी पैड

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, शाहजहांपुर ने विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर मोहल्ला गदियाना स्थित नव ज्योति चिकित्सालय मै मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखने के लिए सभी महिलाओं को सैनिटरी पैड एवं स्वच्छता संबंधित कुछ आवश्यक सामग्री वितरित कर जागरूकता अभियान का शुभ आरम्भ किया इस अवसर पर डॉ अंशिता गुप्ता जी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को पूरी दुनिया में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। 2014 में जर्मन के वॉश यूनाइटेड नाम के एक एनजीओ ने इस दिन को मनाने की शुरुआत की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य है लड़कियों और महिलाओं को महीने के उन 4-5 दिन यानी मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखने के लिए जागरूक करना। तारीख भी 28 ही इसलिए चुनी गई क्योंकि आमतौर पर महिलाओं के मासिक धर्म 28 दिनों के भीतर आते हैं और पीरियड्स साइकल 28 दिनों की होता है, रेड क्रॉस सचिव डॉ विजय जौहरी जी ने बताया कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य है कि महिलाओं और लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की जाए और इस बारे में खुलकर बात करने को प्रोत्साहित किया जाए। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिन मनाया जाता है। पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ रेनू श्रीवास्तव ने बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालनाऱ्यह दिन महिलाओं की भलाई और गरिमा के लिए मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालता है। सही मासिक धर्म स्वच्छता विधियों को बढ़ावा देनाऱ्यह दिन सही मासिक धर्म स्वच्छता विधियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है और उनका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मासिक धर्म के बारे में जानकारी को बढ़ावा देनाऱ्यह दिन शरीर, मासिक धर्म चक्र, और प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी को बढ़ावा देता है। मासिक धर्म से जुड़े उत्पादों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना यह दिन खास तौर पर कम आय वाले समुदायों को मासिक धर्म से जुड़े उत्पादों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करता है। जागरूकता बढ़ानाऱ्यह दिन मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। रेड क्रॉस सचिव डॉ विजय जौहरी ने बताया कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा के विशेष सहयोग से जनपद में ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है जो कि सराहनीय है।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश

**फिरोजाबाद।** जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर वर्मा ने बताया कि जनपद में जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रत्येक माह बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी फिरोजाबाद की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सदस्य संयोजक की उपस्थिति में उपरोक्त जिला स्तरीय अधिकारियों, के साथ माह अप्रैल 2025 की नशीली दवाओं के सेवन /नशे के विरूद्ध अभियान नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन सेन्टर (एनसीओआरडी) सम्बन्धी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 30.05.2025 को समय 05:00 बजे अपरान्ह में आयोजित की गयी है। बैठक में उक्त के सम्बन्ध में अपने-अपने विभाग द्वारा कृत कार्यवाहियों की सूचना /फोटोग्राफ सहित बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की मनायी 300वीं जयन्ती



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिला पंचायत कार्यालय फिरोजाबाद के सभाकक्ष में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती समारोह आयोजित किया गया। लोकमाता के चित्र पर समस्त जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती निहारिका वर्मा प्रधान बसई मौहम्मदपुर के द्वारा की गई। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण प्रमुख के साथ-साथ समस्त विकास खण्डों से आये हुये प्रधानगण उपस्थित रहे। जिनमें सरगवां ग्राम पंचायत के पप्पू सिंह, ग्राम पंचायत गाजीपुर से आशीष कुमार, ग्राम पंचायत खेड़ा गनेशपुर से धर्मेन्द्र कुशवाह, ग्राम पंचायत लालई से जीवन सिंह आदि अनेक प्रधानगण उपस्थित थे। लक्ष्मी नरायण प्रमुख द्वारा विस्तार से रानी अहिल्याबाई होल्कर की संघर्षशील गाथा के विषय में बताया गया। उन्होने इन्हे नारीशक्ति का प्रेरणा श्रोत बताया। साथ ही वक्ताओं में, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, परियोजना निदेशक, लेखाधिकारी (जिला पंचायत), जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत हाथवन्त, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, के द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुये लोक माता रानी अहिल्यावाई होल्कर के जीवन इतिहास, उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# निषाद पार्टी प्रदेश की चौथी सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी हैः डॉ. संजय

**कार्यकर्ताओं का न टूटे मनोबल इस बार भी निषाद पार्टी स्वतंत्र रूप से लड़ेगी पंचायत चुनाव**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय कुमार निषाद के वक्तव्य अनुसार निषाद पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पूरी सक्रियता से भाग लेगी और निषाद बाहुल्य क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इस पार्टी का बीजेपी से गठबंधन था, है और रहेगा, किंतु स्थानीय चुनावों में सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा गठबंधन भाजपा से 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान हुआ था। इसके बाद भी निषाद पार्टी ने राज्य में हुए त्रिस्तरीय चुनावों में निषाद समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रत्याशी उतारे। कई ज़िलों में हमारे प्रत्याशी भारी मतों से जीतकर ज़िला पंचायत सदस्य और बीडीसी बने। इसने गठबंधन की भावना को कभी ठेस नहीं पहुँचाई। 2022 के विधानसभा चुनाव में हमें गठबंधन के तहत 15 सीटें मिलीं, जिनमें से 11 पर हमारे प्रत्याशी विजयी हुए। यह दर्शाता है कि निषाद पार्टी प्रदेश की चौथी सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। गठबंधन के समय हमने कुछ स्पष्ट माँगें रखी थीं जिसने मछुआ समाज को अनुसूचित जाति आरक्षण प्रदान किया जाए,निषाद पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सरकार और संगठन में उचित समायोजन हो गठबंधन के बाद कुछ माँगों पर सकारात्मक कार्यवाही हुई, किंतु दो सबसे अहम मुद्दे आरक्षण और कार्यकर्ताओं के समायोजन पर अब तक ठोस निर्णय नहीं हुआ है। ये दोनों मुद्दे निषाद समाज की आकांक्षाओं से जुड़े हुए हैं, और निषाद पार्टी इन्हें लेकर अपने समाज के प्रति जवाबदेह है। त्रिस्तरीय चुनाव के संदर्भ में हमारी नीति दो टूक है जैसे निषाद पार्टी ज़िला पंचायत सदस्य और बीडीसी चुनाव अपने प्रत्याशियों से लड़ेगी। चुनाव परिणाम के बाद ज़िला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पद के



लिए भाजपा को समर्थन देगी।

हमारी पार्टी दूसरी पार्टियों की आलोचना नहीं करती। हमारा उद्देश्य है कि हम अपनी विचारधारा मुद्दों और समाज के साथ किए गए वादों पर चुनाव लड़ें और विजय प्राप्त करें। निषाद समाज और कार्यकर्ताओं को पार्टी से अपेक्षाएँ हैं और हम उन अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। पूरे प्रदेश में निषाद समाज के युवाओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी का पूरा समर्थन मिलेगा। हम जनता के बीच जाकर अपने मुद्दों को मुखरता से रखेंगे और समाज से मिले जनादेश को अपने गठबंधन दलों के साथ साझा करेंगे। पार्टी आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निषाद बाहुल्य क्षेत्रों में पूरी मज़बूती से अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह चुनाव पार्टी के लिए केवल जन प्रतिनिधित्व का नहीं बल्कि संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं के सम्मान का भी विषय है। हमारा मानना है कि पार्टी का विस्तार गाँव से ही संभव है और भारत एक गाँवों का देश है। ऐसे में निषाद पार्टी हर गाँव में अपने विचार नीति और संगठन को मजबूत करना चाहती है। त्रिस्तरीय चुनावों में हमारे कार्यकर्ता और समाज के युवा वर्षों से पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं, कई कार्यकर्ता वर्षों से संघर्षरत हैं और उन्हें ज़िला पंचायत या क्षेत्र पंचायत में नेतृत्व करने की आकांक्षा है। अगर हम हर चुनाव में गठबंधन के नाम पर पीछे हटते रहे, तो यह कार्यकर्ताओं के हक़ और भविष्य दोनों के साथ अन्याय होगा। इससे न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटेगा बल्कि संगठनात्मक मज़बूती भी प्रभावित होगी। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि बीजेपी से गठबंधन था है और रहेगा, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पिछला त्रिस्तरीय चुनाव भी हमने स्वतंत्र रूप से लड़ा था और इस बार भी पार्टी स्वतंत्र रूप से लड़ेगी। हमारी पार्टी का उद्देश्य किसी दूसरे दल की आलोचना करना नहीं है, बल्कि अपने समाज की आवाज़ बनना है। हम मछुआ समाज के आरक्षण, कार्यकर्ताओं के समायोजन और समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी जैसे मुद्दों को लेकर हमेशा संघर्षरत रहे हैं और रहेंगे। निषाद पार्टी की रगों में मछुआ समाज का खून बहता है और समाज ने हमें जिस भरोसे और उम्मीद के साथ आगे बढ़ाया है, हम उस भरोसे को टूटने नहीं देंगे। निषाद पार्टी आने वाले चुनावों में जन-जन के बीच जाएगी अपने मुद्दों को मुखर करेगी और जो जनादेश आएगा उसे अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ साझा करेगी।

## दो वांछित पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास में वाँछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद मे अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में 26.02.2025 को हाथबन्त चौराहा पर अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की नियत से मारपीट की गई थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/25 धारा 115(2)/118 (1)/ 52/351(2)/117(2) /109(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण सत्यभान पुत्र मायाराम, रामवीर पुत्र माताप्रसाद निवासीगण कस्बा व थाना खैरगढ़ जनपद फीरोजाबाद को अभियुक्तगण के मसकन के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# रामायणकालीन महर्षि के नाम पर आयोजित प्रदर्शनी में उमड़ रही है भीड़



■ बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी हो रहे हैं मनोरंजन से अभिभूत

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बाँदा शहर में इन दिनों आयोजित मनोरंजन प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह प्रदर्शनी न केवल बच्चों के लिए उत्साह और रोमांच का केंद्र है, बल्कि बड़ों के लिए भी खरीदारी और मनोरंजन का बेहतरीन अवसर लेकर आई है।प्रदर्शनी में बच्चों के लिए विशेष झूलों की व्यवस्था की गई है जिनमें ज्वाइंट व्हील, ड्रैगन व्हील, नाव झूला और ब्रेक डांस जैसे झूले शामिल हैं। बच्चे पूरे जोश के साथ इनका लुत्फ उठा रहे हैं और माता-पिता भी बच्चों की खुशी देखकर आनंदित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, परिवारों के लिए कपड़े, घरेलू उपयोग की वस्तुएँ, सजावटी सामान और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजें उचित दरों पर उपलब्ध हैं। दुकानदारों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर खरीदारी करने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस प्रदर्शनी की विशेष बात यह है कि इसका नाम बाँदा की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत से जुड़ा हुआ है। प्रदर्शनी का नाम रामायणकालीन युग के एक प्रतिष्ठित महर्षि के नाम पर रखा गया है, जिससे यह आयोजन सांस्कृतिक गौरव का भी प्रतीक बन गया है। शहरवासियों का कहना है कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि मनोरंजन के साथ-साथ पारिवारिक मेलजोल और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिल सके।

# किशोरियों ने सीखी माहवारी स्वच्छता की बारीकियाँ

■ मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर मनोदशा से जुड़े पहलुओं पर हुआ संवाद

अवधनामा संवाददाता






**बहराइच।** जनपद के सभी उपकेन्द्रों पर मंगलवार को एक साथ मिलकर पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड बनाएं थीम पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रमों में किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता, भ्रांतियों और मानसिक स्वास्थ्य पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ममता फाउंडेशन और आगा खान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग किया।

तेजवापुर ब्लॉक के डूडैला उपकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में 'माहवारी लूडो' और 'भ्रांति क्रांति' जैसी नवाचारी खेल गतिविधियाँ आयोजित की गई। इसके ज़रिए किशोरियों ने मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ रोचक तरीके से सीखी। इन खेलों के माध्यम से उन्होंने हरी सब्जियाँ, मौसमी फल, दालें और गुड़ जैसे पौष्टिक आहार के फायदे भी सीखे। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाली किशोरियों को पुरस्कार भी दिए गए, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

**सुरक्षित उत्पादों पर ज़ोर-** स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने किशोरियों को माहवारी के दौरान उपयोग होने वाले उत्पादों के सुरक्षित इस्तेमाल, निस्तारण और पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में बताया। खासतौर पर दोबारा इस्तेमाल के लिए सूती कपड़े को धोकर धूप में सुखाने की सलाह दी गई।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने कहा कि सेनेटरी नैपकिन भी एक सुरक्षित और बेहतर विकल्प हैं। जो किशोरी सुरक्षा योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को सरकारी स्कूलों में मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, इसके लिए नोडल टीचर या प्रधानाचार्य से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ये नैपकिन स्थानीय मेडिकल स्टोर्स, जन औषधि केंद्रों और ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं। प्री-पीरियड डिस्फोरियाः चुपचाप झेलने की नहीं, समझने और साझा करने की जरूरत-

एसीएमओ डॉ संतोष राना ने किशोरियों में तेजी से उभर रही मानसिक स्थिति प्री-पीरियड डिस्फोरिया (पीरियड एंग्जायटी) की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि माहवारी से पहले कई किशोरियों में अवसाद, चिड़चिड़ापन, घबराहट, अनिद्रा और आत्मविश्वास में कमी जैसे लक्षण दिखते हैं, जो पीरियड शुरू होते ही खत्म हो जाते हैं। यह स्थिति प्रायः चिंतनशील या तनावग्रस्त किशोरियों में पाई जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि गंभीर लक्षण होने पर चिकित्सक परामर्श ज़रूरी है।

**समाज को चाहिए पीरियड-फ्रेंडली सोच-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि माहवारी से जुड़े भ्रम और संकोच दूर करना जरूरी है। इसके लिए हर गाँव, परिवार, स्कूल और कार्यस्थल को ऐसा पीरियड-फ्रेंडली माहौल देना होगा, जहाँ किशोरियाँ बिना झिझक बात कर सकें और आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकें।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देश के क्रम में बाल विवाह प्रतिषेध एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु महिलाओं एवं बालिकाओ को जागरूक करने हेतु बुधवार को महिला कल्याण विभाग शाहजहांपुर द्वारा विकास खंड मदनापुर के ग्राम पंचायत बरखेड़ा जयपाल व नगला बन्नू के पंचायत घर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से बाल विवाह , बाल श्रम, आदि की जानकारी दी गई। विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टाप सेंटर योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर शिवम पांडे द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना , चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098, एवं अन्य सभी टोल फ्री नंबर 112,1090,181,108,102 आदि टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई।

# नगर के जो आई सी के पास बनेगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

■ वाहन स्टैंड,चेयर मैन ने किया भूमि पूजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** मुख्यमन्त्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा जिलाधिकारी सुलतानपुर के माध्यम से जी.आई.सी. के पीछे वेन्डिंग जोन के पास रिक्त भूमि पर शापिंग काम्प्लेक्स सहित मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण कार्य लागत 10.05 करोड़ प्रस्तावित कर शासन को प्रेषित गया था।यह योजना मुख्यमन्त्री जी एवं नगर विकास मन्त्री द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए सी.एण्ड.डी.एस., उ.प्र. जल निगम (नगरीय) अयोध्या को कार्यदायी संस्था बनाया गया। जिसके संयोजन में दिनांक 28.05.2025 को इस ''मल्टीस्टोरी पार्किंग विथ शापिंग काम्प्लेक्स'' के निर्माण कार्य का श्री विनोद सिंह, विधायक विधानसभा सुलतानपुर द्वारा पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल व सभासदगण की गरिमामयी उपस्थिति में भूमि पूजन कर कार्यक्रम शुभारम्भ कराया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद सिंह ने कहा नगर पालिका अध्यक्ष व सभासद का प्रयास सराहनीय है, हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार नगर के विकास में सतत प्रयत्नशील है। पालिकाध्यक्ष ने इस योजना हेतु मुख्यमन्त्री, नगर विकास मन्त्री, क्षेत्रीय विधायक विनोद सिंह के सहयोग हेतु आभार एवं धन्यवाद दिया और बताया कि इस मल्टी स्टोरी पार्किंग व शापिंग काम्प्लेक्स के बनने से पालिका की न केवल आय बढ़ेगी, बल्कि नगर के चैक घण्टाघर व आस पास के बाजार क्षेत्र में वाहनों को खड़ा करने हेतु समुचित व्यवस्था न होने की समस्या का निराकरण होगा, जिससे आम जनमानस को काफी राहत मिलेगी व यातायात के संचालन में सड़क की पटरियों पर वाहनों को खड़ा करने से होने वाली समस्याओं से भी निजात मिलेगी, इसी प्रकार और भी योजनाएं प्रस्तावित हैं, जिससे नगर क्षेत्र का विकास किया जायेगा। इस अवसर पर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सभासद अखिलेश मिश्र, दिनेश चैरसिया, भैयादीप सिंह, संजय कप्तान, रमेश सिंह टिन्नू, मो. जाहिद, योगेश मिश्रा, विजय कुमार जायसवाल, अफजल अंसारी, गिरीश कुमार मिश्र, अरविन्द, प्रवीण मिश्र, अरूण कुमार तिवारी, मो. आरिफ, अरशद हबीब तथा अजय सिंह, मनीष जायसवाल, सन्दीप सोनकर, देवानन्द, सन्तोष चैधरी, मो. अहमद भाई, सन्दीप गुप्ता, मंगरू प्रसाद प्रजापति, सुधीर तिवारी, राजू पीको सहित भारी संख्या में स्थानीय जनमानस व गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश शर्मा ने किया।

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य । पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान 11 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य द्वारा मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया एवं उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष 10 प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तरण किया जाए। सदस्य ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं/शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी-बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और उनका मान-सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बहन-बेटियों के मान सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर का संचालन कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी महिला एवं बालिका के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बे-झिझक इन टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर शिकायत कर सकती है। यदि उनको समय से न्याय नही मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। ऐसे प्रकरणों पर निश्चित ही महिला आयोग से समस्या से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को न्याय मिलेगा। उन्होंने जिला अस्पताल एवं महिला अस्पताल में आरो ठीक कराने व साफ-सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजन द्वारा कैंप लगाने के निर्देश दिए, जिस पर दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त विकास खण्डों में कैंप लगाए जा रहे हैं एवं पात्रों को लाभ दिया जा रहा है साथ ही सदस्य ने कहा कि शादी अनुदान में दिव्यांग को आच्छादित किया जाए। उन्होंने ए0बी0एस0ए0 को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों के पंजीकरण की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा जनसुनवाई की बैठक के दौरान अधिकारी अपने पिछले कार्यो के बारे में अवश्य बताएं एवं लिखित में लेकर आए। उन्होंने अस्पताल में महिला की सुरक्षा को लेकर प्रश्न किया। उन्होंने कहा कि महिला अस्पताल में रात के समय सुरक्षा ज़रूरी है। उक्त अवसर पर सी0ओ0 जसवन्तनगर आयूषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, नायब तहसीलदार प्रीति सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

## विजय सिंह पथिक प्रारंभ से ही देशपरायण थे: डॉ. भवानीदीन

**हमीरपुर।** सुमेरपुर,देशपरायणो की देश के प्रति दीवानगी के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के बिजौलिया किसान आन्दोलन के सूत्रधार विजय पथिक की पुण्यतिथि 28 मई एवं मातृभूमि का एक महान सूरमा विनायक दामोदर सावरकर की जयंती 28 मई पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि विजय सिंह पथिक का मूल नाम भूपसिंह गुर्जर था, इनका जन्म 28 फरवरी 1882 को हमीरसिह और कमला कुंवारी के घर बुलन्दशहर के गुठावली कला गांव में जन्म हुआ था,ये प्रारम्भ से ही देशपरायण थे, इनका रासबिहारी बोस से परिचय हुआ,ये क्रांतिकारी हो गये

1915 में इन्होंने अपना नाम विजय सिंह पथिक रख लिया,ये किसान आन्दोनलनो तथा भील आन्दोलनो के नायक बन गये थे, इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, पांच वर्ष की जेल हुई, कोई वकील नहीं मिला, स्वयं पैरवी की ,पथिक जी ने सामाजिक कार्यो के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाई, कालांतर में आजाद भारत में 28 मई 1954 को इनका निधन हो गया, दामोदर वीर सावरकर की जयंती 28 मई पर भी संस्था अध्यक्ष ने आजादी के लिए उनके योगदान को याद किया।

# डीएम ने योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में की बैठक

**योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा तथा योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करें एवं योग के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कराया जाए एवं कार्यक्रम का समय 6 से 8 बजे तक निश्चित है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारत की परंपरागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।
जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह 15 जून से प्रारंभ होकर 21 जून तक मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए साफ सफाई, पेयजल, पार्किंग आदि सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण आयुष कवच ऐप पर व वेबसाइट यूपी आयुष सोसायटी डॉट कॉम पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर 21 जून को योग दिवस नुमाइश पंडाल में मनाया जाएगा साथी साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की योग दिवस का कार्यक्रम प्रत्येक दिन अलग-अलग जगहों पर कराया जाएगा वहां पर योगा ट्रेनर की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।
उन्होंने एडीआईओएस को निर्देशित करते हुए कहा कि योग दिवस का कार्यक्रम सभी विद्यालयों में अवश्य कराया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, सीओ सिटी राम गोपाल शर्मा , अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एल्डर्स कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला बार एसोसिएशन हमीरपुर की एल्डर्स कमेटी की बैठक आज अधिवक्ता भवन के विशेष कक्ष में जयकरन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।बैठक में शैलेंद्र कुमार सचान, महामंत्री बार एसोसिएशन, द्वारा 21 अप्रैल 2025 को दिए गए प्रार्थना पत्र पर चर्चा हुई। कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस संबंध में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को अवगत कराया जाए, पूर्व महामंत्री को नोटिस जारी किया जाए, और उनके अनुपालन न करने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए।इसके अतिरिक्त, भगवानदास दीक्षित एडवोकेट, अध्यक्ष, द्वारा 23 मई 2025 को दिए गए प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया कि जून माह में सिविल कोर्ट का एक माह का अवकाश होने के कारण अधिकांश अधिवक्ता बाहर चले जाते हैं, जिससे सदस्यता सूची तैयार करने में कठिनाई हो सकती है। इसलिए, सदस्यता सूची तैयार करने की समय सीमा 29 मई 2025 से 29 जून 2025 तक बढ़ाई गई। यह निर्देश दिया गया कि 30 जून 2025 तक बार का नवीनीकरण और सदस्यता सूची तैयार कर एल्डर्स कमेटी को सौंपी जाए, ताकि चुनाव शीघ्र संपन्न कराए जा सकें। कमेटी ने यह भी तय किया कि वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा 30 जून 2025 तक सदस्यता सूची उपलब्ध कराने पर चुनाव की तिथियां घोषित की जाएंगी।साथ ही, कमेटी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि सभी सदस्यों से अनुरोध किया जाए कि वे 30 जून 2025 की बैठक में उपस्थित हों, ताकि उनके बहुमूल्य सुझावों पर विचार किया जा सके।बैठक में जयकरन सिंह एडवोकेट (चेयरमैन, एल्डर्स कमेटी), नारायण सिंह एडवोकेट (सदस्य), क्रांति कुमार सिंह एडवोकेट (सदस्य), और जगदीश नारायण शर्मा एडवोकेट (सदस्य) उपस्थित रहे।यह बैठक बार एसोसिएशन के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने और आगामी चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## 28 वीं अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता का उद्घाटन

**इटावा।** कानपुर जोन की 28वीं अंतर्जनपदीय पुरूष एवं महिला पुलिस बैडमिंटन/टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया इस प्रतियोगिता में कानपुर जोन के 09 जनपद में इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फतेहगढ़, कन्नौज, जालौन, झांसी एवं ललितपुर की पुरूष एवं महिला पुलिस बैडमिंटन/टेबल टेनिस टीमों ने प्रतिभाग किया समस्त जनपदों की टीमों द्वारा मंचासीन मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक इटावा को मार्च पास्ट कर मान प्रणाम किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त टीमों को खेल भावना के प्रति संवेदनशील रहकर खेल खेलने के लिए संबोधित किया गया इसके उपरांत मुख्य अतिथि महोदय द्वारा ग्राउंड में पहुंचकर टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मुस्करा में नहर किनारे शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**अवधनामा संवाददाता**

**मुस्करा (हमीरपुर)** जनपद हमीरपुर के मुस्करा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसवारी के निकट नहर किनारे बीती रात एक शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुस्करा कोतवाली पुलिस ने शव को नहर से निकालकर कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 9-50 बजे ग्राम बसवारी के पास नहर में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त ग्रामीणों की मदद से की, जिसकी पहचान बसवारी निवासी खरीश कुमार (45 वर्ष), पुत्र हरि सिंह राजपूत, के रूप में हुई। मृतक के पिता हरि सिंह और पुत्र सचिन ने पुलिस को बताया कि खरीश शराब पीने के आदी थे। उन्होंने बताया कि 26 मई की रात 9-00 बजे सचिन से उनकी बात हुई थी, जिसमें खरीश ने सुबह घर लौटने की बात कही थी। जब वह सुबह नहीं लौटे, तो परिजनों



ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों के अनुसार, खरीश अक्सर बिना बताए घर से चले जाया करते थे और कुछ समय बाद लौट आते थे।पुलिस की प्रारंभिक जांच में मौत का कारण नहर में डूबना प्रतीत होता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए शव को विच्छेदन गृह भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारण की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल, पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

## आज से शर्तों के साथ इटावा सफारी पार्क खोला जायेगा

**इटावा।** एवियन इन्फ्लूएंजा के दृष्टिगत विगत 15 दिनों से सफारी पार्क को उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में बंद किया गया था।वन कर्मियों द्वारा सफारी क्षेत्र में गहन निरीक्षण एवं सेनेटाइजेशन का कार्य निरन्तर रूप से किया जा रहा है।वर्तमान में सफारी पार्क में वास कर रहे वन्यजीवों में किसी भी वन्यजीव को बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं है और गश्त के दौरान किसी भी प्रकार के वन्यजीव या पक्षी की बर्ड फ्लू से मृत्यु की सूचना नहीं है।इस सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रधान मुख्य वन संरक्षक,वन्यजीव,उत्तर प्रदेश को प्रेषित करते हुए सफारी पार्क को पुनःखोले जाने का अनुरोध किया गया।उनसे प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 29.05.2025 से प्रातः 06.30 बजे पर्यटको हेतु निम्न शर्तो के साथ इटावा सफारी पार्क खोला जा रहा है1.प्रवेश द्वार पर पर्यटकों की थर्मल स्कैनिंग की जाएगी। 2.प्रवेष द्वार पर पर्यटकों के गाड़ियों को टायर वाथ तथा पैदल पर्यटकों को फुटवाथ से होकर गुजरना होगा। 3.सफारी वाहन के अंदर किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री ले जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। पकड़े जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद पुलिस की कार्यशाला

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों व मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख बाजारों,कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है।इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच व बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं व बालिकाओं को बताया गया कि बस,रास्तों व सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफआईआर के लिए जागरुक किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

**पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं**

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. अनीता गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई आयोजित कर महिला उत्पीड़न से संबंधित समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकांश विभिन्न थानों से संबंधित थीं। डॉ. गुप्ता ने इन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। जनसुनवाई में महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। डॉ. गुप्ता ने 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), और 102 (स्वास्थ्य सेवा) जैसी आपातकालीन सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के बाद डॉ. गुप्ता ने आंगनवाड़ी केंद्रों, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुछेछा, महिला जिला चिकित्सालय, और जेल में महिला बैरक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि महिलाओं को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कार की टक्कर ने वॉर्निंग वॉकर की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** हमीरपुर-राठ स्टेट हाईवे पर बुधवार सुबह वॉर्निंग वॉक पर निकले वॉकर को तेज रफ्तार कार टक्कर मारते हुए निकल गई। कार में पांच लोग सवार थे। मौके पर पहुंची कुछेछा चौकी पुलिस ने घायल को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। इससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के कलौलीतीर गांव निवासी 45 वर्षीय अतुल रोज की तरह सवेरे हमीरपुर-स्टेट हाईवे पर मॉर्निंग वॉक पर निकला था। तभी उसे कीरतपुर नहर के आगे ललपुरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार टक्कर मारते हुए निकल गई। इससे अतुल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब तक ग्रामीणों का भी जमावड़ा लग गया। आनन-फानन में अतुल को उठाकर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# भीषण उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों हाहाकार

**अवधनामा संवाददाता**

**कुरारा/हमीरपुर।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार 20 से 22 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा करती है वहीं धरातल पर विद्युत व्यवस्था धड़ाम हो चुकी है।नवतपा की भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है जहां इन दिनों आसमान से आग बरसने से लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए हैं तो वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते बिजली आपूर्ति न मिलने से ग्रामीण इलाकों में लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कुरारा विकाश क्षेत्र के कुसमरा गांव में स्थित विद्युत उप केन्द्र सफेद हांथी साबित हो रहा है उप केन्द्र के अंतर्गत आने वाले गांवों पतारा, झलोखर, कनौटा , गिमुहा, रिठौरा, नेठी सही दर्जन भर के लगभग गांवों की बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है अघोषित कटौती और कर्मियों द्वारा निजी कार्यो से लिए जा रहे बेतहाशा शट डाउन के चलते दिन में कई कई घंटों तक आपूर्ति बाधित रहने से लोग परेशान हैं वहीं विद्युत कर्मियों की लचर कार्यशैली से सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है।झलोखर निवासी फूल सिंह, कालका, मनोज, राजेश आदि ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर होते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है 5 से 10 मिनट की सप्लाई आने के बाद घंटों के लिए बिजली काट दी जाती यही क्रिया पूरे दिन चलती रहती है पतारा गांव निवासी रामकिशोर, राकेश, सुरेन्द्र, लालाराम आदि ने बताया कि भीषण गर्मी में दिन भर बिजली न आने से बच्चे और बूढ़े गर्मी से बेहाल हो जाते हैं कुसमरा स्थित पावर हाउस में फोन मिलाने पर या तो मोबाइल बंद होता है या कवरेज क्षेत्र के बाहर बताता है अगर कभी बात हो भी जाए तो कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। कनौटा निवासी प्रदीप, चंद्रशेखर, वीरेन्द्र आदि ने बताया कि पिछले एक माह से विद्युत आपूर्ति निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है छोटा सा फॉल्ट आ जाने पर कई कई घंटों तक बिजली की सप्लाई बंद रहती है जिससे पीने के पानी की भी किल्लत हो जाती है विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद व्यवस्था जस की तस है जिससे लोगों में खासा आक्रोश है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से विद्युत आपूर्ति ठीक करने की गुहार लगाई है।बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर बिजली व्यवस्था हेतु सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में कई उप विद्युत केंद्रों की स्थापना की थी पर विभागीय कार्मियों की उदासीनता और लचर कार्यशैली से के चलते बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है।

## शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के दफ्तर पर गरजे डीएलएड अभ्यर्थी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** एलनगंज स्थित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के दफ्तर के बाहर सैकड़ों डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी धरने पर बैठे हैं। अभ्यर्थी बेसिक शिक्षा विभाग में लगभग दो लाख खाली पदों पर भर्ती की मांग कर रहे हैं। धरने में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण डीएलएड और बीटीसी प्रशिक्षित अभ्यर्थी शामिल हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिला अभ्यर्थियों ने भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे रजत सिंह ने कहा कि यह आर-पार की लड़ाई है। अभ्यर्थी नौकरी का नोटिफिकेशन मिलने तक धरना स्थल से नहीं हटेंगे। धरना शुरू करने से पहले अभ्यर्थियों ने कोचिंग संस्थानों में जाकर समर्थन जुटाया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के चेयरमैन ने दफ्तर में पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे सरकार से नौकरी की मांग पर अडिग हैं।

# वीर सावरकर का पूरा जीवन त्याग का जीवन था: विनोद

**भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने जयंती पर कराई संगोष्ठी**

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के तत्वावधान में बुधवार को देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर जी एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर स्थित शाखा कार्यालय पर मनाई गई, जिसमें दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संचालक विनोद चंद्र पांडेय ने कहा कि वीर सावरकर जी का पूरा जीवन त्याग का जीवन है। उन्होंने अंडमान निकोबार की जेल में भयंकर से भयंकर यातनाएं सही, लेकिन जुल्मी गोरी सरकार के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने धर्मार्थ शाखा का इस बात के लिए साधुवाद किया कि उन्होंने वीर सावरकर जैसे महान क्रांतिकारी की याद में यह कार्यक्रम किया, आगे और बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर ऐसे वीर सेनानियों के जीवन से नई पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए। शाखा के वरिष्ठ सदस्य जगदीश सिंह यादव ने महाराणा प्रताप और उनके चेतक घोड़े की वीरोचित घटनाओं का जिक्र कर दोनों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संगोष्ठी में शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, शिवेंद्र यादव ने भी विचार प्रकट कर वीर सेनानियों को नमन किया। प्रखर गौड़ ने देशभक्ति का गीत सुनाया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता, वीर सावरकर तथा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पार्पण करके वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, घनश्याम तिवारी, आर डी त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन सुधीर मिश्र ने किया तथा आभार शाखा के कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा ने जताया। इस अवसर पर शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम, महिला संयोजिका सरिता चतुर्वेदी, एस एन दुबे, विनोद त्रिपाठी, राज नारायण चौधरी, उमेश सिंह चौहान, अरविंद पोरवाल, डा.जे के तिवारी, रमाकांत पाठक, राजीव पाठक, जितेंद्र शुक्ला, डा. प्रभाकर कटियार, डा.आदर्श राजौरे, अवधेश पचौरी, उमाकांत पाठक आदि मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मोटरसाइकिल चोरी, रिपोर्ट

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र के हाशिमपुर में बीती रात एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाशिमपुर निवासी विनीत भारतीय ने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब विनीत उठे तो मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोर साफ नजर आ रहा है। फुटेज में दिख रहा है कि चोर ने चालाकी से मोटरसाइकिल का लॉक खोला। फिर वह मौके से फरार हो गया। विनीत ने जॉर्ज टाउन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंपी है। फुटेज में चोर का चेहरा साफ दिख रहा है। पीड़ित ने पुलिस से चोर की जल्द गिरफ्तारी और मोटरसाइकिल की बरामदगी की मांग की है। इस घटना के बाद इलाके के लोग चिंतित हैं। वे क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# कृषक भाई भूमिशोधन से फसलों में लगने वाले कई रोगों से कर सकते हैं बचाव

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** खरीफ सीजन में फसलों की बुवाई से पहले भूमिशोधन एवं बीजशोधन करना आवश्यक है। कृषक भाई भूमिशोधन से फसलों में लगने वाले कई रोगों से बचाव कर सकते है। यह जानकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दी। उन्होंने आगे बताया कि भूमिशोधन के लिये ट्राइकोडर्मा या ब्यूवेरिया बैसियाना को 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से 70 से 80 किग्रा0 सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह तक छाया में जूट के बोरे से ढक कर रख देते है एवं उस पर पानी का छिड़काव करते रहते है। सम्पूर्ण मिश्रण में एक सप्ताह बाद हरे रंग का फंगस दिखायी देता है। इसके बाद इसे खेत में बिखेरकर जुताई कर देते है। इसमें फसलें जैसे धान, मक्का, अरहर, उर्द, मूंग एवं सब्जी की बुवाई कर सकते है। भूमिशोधन करने से धान में लगने वाला शीघ्र झुलसा रोग नहीं लगता है। इससे धान के उत्पादन में बढ़ोत्तरी होती है। वहीं अरहर, मसूर, मिर्च में उकठा रोग के प्रकोप में प्रभावी रोकथाम हो जाती है। जिस खेत में दीमक कीट का प्रकोप हो उसमें ब्यूवैरिया वैसियाना का प्रयोग भूमिशोधन के लिये करें। भूमिशोधन नीम की खली से भी 80-100 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करने पर सूत्रकृमि के दुष्प्रभाव से रोका जा सकता हैं। बीजशोधन कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 2.5 से 3 ग्राम प्रति किग्रा0 बीज की दर से अथवा ट्राइकोडर्मा बायोपेस्टीसाइड से 4 से 5 ग्राम प्रति किग्रा0 बीज की दर से किया जाता है। समस्त भूमिशोधन / बीजशोधन रसायन जनपद में विकासखण्ड स्तर पर पर्याप्त मात्रा में कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है। इन सभी पर लाभार्थी कृषकों को डी0बी0टी0 के माध्यम से 75 प्रतिशत अनुदान भी दिया जा रहा है। कृषक भाई फसलों की बुवाई से पहले भूमिशोधन कर फसलों में रोगों से होने वाले नुकसान को काफी हद तक सीमित कर सकते है।

इसके अतिरिक्त कृषक भाई अपनी फसल में कीट/रोग समस्या के निदान हेतु फसलों में रोगग्रस्त पौधों की फोंटो खींचकर मो0नं0 9452247111 एवं 9452257111 पर भेंजे और 24-48 घण्टे के अन्दर अपनी फसलों में लगने वाले कीट/रोग/व्याधि से निदान पायें।


# मुख्यमंत्री ने किया राजल नीति का विमोचन

अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** शहर के युवा लेखक राजल की नई पुस्तक राजल नीति लोकव्यवहार का विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया साथ ही साथ पुस्तक की सफलता के लिए आशीर्वाद स्वरुप शुभकामनायें भी दीं।

यह पुस्तक मुख्यतः बातचीत की कला, आत्मविश्वास बढ़ाने, सहयोग पाने और लोगों से बेहतर तालमेल विकसित करने के विषयों पर केंद्रित हैं। राजल नीति लोकव्यवहार का बांग्ला और पंजाबी संस्करण भी जल्द प्रकशित होगा। इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री द्वारा राजल नीति टाइम मैनेजमेंट पुस्तक का विमोचन हुआ था जिसका अनुवाद हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, मराठी, गुजरती, ओड़िया, पंजाबी इत्यादि भाषाओं में हुआ था।

राजल ने विमोचन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रयास को अपने स्वर्गीय दादाजी राधेश्याम गुप्त को समर्पित किया,और बताया की वो जो कुछ भी हैं अपने स्वर्गीय दादाजी राधेश्याम गुप्त जी की वजह से हैं और उनकी यह सफलता उन्हें ही समर्पित है उनकी वजह से ही वो कक्षा 6 फेल और पढ़ाई छोड़ने से 9 डिग्री /सर्टिफिकेट की यात्रा तय कर पाए जिसमे एल. एल. बी, जर्नालिज्म, पी. जी. डी. बी. ए और बी लेवल जैसी 4 प्रोफेशनल डिग्रियां भी शामिल हैं। इसके साथ ही दादी कामिनी देवी गुप्ता के प्रति भी आभार व्यक्त किया। राजल ने यह भी कहा पुस्तक पाठकों के प्यार के बिना अधूरी है इसलिए पाठको के स्नेह के बिना यहाँ तक पहुंचना संभव नहीं था साथ ही साथ डायमंड बुक्स के निदेशक नरेन्द्र वर्मा के प्रति भी आभार व्यक्त किया। राजल अब तक 6 पुस्तकें लिख चुकें हैं जिनमे राजल नीति टाइम मैनेजमेंट, राजल नीति स्ट्रेस मैनेजमेंट और राजल नीति लोकव्यवहार प्रमुख है। राजल नीति पुस्तकों का विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला कर चुके हैं और उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति वेंकेया नायडू भी शुभकामनाएं दे चुकें हैं।




# विश्व माहवारी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता व विचार गोष्ठी आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

- आयोजन में मुख्य अतिथि ने कहा कि माहवारी नहीं होगी तो दुनिया में कोई नहीं होगा
- लेखन में सूची रावत ने प्रथम तो शबनम ने द्वितीय और सौम्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया
- गोष्ठी में अंकिता पटवा, सादर बेगम, सृष्टि और सुप्रिया ने व्यक्त किए बेहतरीन विचार

**लखनऊ।** विश्व माहवारी दिवस पर अलीगंज स्थित आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में निबंध प्रतियोगिता व विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य माहवारी से जुड़े स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। आयोजन में कई वक्ताओं से अपने अनुभव भी साझा किए।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में माटी कलाबोर्ड की वित्त एवं लेखा अधिकारी ईशिता भरद्वाज शामिल हुईं। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित करते कहा कि माहवारी नहीं होगी तो दुनिया में कोई नहीं होगा यानि हममें से कोई भी नहीं होगा। इसलिए इस पर खुलकर बात करिए। अभी आप लोग युवा हैं जितना बदलाव ला सकते हैं लाइए। उन्होंने कहा कि बिना स्त्री रोग विशेषज्ञ के राय के बगैर कोई भी दवा न खाएं। यथासंभव फ्रेगरेंस वाले पैड से दूर रहें क्योंकि उसमें केमिकल होता है और एक पैड को अधिकतम पांच घंटे ही इस्तेमाल करिए।विभा मिश्रा, निदेशक, श्वेत ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में सूची रावत प्रथम स्थान पर रही हैं। जबकि शबनम बानो ने द्वितीय और सौम्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं 'सेनेट्री पैड गांव व शहर में सस्ते उत्पाद की उपलब्धता व बाजारीकरण' पर विचार गोष्ठी भी हुई। इसमें बेहतरीन विचार रखने वाली अंकिता पटवा, सादर बेगम, सृष्टि यादव और सुप्रिया पटेल ने बेहतरीन विचार व्यक्त किए जिनको बाद में सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से की शिष्टाचार भेंट

# अम्बर फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, सम्मान और संस्कारों को समर्पित कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** तालीम, तहज़ीब और अदब की राजधानी लखनऊ आज एक नए गर्व का गवाह बनी, जब Amber Foundation ने "Excellence Recognition Ceremony" के ज़रिये न केवल प्रतिभा का सम्मान किया, बल्कि समाज में शिक्षा की असली अहमियत को बखूबी रेखांकित किया। इस समारोह में UP Board, CBSE एवं ICSE बोर्ड के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और समर्पण से अपने माता-पिता और समाज का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर पूर्व ज़िला न्यायाधीश सरवर हुसैन ने अपने संबोधन में फ़रमायः जो विद्यार्थी मूल्य-आधारित शिक्षा से जुड़ता है, वह न केवल अपने परिवार बल्कि राष्ट्र की बुनियाद को मज़बूती देता है। (AI) विशेषज्ञ अमित मिश्रा ने तकनीकी प्रगति और नैतिकता के संतुलन पर प्रकाश डालते हुए कह यदि हमारे युवा तकनीक को समझदारी और मूल्यबोध के साथ अपनाएं, तो भारत को वैश्विक नेतृत्व में अग्रणी बनने से कोई नहीं रोक सकता। समारोह को अमजद हुसैन , पूर्व संयुक्त निदेशक, सूचना विभाग, लखनऊ ने। उनका सान्निध्य आयोजकों व प्रतिभागियों दोनों के लिए अत्यंत सम्मान का विषय रहा। कार्यक्रम का संचालन शाजिया हसन ने भावनात्मक संवादों के साथ किया। उन्होंने न केवल समारोह को भावनाओं से जोड़ा, बल्कि विद्यार्थियों को अहसास दिलाया।



## विभिन्न जनपदों हेतु 01 अरब 69 करोड़ 32 लाख अवमुक्त

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य /प्रमुख/अन्य जिला मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत स्वीकृत विभिन्न जनपदों के 35 चालू कार्यों हेतु रू0 01 अरब 69 करोड़ 32 लाख 49 हजार की धनराशि का आवंटन किया गया है। इन 35 कार्यों में मथुरा के 03, गौतमबुद्धनगर, गोरखपुर व बलिया के 02-02, देवरिया, जालौन, कानपुर नगर, सीतापुर, महराजगंज, प्रयागराज, सहारनपुर, झांसी, बस्ती, रामपुर, चन्दौली, फतेहपुर, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अमेठी, अमरोहा, रायबरेली, बहराईच, गोण्डा, मेरठ, बुलन्दशहर, बांदा, मुजफ्फरनगर, जौनपुर, लखनऊ व श्रावस्ती के 01-01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि कार्य को हर हाल में ससमय पूर्ण करना और समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय।

# मत्स्य मंत्री ने विभिन्न विभागीय योजनाओं का किया लोकार्पण

- मत्स्य विभाग की चार हैचरियों का शिलान्यास
- सहकारी संघ द्वारा 1.65 करोड़ रूपये लाभांश राज्य सरकार को किया गया: डा0 संजय कुमार निषाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद जी द्वारा आज मत्स्य निदेशालय के मुख्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में रु0 29.94 लाख रूपये से कराए गए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण एवं मत्सय विकास निगम लि. के अधीन 04 हैचरियो गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या एवं अमेठी हैचरी की मत्स्य बीज उत्पादन क्षमता बढाने के हेतु कुल रू0 912.76 लाख की लागत से हैचरियो का जीर्णोद्धार/सुदृढ्ढ्रीकरण के कार्य का शिलान्यास किया गया। लोकार्पण के अवसर पर रमाकांत निषाद, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम लि0 लखनऊ, तथा वीरू साहनी, सभापति, मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के. रविन्द्र नायक प्रमुख सचिव, मत्स्य की गरिमामयी उपस्थिति में तथा राजेश प्रकाश, महानिदेशक मत्स्य एवं एन.एस रहमानी, निदेशक मत्स्य, पुनीत कुमार उप निदेशक मत्स्य, श्रीमती मोनिशा सिंह प्रबंध निदेशक उ.प्र. मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. एवं श्रीमती अंजना वर्मा मुख्य महाप्रबंधक मत्स्य विकास निगम लि. की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही विभाग द्वारा नदियों में मत्स्याखेट पट्टा एवं रिवर रैंचिंग की नदीवार एवं खण्डवार सूचना समयबद्ध रूप से संकलन, निगरानी एवं समीक्षा हेतु बनाए गए पोर्टल का उद्घाटन एवं मत्स्य पालकों को तकनीकी रूप से दक्ष किए जाने हेतु मत्स्य पालन एवं मत्स्य व्यवसाय से संबंधित विषयों पर विभाग द्वारा तैयार किए गए 15 विषयों की प्रशिक्षण पुस्तिका एवं मत्स्य विकास निगम लि. लखनऊ की पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में मछुआ समुदाय एवं मत्स्य पालकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान तथा मत्स्य उत्पादन बढ़ाने हेतु केंद्र सरकार के सहयोग से एवं राज्य सरकार द्वारा परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत मत्स्य पालन के साथ-साथ मात्स्यिकी से जुड़ी अन्य परियोजनाएं यथा-मत्स्य विपणन एवं मार्केटिंग, कोल्ड चेन, फिश फ़ीड मिल तथा प्रयोगशालाओ की स्थापना संबंधी अनेक परियोजनाएं संचालित हैं। राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत सहायतित मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना संचालित है। मत्स्य पालकों के सामाजिक सुरक्षा हेतु सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना एवं मत्स्य व्यवसाय हेतु कृषि की भांति मत्स्य पालन में निवेश हेतु किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## परिवर्तन चौक पर आयोजित भण्डारे का आयुष मंत्री ने किया शुभारम्भ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा0 दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज लखनऊ स्थित परिवर्तन चौक पर पाण्डेय ग्रुप ऑफ कम्पनीज द्वारा ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर आयोजित भंडारे का शुभारम्भ करते हुए प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की मंगलकामना की। डा0 दयालु ने कहा कि हनुमान जी की आराधना के लिए समर्पित ज्येष्ठ माह का दिन उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से राजधानी लखनऊ में विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। बड़ा मंगल उत्तर भारतीय लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। लखनऊ की धरती पर यह पर्व सामाजिक समरसता, सहयोग और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी समाज को शक्ति, भक्ति और सेवा का संदेश देते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, हनुमान जी के भक्तगण भण्डारे के प्रसाद को ग्रहण किया।

# केशव मौर्य ने वीर सावरकर को किया याद

**वीर सावरकर का बलिदान और साहस विकसित भारत के निर्माण मे पथ प्रदर्शक होगाः केशव प्रसाद मौर्य**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर प्रखर राष्ट्रवादी नेता, विश्लेषक, लेखक, समाज सुधारक विनायक दामोदर वीर सावरकर जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सावरकर जी एक व्यक्ति नहीं हैं, एक विचार हैं। एक चिनगारी नहीं हैं, एक अंगार हैं। सीमित नहीं हैं, एक विस्तार हैं। मन, वचन और कर्म में जैसा तादात्म्य (मेल-जोल), जैसी एकरूपता सावरकर जी ने अपने जीवन में प्रकट की, वो अनूठी है, अलौकिक है। उनका व्यक्तित्व, उनका कृतित्व, उनका वक्तृत्व और उनका कवित्व सावरकर जी के जीवन को ऐसा आयाम प्रदान करते हैं कि विश्व के इतिहास में हमेशा याद किए जाएंगे। जब-जब कोई पराधीनता के खिलाफ संघर्ष करेगा, अन्याय के विरुद्ध लड़ाई के मैदान में कूदेगा, जब-जब जीवन के बलिदान की बेला आएगी, जब-जब सर्वस्व का समर्पण करके खोयी हुई स्वाधीनता को प्राप्त करने का क्षण उपस्थित होगा, स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले संसार भर के लोग जब महापुरुषों का स्मरण करेंगे और स्मरण करने के बाद बलि की वेदी पर अपने जीवन का उत्सर्ग करने के लिए आगे बढ़ेंगे ,तो वीर सावरकर विश्व के उन महापुरुषों की मालिका में एक चमकते हुए दैदीप्यमान रत्न की तरह शोभायमान होंगे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने क्रांतिकारियों के मुकुटमणि, स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर जी की जयंती के अवसर पर उनके अद्वितीय बलिदान, राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं निर्भीक विचारों को स्मरण किया। कहा कि स्वतन्त्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान को युगों-युगों तक राष्ट्र कृतज्ञता के साथ स्मरण करता रहेगा। कहा कि उनका बलिदान और साहस विकसित भारत के निर्माण मे पथ प्रदर्शक होगा। वह भारत माता के सच्चे सपूत थे। देश उनके अदम्य साहस और संघर्ष को कभी नहीं भूलेगा।

## उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य कल मुरादाबाद व बरेली में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 29 मई 2025 को मुरादाबाद व बरेली में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे। मौर्य पूर्वान्ह 11 सर्किट हाउस मुरादाबाद मे जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे व विभागीय अधिकारियो के साथ बैठक करेंगे। पूर्वान्ह 11.35 बजे प्रकाशनगर चौराहा मुरादाबाद मे धर्म, नीति और लोककल्याण की प्रतिमूर्ति, नारी नेतृत्व, न्यायप्रियता एवं जनसेवा की अनुपम मिसाल लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति का अनावरण करेंगे। पूर्वान्ह 11.50 बजे पंचायत भवन सभागार मुरादाबाद में रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करेंगे। मुरादाबाद के कार्यक्रमो के पश्चात मुरादाबाद से बरेली जायेंगे। अपरान्ह 01.45 बजे सर्किट हाउस बरेली में जनप्रतिनिधियो से भेंट करेंगे, तदोपरान्त विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, उसके बाद अपरान्ह 2.30 बजे स्मार्ट सिटी आडीटोरियम बरेली मे रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करेंगे।

## ज़िल हिज्ज के चांद की तस्दीक हो गई है



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** इदारा ए शरइया फ़िरंगीमहल से मरकज़ी रूइयत ए हिलाल कमेटी फ़िरंगीमहल के अध्यक्ष मुफ़्ती अबुल इरफ़ान मोहम्मद नईम उल हलीम फ़िरंगीमहली क़ाज़ी शहर लखनऊ की जानिब से ऐलान किया जाता है किआज 29 शव्वाल मुकर्रम 1446 हि0 बतारीख़ 28 मई 2025 को इस्लामी बारवा महीना ज़िल हिज्ज़ के चांद की तस्दीक हो गई है। लिहाज़ा, 07 जून दिन शनिवार को ज़िल हिज्ज की पहली तारीख़ होगी।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया 30 मई से

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापक/प्रवक्ता (पुरूष/महिला) का वार्षिक स्थानान्तरण नीति के अन्तर्गत ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया 30 मई से प्रारंभ होगी। कार्यरत सहायक अध्यापक/प्रवक्ता (पुरूष/महिला) को मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से स्थानान्तरण हेतु 04 जून, 2025 तक आवेदन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का आवेदन पत्र ऑनलाइन ही सबमिट होगा, किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इच्छुक शिक्षकों को ऑनलाइन स्थानान्तरण प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात स्थानान्तरण आदेश मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से निर्गत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की सुविधा हेतु ई-मेल- था हेल्पलाइन नम्बर-9368636558 तथा 8317054632 पर कॉल या इसी नम्बर पर व्हाट्सएप (कार्यदिवस में समय 10:00 बजे से 5:00 बजे तक) उपलब्ध रहेगा। जिस पर वे अपनी समस्या के निराकरण हेतु संपर्क कर सकते हैं।

## देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विशेष आयोजन

**लखनऊ।** शासन के निर्देशानुसार देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में संस्थान में 23 मई से 31 मई 2025 तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि समारोह का शुभारंभ देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात उनके जीवन परिचय और उपलब्धियों पर चर्चा-परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों से देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर निबंध लिखवाया गया और समाज में उनके योगदान के बारे में बताया गया। देवी अहिल्याबाई होल्कर को एक महान भारतीय महिला शासिका के रूप में याद किया जा रहा है, जिन्होंने सेवाधर्म, न्याय और विकास के कार्यो से समाज को दिशा दी। प्रधानाचार्य यादव ने बताया कि इस श्रृंखला के तहत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समारोह का समापन 31 मई 2025 को विवेकानंद सभागार में क्षेत्रीय विधायक नीरज बोरा की गरिमामयी उपस्थिति में होगा।

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तटबंधों की निरंतर निगरानी की जाए : जलशक्ति मंत्री



अवधनामा ब्यूरो

- जलशक्ति मंत्री ने विभिन्न जिलों में भ्रमण, विभिन्न परियोजनाओं के स्थलीय निरीक्षण तथा आम जनमानस से मिले फीडबैक के उपरांत की समीक्षा बैठक
- सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय पर ही रहें
- आगामी वृक्षारोपण अभियान के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तटबंधों के स्थिति की निरंतर निगरानी की जाए। बाढ़ चौकियों पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी स्थिति पर निरंतर नजर रखें और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय पर ही रहें। जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल कार्यालयों तक सीमित न रहते हुए, फील्ड में जाकर स्वयं स्थिति का आकलन करें और स्थल पर ही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराएं। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश आज यहां सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।

उल्लेखनीय है कि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विगत कई दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण और विभिन्न परियोजनाओं के स्थलीय निरीक्षण तथा आम जनमानस से मिले फीडबैक के उपरांत आज विभागीय उच्च अधिकारियों और विभिन्न संगठनों के मुख्य अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत बाढ़ नियंत्रण, जल प्रबंधन तथा सिंचाई सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी समय से निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करा लें, निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# भाषा विवि के इतिहास विभाग में संग्रहालय का विस्तार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिष्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति, प्रो0 अजय तनेजा के कुशल मार्ग-दर्शन में विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में संग्रहालय का विस्तार हुआ। यह संग्रहालय उत्तर प्रदेश का संग्रहालय है, जिसका मुख्य विषय स्थानीय विशिष्ट संस्कृति, कला, इमारत तथा विशेष घटनाओं के साथ ही भारत तथा विश्व की अनमोल धरोहरों को सजीव रूप से चित्रित करना है। जहाँ एक ओर तीन पतिया शॉल धारण किये योगी की मूर्ति का चित्र अंकित है। वहीं दूसरी ओर अशोक काल का सिंह लॉट दिखता है अग्रिम पंक्ति में हम्पी कर्नाटक के ऐतिहासिक स्तम्भ और साथ ही चीन की दीवार से कुछ हिस्सों की झांकी भी चित्रित रूप में मिलती है, आगे बढ़ने पर साँची का स्तूप और भरहूत का अशोक लॉट अपनी ऐतिहासिकता को प्रदर्शित करते हुए सजीव मालूम पड़ते हैं।

अशोक कालीन बौद्ध स्मृतियाँ चित्र में सजीव हो उठती है, साथ ही नालंदा विश्वविद्यालय की कुछ झलकियाँ और संग्रहालय में चित्रदीर्घा के साथ भारत का संविधान, लोटस टेम्पल, विश्व के अजूबे, विभाजन विभिशिका की झलक और लौह पुरूष का विषाल चित्र संग्रहालय की गरिमा को और बढ़ा देता है। पुराने सिक्के, औज़ार और लुप्तप्राय वस्तुओं की प्रदर्शिनी भी संग्रहालय में समाहित है।

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में हुआ सुन्दरकाण्ड के साथ भण्डारे का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

- प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने किया प्रसाद वितरण, सूचना निदेशक विशाल सिंह रहे मौजूद

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ में पं0 दीनदयाल सूचना परिसर के प्रांगण में सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद द्वारा भण्डारे का शुभारम्भ करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की मंगलकामना की। इसके पहले निदेशक सूचना विशाल सिंह द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ किया गया। प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित होता है। यह पर्व सामाजिक समरसता, सहयोग और श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, जितेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र विजय वर्मा, परशुराम मौर्या, कपिल सिंह, पत्रकार एस पी सिंह, अब्दुल वहीद, राजेश शुक्ला, एम एम मोहसिन कई अन्य गणमान्य लोगों ने प्रसाद वितरण में भागीदारी की।